www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 30 सितंबर 2023 | वर्ष – 33 | अंक –152 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु





भाजपा शासन में अब बेटी होना अभिशाप : कांग्रेस — पृष्ठ 3

अभिमत ■ वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा — पृष्ठ 4

■ जी2 के दौरान बाइडेन की मेजबानी के लिए ब्लिंकन ने जयशंकर को दिया धन्यवाद — पृष्ठ 9

अदिति अशोक संयुक्त दूसरे स्थान पर भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर — पृष्ठ 10

## पॉक्सो मामलों में विधि आयोग की केंद्र को सलाह

# सहमति से संबंध की उम्र 18 वर्ष ही रहे

**नई दिल्ली**, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। बच्चों को यौन हिंसा से संरक्षित करने वाले कानून पॉक्सो एक्ट 2012 के विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल के बाद लॉ कमीशन ने अपनी रिपोर्ट कानून मंत्रालय को सौंप दी है। लॉ कमीशन की बैठक 27 सितम्बर को हुई थी। इसमें आयोग ने कानून की बुनियादी सख्ती बरकरार रखने की हिमायत की है। यानी आपसी सहमति से शारीरिक संबंध बनाने की न्यूनतम उम्र 18 साल बनाए रखने की बात कही गई है। पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

**अभिभावक हथियार की तरह कर रहे इस्तेमाल**

हालांकि, इसके दुरुपयोग से जुड़े मामलों को देखते हुए कुछ सेफगार्ड लगाए गए हैं। इस कानून के इस्तेमाल को लेकर कराए गए अध्ययनों से पता चला कि लड़कियों को मर्जी से विवाह करने के फैसले लेने के खिलाफ अभिभावक इसका इस्तेमाल हथियार की तरह कर रहे हैं। सहमति से संबंध रखने वाले कई युवकों को इस कानून का शिकार होना पड़ा है। ऐसे में मांग उठी थी कि, सहमति से संबंध रखने की उम्र घटाई जानी चाहिए।



■ विधि आयोग ने विभिन्न पहलुओं की गहन पड़ताल के बाद सरकार को सौंपी रिपोर्ट

■ पॉक्सो अधिनियम में संशोधन की आवश्यकता पर दिया जोर

**दोनों की उम्र में 3 साल या अधिक का अंतर तो अपराध ही माना जाए**

सूत्रों के अनुसार, जस्टिस ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाले लॉ कमीशन ने यौन संबंध बनाने वाले अवयस्कों के बीच सहमति के बावजूद इस बात पर गौर करने को कहा है कि दोनों की उम्र का अंतर अधिक न हो। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर उम्र का फासला 3 साल या उससे अधिक है तो इसे अपराध की श्रेणी में मानना चाहिए। इसमें कहा गया है कि ई-एफआईआर प्राथमिकी दर्ज करने में देरी के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे से निपटेगी और नागरिकों को वास्तविक समय (रियल टाइम) में अपराधों की रिपोर्ट करने की अनुमति देगी।

**ढील देने के बजाय बेजा इस्तेमाल रोका जाए**

आयोग ने उम्र के प्रावधान को 18 ही रखने की सिफारिश करते हुए रिपोर्ट में कई तरह की राहत और अपवाद रखने के सुझाव दिए हैं। अपवाद सामने रखते समय रिपोर्ट में सिफारिश की गई है कि इस तरह के मामलों में सहमति से संबध रखने वाले युवक-युवतियों का अतीत देखा जाए और उसके आधार पर तय किया जाए कि यह सहमति स्वैच्छिक थी या नहीं। उनके रिश्तों की मियाद क्या थी। आयोग के सूत्रों के अनुसार, मूल मकसद यह रखा गया है कि कानून में ढील देने के बजाय इसके बेजा इस्तेमाल को रोका जाए। इसके लिए हर मामले के आधार पर अदालतों को उनके विवेकाधिकार से निर्णय लेने का दायरा बढ़ाने की सिफारिश की गई है।

**एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार नहीं**

सूत्रों ने यह भी कहा कि विधि आयोग लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के लिए साझा मतदाता सूची सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार कर रहा है, ताकि लागत और मानव शक्ति के इस्तेमाल को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि एक साथ चुनाव कराने पर विधि आयोग की रिपोर्ट तैयार नहीं है, क्योंकि कुछ मुद्दों का निपटारा होना बाकी है। 2029 से राज्य और लोकसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए विभिन्न विधानसभा चुनावों को समन्वित करने के लिए न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी के नेतृत्व वाला आयोग ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

# महिला आरक्षण बिल बना कानून

**नई दिल्ली**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। हाल ही संसद के विशेष सत्र के दौरान पारित कराए गए महिला आरक्षण विधेयक (नारी शक्ति वंदन विधेयक) को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई है। इसके बाद सरकार ने इसको लेकर एक गजट अधिसूचना जारी कर दी है। यह विधेयक 20 सितम्बर को लोकसभा और 21 सितम्बर को राज्यसभा से पारित हुआ था। विधेयक पर हस्ताक्षर करने के बाद राष्ट्रपति ने कहा कि यह लैंगिक समानता के लिए हमारे समय का क्रांतिकारी कदम होगा। संविधान के मुताबिक, जब कोई विधेयक संसद से पारित हो जाता है तो उसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाता है। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद ही वह विधेयक कानून का रूप धारण कर पाता है। बता दें कि विधेयक के कानून बन जाने के बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण मिलने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि इसे लागू करने में अभी पेंच फंसा हुआ है। सरकार ने जहां कहा है कि यह कानून जनगणना और परिसीमन के बाद ही लागू हो पाएगा। वहीं विपक्ष ने एससी-एसटी की तरह ही विधेयक में ओबीसी महिलाओं के लिए भी कोटा में कोटा की मांग करके चुनावी साल में सरकार की परेशानी बढ़ा दी



■ राष्ट्रपति मुर्मू ने दी नारी शक्ति वंदन अधिनियम को मंजूरी

■ महिलाओं ने किए 33 फीसदी सीटें होंगी आरक्षित

■ नई जनगणना व परिसीमन के बाद लागू होगा आरक्षण

**15 साल तक रहेगा आरक्षण**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

### अमल में लाने के लिए पूरी करनी होंगी यह शर्तें

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गईं हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी।

## सार संक्षेप

### भारतीय सेना 400 हॉवित्जर तोप खरीदेगी

**नई दिल्ली।** सेना ने रक्षा मंत्रालय को 4 हॉवित्जर तोप खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर 6 हजार 5 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पूरी तरह से स्वदेशी इन तोपों का निर्माण डिफेंस रिसर्च एंड डेवलेपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने किया है। सेना से जुड़े एक सीनियर अफसर ने बताया कि, सरकार जल्द ही एक हाई लेवल बुलाने वाली है, जिसमें हॉवित्जर तोपों की खरीदी पर फैसला लिया जाएगा। यह तोप पुरानी तोपों से काफी हल्की है। इस तोप से दागे जाने वाले गोलों की रेंज 48 किलोमीटर है, जबकि उसी गोले को बोफोर्स तोप 32 किलोमीटर दूर तक दाग सकती है। ये 155 एमएम की कैटेगरी में दुनिया में सबसे ज्यादा दूरी तक गोले दागने में सक्षम है। यह तोप-3 डिग्री सेल्सियस से लेकर 75 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर सटीक फायर कर सकती है।

### पिछड़े प्रखंडों के लिए संकल्प सप्ताह का शुभारंभ करेंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह दस बजे यहां भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए सप्ताह भर चलने वाले विशिष्ट कार्यक्रम संकल्प सप्ताह का शुभारंभ करेंगे। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर संचालन व्यवस्था में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 5 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है।

### गुजरात में बजरंग दल की शौर्य यात्रा पर पथराव

**नर्मदा**/गुजरात। गुजरात के नर्मदा जिले में शुक्रवार दोपहर सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया। यहां सेलांबा इलाके में बजरंग दल की शौर्य यात्रा पर हमले के बाद जमकर हिंसा हुई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए। पथराव के बाद आगजनी भी हुई। पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर हालात को काबू में किया। सेलांबा में शुक्रवार सुबह गणेश विसर्जन के बाद बजरंग दल की ओर से जागरण शौर्य यात्रा निकाली जा रही थी। इसी दौरान जब यात्रा मुस्लिम इलाके से निकली तो कुछ उपद्रवियों ने यात्रा पर पथराव कर दिया। यात्रा में कम संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद थे, जो भीड़ को नियंत्रित नहीं कर सके। इसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने उपद्रवियों को नियंत्रित किया।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज आएंगे

**रायपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल 30 सितंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास हो रहा है। वे विशेष विमान से राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और यहां से बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना होंगे। राज्य सरकार की ओर से संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनकी अगवानी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर को दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 1.30 बजे रायपुर विमानतल पहुचेंगे और यहां से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद बिलासपुर से विमान द्वारा प्रधानमंत्री मोदी शाम 4.50 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे और यहां से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत व विदाई के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत को नियुक्त किया है।



अगवानी करेंगे संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत

# इंडिया गठबंधन की पहली रैली पटना में संभव

**नई दिल्ली**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। विपक्षी गठबंधन इंडिया की पहली रैली भोपाल के लिए तय हुई थी। लेकिन कांग्रेस नेता कमलनाथ के ऐतराज के बाद इसे स्थगित कर दिया गाया था। अब माना जा रहा है कि इंडिया की पहली बैठक की तरह ही पहली रैली भी बिहार की राजधानी पटना में हो सकती है। इसे अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित किए जाने की चर्चा है। हालांकि अभी औपचारिक कार्यक्रम का ऐलान होना बाकी है। सूत्रों के मुताबिक इंडिया गंठबंधन के नेता अपनी रैलियों की शुरुआत पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान से कर सकते हैं। जो पूर्व में भी सत्ता परिवर्तन का गवाह रहा है। बताया जा रहा है कि इसको लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, सीपीएम नेता सीताराम येचुरी और राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के बीच बातचीत हो चुकी है। हालांकि अभी कांग्रेस सहित अन्य सहयोगी दलों की सहमति मिलना बाकी है। फिर भी चर्चा है कि पांच शहर, पांच रैली और पांच एजेंडा के तहत पहली रैली अक्टूबर कीआखिर में पटना में होगी। इसके अलावा ➢➢ शेष पृष्ठ 2 पर ➢

■ अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में आयोजित होने की चर्चा

**आरक्षण पर गरमाई सियासत**

# अमित शाह ने रोका आरक्षण : कांग्रेस

## भाजपा ने कहा संविधान है सर्वोपरि

**रायपुर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस और भाजपा के बीच आरक्षण को लेकर राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि अमित शाह के दबाव की वजह से राजभवन में आरक्षण बिल अटका हुआ है, वहीं भाजपा ने इस आरोप पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस ने आरक्षण के नाम पर जनता को धोखा दिया है। कांग्रेस ने साफ किया है कि विधानसभा चुनाव में आरक्षण बिल छत्तीसगढ़ में बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। आरक्षण बिल को राजभवन में रोकना भाजपा की साजिश है।

कांग्रेस ने गृहमंत्री अमित शाह से सवाल पूछा है कि आरक्षण बिल पर हस्ताक्षर क्यों नहीं हो रहा है। भाजपा अध्यक्ष अरूण साव ने कांग्रेस के आरोपों पर हमलावर होते हुए कहा कि संविधान सर्वोपरि हैं। भाजपा की सरकार संविधान के अनुसार काम करती है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भूपेश बघेल से पूछना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में आरक्षण के नाम पर उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी और सामान्य हर वर्ग की जनता के साथ छलावा क्यों किया?



### जनता के बीच लेकर जाएंगे मुद्दा : दीपक

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष व सांसद दीपक बैज ने कहा कि चुनाव में आरक्षण बिल सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। कांग्रेस इस मुद्दे को जनता के बीच लेकर जाएगी। यह भाजपा का गरीब विरोधी, आदिवासी विरोधी, पिछड़ा वर्ग विरोधी, अनुसूचित जाति विरोधी कदम है। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राज्य के सभी वर्ग के लोगों के हितों में ध्यान रखकर आरक्षण विधेयक बनाया है और सभी जाति वर्ग की उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान किया गया है। भाजपा को यह डर सता रहा है कि यदि भूपेश सरकार में 76 प्रतिशत आरक्षण लागू कर दिया तो ओबीसी, एसटी, एससी और ईडब्ल्यूएस को आरक्षण का अधिकार मिल जाएगा और उसके बाद भाजपा चुनाव में 14 सीट बचाने की स्थिति में भी नहीं रहेगी।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अनुपम की सड़क हादसे में मौत, पत्नी गंभीर

**बिलासपुर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता अनुपम भार्गव का आज रात सरगांव (बिलासपुर) के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनकी पत्नी नीतिका भार्गव को घायलावस्था में अपोलो हास्पिटल बिलासपुर में भर्ती कराया गया है। अनुपम के शर्मा सिंह बघेल नाम के कामेडी करैक्टर ने काफी लोकप्रियता पाई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनुपम अपनी पत्नी नीतिका के साथ कार से बिलासपुर से रायपुर लौट रहे थे। रात्रि 8 बजे के आसपास सरगांव के क़रीब एक ट्राली से कार जा टकराई। गाड़ी ड्राइव कर रहे अनुपम गंभीर रूप से घायल हो गए और दुर्घटना के कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। नीतिका को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



बिलासपुर से लौट रहे थे रायपुर

# किसान आंदोलन से थमे रेल के पहिए

## मुआवजा, एमएसपी व कर्ज माफी की मांग को लेकर केंद्र के खिलाफ खोला मोर्चा

**अमृतसर**, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। पंजाब में मुआवजा, एमएसपी और कर्ज माफी को लेकर किसानों का आंदोलन जारी है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठे हुए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़, जालंधर, लुधियाना से मोगा, फिरोजपुर, फाजिल्का आदि सभी रूट्स पूरी तरह से ठप हैं। इससे 90 ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। शुक्रवार जहां करीब 60 ट्रेनें प्रभावित हुईं। वहीं शुक्रवार 90 से अधिक ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। इनमें से 80 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।

किसानों ने दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम कर दिया है। किसान मोहाली के लालड़ू में चंडीगढ़ से अंबाला जाने वाले हाईवे पर धरना लगा कर बैठ गए हैं। इस दौरान किसानों की पुलिस के साथ धक्का-मुक्की भी हुई, जिसके बाद किसान भड़क उठे। पंजाब में गुरुवार से 19 किसान-मजदूर संगठन आंदोलन कर रहे है। प्रधान सुखविंदर सिंह सभरा व जनरल सेक्रेटरी राणा रणबीर सिंह ने बताया कि अब मोर्चों की गिनती 17 से 20 हो गई है। शुक्रवार को समराला व फरीदकोट में भी रेल रोको आंदोलन शुरू हुआ।

■ पंजाब में दिल्ली-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे जाम, 9 रेलगाड़िया प्रभावित

**अंबाला में रेल रोको आंदोलन आज**

वहीं संगठनों ने ऐलान किया है कि शनिवार को अंबाला में भी रेल रोको आंदोलन शुरू होगा। इसके साथ उन्होंने कहा कि 23-24 अक्टूबर को किसानी दशहरा मनाया जाएगा। इस दौरान पूरे देश में मोदी सरकार व कॉर्पोरेट घरानों के पुतले जलाए जाएंगे। 19 जत्थेबंदियों ने 20 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है।

**50 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा मांग रहे किसान**

किसानों का कहना है कि बाढ़ और बरसात से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। बहुत सारे किसानों के नुकसान का ना तो सर्वे हुआ और न ही उन्हें मुआवजा मिला है। जिन्हें मिला भी है, वह बहुत कम है।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट, 55 की मौत

## खैबर पख्तूनख्वाह मस्जिद के अंदर हुआ धमाका

**इस्लामाबाद**, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक मस्जिद के पास एक शक्तिशाली बम विस्फोट हुआ। इसमें कम से कम 55 लोग मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। हालांकि, मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। विस्फोट उस वक्त हुआ, जब पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए लोग एक रैली के लिए इकट्ठा हुए थे। विस्फोट मस्तुंग जिले में हुआ।



**ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए एकत्र हो रहे थे लोग**-एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट उस मस्जिद के पास हुआ, जहां लोग पैगंबर मुहम्मद के जन्मदिन ईद मिलादुन नबी मनाने के लिए एकत्र हो रहे थे। मस्तुंग के सहायक आयुक्त अत्ता उल मुनीम के मुताबिक, विस्फोट काफी ज्यादा तीव्रता का था। यह मदीना मस्जिद के पास हुआ। स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) जावेद लेहरी ने कहा कि घायलों को एक चिकित्सा सुविधा में स्थानांतरित किया जा रहा है, जबकि अस्पतालों में आपातकाल लागू कर दिया गया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। इस बीच खैबर पख्तूनख्वा के हंगू में दोआबा पुलिस स्टेशन के पास एक मस्जिद के अंदर विस्फोट हुआ। इस दौरान कम से कम चार लोगों की मौत हो गई।

**दानिश अली ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र**

# संसद प्रकरण में चुप्पी तोड़ें मोदी

**नई दिल्ली**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। बहुजन समाज पार्टी के नेता कुंवर दानिश अली ने लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी सांसद रमेश बिधुड़ी मामले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चुप्पी तोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द जवाबदेही तय की जानी चाहिए। अमरोहा से लोकसभा सांसद दानिश अली ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लोकसभा में जो प्रकरण हुआ उसके आठ दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई का नामोनिशान नहीं दिखा दे रहा है यह हैरान और परेशान करने वाला है। इसके विपरीत उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जन से मारने की धमकियां दी जा रही है। यह क्या हो रहा है इस देश में। उन्होंने कहा कि सदन के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उन्होंने खत लिखा है। प्रधानमंत्री सदन के नेता हैं इसलिए उनकी जिम्मेदारी अधिक बनती है। बापू के देश में जिस प्रकार लिंचिंग की घटनाएं हो रही है उससे दुनिया को हम क्या संदेश दे रहे हैं। बसपा सांसद ने मोदी को लिखे पत्र में कहा है कि उनकी जान को खतरा बना हुआ है।

**मिशन स्वच्छता** | गांधी जयंती पर चलेगा दुनिया का सबसे बड़ा सफाई अभियान

# श्रमदान के लिए शहरी व ग्रामीण भारत से गोद लिए 6.4 लाख स्थल

**नई दिल्ली, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। एक तारीख, एक घंटा, एक साथ अभियान स्वच्छता गतिविधियों को लेकर है। यह जानकारी आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने दी। उन्होंने बताया कि यह अभियान स्वच्छता के लिए श्रमदान के बारे में है। इसमें प्लॉग रन, रंगोली कंपीटिशन, वॉल पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक आदि शामिल नहीं हैं।**

*एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है, मन की बात की 105वीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती की पूर्व संध्या को स्वच्छांजलि के रूप में मनाने की अपील की है और सभी नागरिकों से सामूहिक रूप से एक अक्तूबर को सुबह 10 बजे स्वच्छता के लिए एक घंटे का श्रमदान करने का आह्वान किया है। इसमें आगे कहा गया, यह मेगा स्वच्छता अभियान जीवन के सभी क्षेत्रों के नागरिकों से अपील करता है कि वे सार्वजनिक स्थानों जैसे बाजार, रेल पटरियों, जल निकायों, पर्यटन स्थलों, पूजा स्थलों आदि पर सफाई गतिविधियों में शामिल हों, जिसके परिणामस्वरूप वास्तविक स्वच्छता दिखाई दे। केंद्रीय मंत्री ने स्वच्छता ही सेवा पर बात करते हुए कहा कि श्रमदान के लिए शहरी और ग्रामीण भारत से 6.4 लाख से अधिक स्थानों को अपनाया गया है। इस मेगा स्वच्छता अभियान का मकसद कचरा संवेदनशील बिंदुओं, रेल पटरियों और स्टेशनों, हवाई अड्डों और आसपास के क्षेत्रों, सड़कों के किनारे- राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के हिस्सों, जल निकायों, घाटों, झुग्गियों, पुलों के नीचे, बाजार स्थानों, बैकलेन, पूजा स्थलों, पर्यटन स्थलों, बस स्टैंड/टोल प्लाजा, चिड़ियाघरों और वन्यजीव क्षेत्रों, गौशालाओं, पहाड़ियों, समुद्र तटों, बंदरगाहों, आवासीय क्षेत्रों, आंगनवाड़ियों, स्कूलों/कॉलेजों आदि को साफ करना है। मंत्री ने मीडिया को बताया कि बड़ी संख्या में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन लगभग एक लाख आवासीय क्षेत्रों में श्रमदान के लिए आगे आए हैं, जबकि ग्रामीण समुदाय के पूरे देश में लगभग 35,000 आंगनवाड़ी केंद्रों को गोद लेने के लिए आगे आए हैं। उन्होंने बताया कि गैर-सरकारी संगठन, बाजार संघ, स्वयं सहायता समूह, धार्मिक समूह, व्यापार निकाय, निजी क्षेत्र आदि से 22,000 बाजार क्षेत्रों; 10,000 जल निकायों; लगभग 7,000 बस स्टैंड/टोल प्लाजा; लगभग 1000 गौशालाओं; लगभग 300 चिड़ियाघरों और वन्यजीव क्षेत्रों और विभिन्न स्थानों में श्रमदान करने के लिए आगे आए हैं।*

# महिला आरक्षण बिल में पिछड़ा वर्ग महिलाओं की उपेक्षा का आरोप

## जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ गौरेला पेंड्रा मरवाही ने विरोध प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा






**गौरेला पेंड्रा मरवाही** ( देशबंधु)। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला अध्यक्ष रमेश साहू के नेतृत्व में 29 सितंबर दिन शुक्रवार को एसडीएम पेंड्रा रोड को ज्ञापन सौंप कर महिला आरक्षण बिल में पिछड़े वर्ग की महिलाओं की उपेक्षा को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सोपा गया।

जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष रमेश साहू के मार्गदर्शन में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी पेंड्रा रोड कार्यालय से जिलाधीश (कलेक्टर) कार्यालय तक जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के जिला अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी गण केंद्र सरकार द्वारा पारित महिला आरक्षण बिल मे अनियमितता, जिसमें पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए किसी भी प्रकार का आरक्षण नहीं दर्शाया गया है पूर्ण रूप से ओबीसी महिलाओं को अनदेखा किया गया है, उसी का जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर ऑफिस में सम्माननीय राष्ट्रपति महोदया जी के नाम ज्ञापन सम्माननीया अपर कलेक्टर महोदया जी को ज्ञापन दिया गया।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष रमेश साहू जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग, कृष्ण कुमार साहू उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग, श्री शंकर लाल साहू जी उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग, मनोज गुप्ता जी जिला सचिव पिछड़ा वर्ग विभाग, मनोज साहू जी सचिव पिछड़ा वर्ग विभाग, श्री अनिल साहू जी ब्लॉक अध्यक्ष मरवाही, श्री संतोष वर्मा जी ब्लॉक अध्यक्ष गौरेला, श्री अमित सोनी जी जिला सचिव पिछड़ा वर्ग विभाग, दीपक पुरी ब्लॉक अध्यक्ष पेंड्रा, श्रीमती आरती श्याम , संतोष गुप्ता, ओम प्रकाश साहू जी, पीतांबर एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के समस्त पदाधिकारी विरोध प्रदर्शन में सम्मिलित हुए ।

# जेएमपी महाविद्यालय में परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज महिला, पुरुष प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन



**तखतपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। शासकीय जे एम पी महाविद्यालय तखतपुर में परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज महिला,पुरूष प्रतियोगिता का दो दिवसीय आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खिलाडीयो का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अच्छे खेल कौशल के आधार पर किया जाएगा। परिक्षेत्र स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में अग्रेसन महाविद्यालय बिल्हा से 5 खिलाड़ी, शासकीय जे पी वर्मा महाविद्यालय बिलासपुर से 5 खिलाड़ी शासकीय महाविद्यालय सीपत से 4 खिलाडी, एलसीआईटी कालेज बिलासपुर से 5 खिलाड़ी शासकीय महाविद्यालय मस्तूरी से 4 खिलाड़ी ,शासकीय महाविद्यालय रतनपुर से 2 खिलाड़ी, शासकीय महाविद्यालय तखतपुर से 5 खिलाड़ी, शासकीय महाविद्यालय कोटा से 5 खिलाडी , शासकीय महाविद्यालय मुंगेली से 5 खिलाड़ी, डी एल एस कालेज से 5 खिलाडी शासकीय विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर से 4 खिलाड़ी, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली से 4 खिलाड़ी ,डी पी विप्र कालेज बिलासपुर से 5 खिलाड़ी, डी पी लॉ कॉलेज से 5 खिलाड़ी सी एम डी कालेज बिलासपुर से 5 खिलाडीयो ने भाग लिया वही महिला वर्ग में 7 महाविद्यालय के शतरंज खिलाडीयो ने भाग लिया है मैच निर्णायक अमन तिवारी ,अलोक सिंह क्षत्रिय, राकेश चंद्राकर, व प्रतीक अग्रवाल थे प्रतियोगिता के दौरान वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी डॉ. संतोष वाजपेयी, डॉ. जितेंद मिश्रा, डॉ. मुकेश घोरे, डॉ. प्रमोद कुमार तिवारी, डॉ. एच आर आगर, डॉ. एस के पांडे, अशोक जिज्ञासी, ए अहमद, क्रीड़ाधिकारी सी पी सिंह, ओमकार जायसवाल , अविनाश निर्मलकर, विनोद एक्का, गोपाल ठाकुर, सुखनंदन साहू, प्रकाश ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

# आवास का पैसा दिलाने के नाम महिला से लिया सोने का लाकेट

**तखतपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)।आवास के पैसा दिलाने के नाम पर आरोपियों ने महिला के गले से सोने का लॉकेट उतार कर ले गए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला पंजीबद कर जांच में लिया है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार मोढ़े निवासी तिजिया बाई आवास का पैसा की जानकारी लेने के लिए सेंट्रल बैंक की तखतपुर शाखा पहुंची थी और बैंक से जानकारी लेकर जब जा रही थी तभी पीछे पीछे दो आरोपी आए और पड़रिया मोड़ के पास महिला से आवास की पैसा के लिए कुछ रकम व्यवस्था करने की बात करते हुए उसे दुपहिया वाहन में तहसील की तरफ ले गए और वही तीजिया बाई से कुछ रकम की व्यवस्था करने की बात किया ताकि आवास की राशि जारी हो सके। जब महिला ने रकम नहीं होने की बात कही।

तब आरोपियों ने उसके गले से सोने का बिल्ला निकाल कर पैसे की व्यवस्था की बात करते हुए उसे लेकर फरार हो गये।

और जब काफी देर तक दोनों ब्यक्ति नहीं पहुंचे तब महिला ने इसके थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने मामले की विवेचना कर रही है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष...**

**सहमति से संबंध की उम्र...**

विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का सुझाव दे सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक तंत्र तैयार किया जा रहा है कि एक बार लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने के बाद मतदाता दोनों चुनावों के लिए अपना वोट डालने के लिए केवल एक बार मतदान केंद्र पर जाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा और संसदीय चुनाव चरणों में होते हैं, इसलिए आयोग यह सुनिश्चित करने के लिए तौर-तरीकों पर काम कर रहा है कि मतदाता दोनों चुनावों के लिए मतदान करने के लिए एक से अधिक बार मतदान केंद्रों पर न जाएं। सूत्रों ने कहा कि आयोग का मानना है कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराए जा सकते हैं और वह इस विशाल लोकतांत्रिक प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए केवल तौर-तरीकों पर काम कर रहा है। विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति रितु राज अवस्थी ने कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को लिखे पत्र में कहा कि प्रौद्योगिकी के आगे बढ़ने के कारण संचार के साधन कई गुना आगे बढ़े हैं। ऐसे में, एफआईआर दर्ज करने की पुरानी प्रणाली से चिपके रहना आपराधिक सुधारों के लिए अच्छा नहीं है। वहीं, सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विधि आयोग सभी विधानसभा चुनावों का कार्यकाल बढ़ाकर या घटाकर उन्हें समन्वित करने के फार्मूले पर काम कर रहा है, ताकि सभी राज्यों के चुनाव 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ कराए जा सकें। सरकार पहले ही राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। ऐसे में विधि आयोग से राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय चुनावों के लिए अपने मौजूदा जनादेश के साथ-साथ त्रिस्तरीय चुनावों को भी शामिल करने के लिए कहा जा सकता है।

**एक राष्ट्र, एक चुनाव अभी नहीं : निर्वाचन आयोग**

चुनाव आयोग ने विधि आयोग से कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने में कुछ समय लगेगा। विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) रितु राज अवस्थी ने बताया कि चुनाव आयोग ने कानून पैनल के साथ परामर्श के दौरान 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले एक राष्ट्र, एक चुनाव के कार्यान्वयन पर कोई टिप्पणी नहीं की। न्यायमूर्ति अवस्थी ने कहा चुनाव आयोग ने एक साथ चुनाव के कार्यान्वयन के लिए कोई विशिष्ट समयसीमा नहीं दी है। विधि आयोग एक साथ चुनावों पर एक रिपोर्ट पर चुनाव निकाय, सरकारी विभागों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श कर रहा है। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक राष्ट्र, एक चुनाव समिति ने 23 सितंबर को अपनी पहली बैठक की और एक साथ चुनाव के विचार पर हितधारकों और राजनीतिक दलों से सुझाव लेने का फैसला किया।

**महिला आरक्षण बिल ...**

आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है। आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी। सरकार ने 18 से 22 सितम्बर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया था। इसका एजेंडा नहीं बताया गया था, इसको लेकर विपक्ष ने आलोचना भी की थी। 18 सितम्बर की रात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की मीटिंग बुलाई। मीटिंग के बाद कोई प्रेस ब्रीफिंग नहीं की गई। अंदरखाने से खबर आई कि सरकार 19 सितम्बर को लोकसभा में महिला आरक्षण बिल ला सकती है। बात सही निकली। 19 सितम्बर को सरकार ने लोकसभा में नारी शक्ति वंदन बिल पेश कर दिया। 20 सितम्बर को लोकसभा में बिल पर 7 घंटे चर्चा हुई। इसमें 60 सांसदों ने भाग लिया। शाम को पर्ची से हुई वोटिंग में बिल पास हो गया। समर्थन में 454 और विरोध में 2 वोट डले। महिला आरक्षण से संबंधित 128वां संविधान संशोधन विधेयक 21 सितम्बर को राज्यसभा में पारित किया गया था। बिल के पक्ष में 214 वोट पड़े, जबकि किसी ने भी बिल के खिलाफ वोट नहीं डाला था। इससे पहले 20 सितम्बर को विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। लोकसभा ने भी इस बिल को दो तिहाई बहुमत के साथ पास किया था। इसके पक्ष में 454 और विरोध में दो वोट पड़े थे।

**इंडिया गठबंधन की पहली रैली ...**

अन्य चार रैलियां नागपुर, चेन्नई, गोहाटी और दिल्ली में हो सकती हैं। दिल्ली की रैली को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित करने की तैयारियां चल रही हैं। हालांकि अभी पांच एजेंडा क्या होगा, इस पर कोई जानकारी नहीं मिल सकी है। बावजूद माना जा रहा हैकि ये पांच एजेंडा अलग-अलग शहरों के लिए क्षेत्रीय व राष्ट्रीय राजनीति को प्रमुखता देते हुए तय किया जा सकता है। जैसे पटना की रैली में जातिगत जनगणना और सामाजिक न्याय का एजेंडा बनाया जा सकता है। वहीं दिल्ली की रैली में संसद और विधानसभाओं के लिए पास किए महिला आरक्षण में ओबीसी महिला आरक्षण की मांग को एजेंडा बनायाजा सकती है। वहीं नागपुर में संविधान और संवैधानिक संस्थाओं को कथित तौर निशाना बनाए जाने से बचने का एजेंडा हो सकता है।

## छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड

(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)

छ.ग.हाट परिसर, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पास पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)
Phone Fax: 0771- 4016500 Email:-cghandicrafts@gmail.com Website:- www.cghandicraft.cgstatae.gov.in

निविदा क्र./ 609/ह.शि.वि.बो./स्था./ 2023-24 रायपुर, दिनांक : 29/09/2023

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड मुख्यालय रायपुर एवं छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में स्थित विकास केन्द्रों/ शबरी एम्पोरियम में विभिन्न कार्यो के संपादन हेतु समय-समय पर मानव संसाधन कर्मियों की आवश्यकता होती है, जिस हेतु योग्य अनुभवी फर्म/ सर्विस प्रोवाईडर एजेन्सी से मुहरबंद निविदा छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ हाट परिसर, पण्डरी रायपुर में दिनांक 30/10/2023 समय 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त निविदा दिनांक 30/10/2023 को अपरान्ह 03:00 बजे निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा। निविदा प्रपत्र राशि रू. 3,000/- नगद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अंतिम निर्णय प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्तों का अवलोकन विभागीय वेबसाईट www.cghandicraft.cgstate.gov.in पर किया जा सकता है।

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड
रायपुर (छ.ग.)

संवाद- 38779/2

## OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL, JANJGIR - NAILA, DISTT- JANJGIR CHAMAPA (C.G.)

e-procurement Tender Notice (द्वितीय निविदा पत्र)

NIT.NO./2599/ PWD/NPP/2023-24

JANJGIR - NAILA, DATE: 29/09/ 2023

| s. no. | System Tender no. | Name of work/ description of work | Probable amount of contract (lacs) |
|---|---|---|---|
| 1. | 144507 | वार्ड क्र. 25 बिजली ऑफिस के सामने से स्कूल तक सी.सी.रोड निर्माण कार्य | 27.20 |

The details can be viewed and download online directly from the government of Chhattisgarh e-procurement portel http://cge-procurement.gov.in on sub portal of though urban administration and development department http://uadd.cgeprocurement.gov.in for more datails on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal. The last date of bid submission Date 14.10.2023 Time 5.30 pm.

CHIEF MUNICIPAL OFFICER
MUNICIPAL COUNCIL JANJGIR-NAILA

# मितानीन के खिलाफ उगाही की शिकायत



तखतपुर, 29 सितंबर (देशबन्धु)। वार्ड क्र. 14 बेलसरी में कार्यरत मितानीन श्रोठी मेरसा द्वारा अपने कार्य के प्रति लापरवाही और अवैध उगाही की शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि श्रोठी अपने कार्य में लापरवाही करते हुये किसी भी मरीज से जांच के नाम पर जबरदस्ती रकम उगाही करती है। प्रायवेट हास्पिटल में ईलाज करवाने की सलाह देती है। मरीज द्वारा रकम नहीं देने की स्थिति में स्वास्थ्य केन्द्र नहीं ले जाउंगी बोलती है, मरीज को हास्पिटल में ले जाकर भर्ती करा देती है और मरीज का ख्याल नहीं रखती है इनका मरीजों या ग्रामवासी के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है जिसे पद से हटाकर दूसरा योग्य ब्यक्ति को जवाबदारी देने की मांग की गई है जिसमें सुनील आहूजा,प्रियंका आहूजा,बजरहिंन,अनिल सहित अन्य शामिल हैं।

# पितृ पक्ष पर आज नदी में जाकर लोगों ने तर्पण किए

**तखतपुर**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। पितृ पक्ष पर श्राद्ध आमावस्या से प्रारंभ हो गई आज नदी में जाकर लोगों ने तर्पण किए। पितृ पक्ष में पितरों को तर्पण किया जाता है और पूर्वजों को आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है इसके लिए पूरे 15 दिवस कंवार कृष्ण पक्ष पर तर्पण किया जाता है यह तर्पण आज से प्रारंभ हुआ जिसमें लोग सुबह से नदी में पहुंचें और अपने पूर्वजों को तर्पण किए। मान्यता के अनुसार पितृ पक्ष में पितरों को तर्पण करने से उनके आशीर्वाद और कृपा बनी रहती है इसलिए प्रतिवर्ष लोग अपने पितरों को 15 दिवस कंवार के कृष्ण पक्ष में तर्पण करते है। तर्पण में तिल मिस्त्रीत जल अर्पित किया जाता है और उन्हें श्रद्धा पूर्वक तर्पण करते हुए याद करते है।

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, पेण्ड्रारोड़ (छ.ग.)

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम-आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र.148457/ निविदा सूचना क्रमांक:03/ वलेलि/ 2023-24, दिनांक 26.09.2023

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 17.10.2023 समय 17.30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम : तरईगांव जलाशय योजना के अंतर्गत मुख्य नहर के आर.डी. 0 मी. से 3630 मी. एवं माईनर नहर के आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 640 मी. में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग, नवीनीकरण कार्य, एवं 2 नग व्ही.आर.वी. 22 नग कोलावा, 12 नग केनाल आउटलेट एवं पक्के कार्य का मरम्मत इत्यादि कार्य।

अनुमानित लागत :रूपये 188.01 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 03.10.2023 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोटः 1.निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2014) के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 05791/8

## कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खण्ड गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

Email id - aephegaurella@gmail.com

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना

जिला जल एवं स्वच्छता गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही की ओर कार्यपालन अभियंता सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा एकीकृत पंजीयन व्यवस्था के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रपत्र 'अ' (प्रतिशत दर) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा सूचना क्र./ दिनांक | सिस्टम क्रमांक | ग्राम का नाम | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | धरोहर राशि (रू.में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 53/ 26.09.2023 | 148447 | 150 मिमी व्यास, 90 मीटर गहरे, 15 नग विकासखण्ड गौरेला के ग्रामों में नलकूप खनन कार्य। | 15.45 | 12000/- |
| 2 | 54/ 26.09.2023 | 148466 | 150 मिमी व्यास, 120 मीटर गहरे, 77 नग विकासखण्ड गौरेला के ग्रामों में नलकूप खनन कार्य। | 97.02 | 73000/- |
| 3 | 55/ 27.09.2023 | 138516 | 150 मिमी व्यास, 90 मीटर गहरे, 22 नग विकासखण्ड मरवाही के ग्रामों में नलकूप खनन कार्य। | 22.66 | 17000/- |
| 4 | 56/ 27.09.2023 | 138519 | 150 मिमी व्यास, 90 मीटर गहरे, 12 नग विकासखण्ड पेण्ड्रा के ग्रामों में नलकूप खनन कार्य। | 12.36 | 9500/- |
| 5 | 57/ 27.09.2023 | 148523 | 150 मिमी व्यास,120 मीटर गहरे, 39 नग विकासखण्ड पेण्ड्रा के ग्रामों में नलकूप खनन कार्य। | 49.14 | 37000/- |

बिड सबमिशन की अंतिम तिथि :- निविदा क्रमांक 53, 54, 55, 56 एवं 57 दिनांक 16.09.2023 समयः- 17:30 बजे तक।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 29.09.2023 से देखे जा सकते हैं।

कार्यपाल अभियंता
लो.स्वा.यां.खण्ड गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही
जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही

जी- 05785/1

# मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना 583 कार्य हो चुके पूर्ण, 145 पूर्णता की ओर

**रायगढ़,** 29सितम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत अब जिले के स्कूल भवनों के मरम्मत और रंग रोगन का कार्य जारी है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत् स्कूलों के कायाकल्प होने से अब बच्चों को पढ़ाई हेतु बेहतर वातावरण मिल रहा है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के साथ कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा डीएमएफ मद से भी राशि स्वीकृत की गई है। जिसके तहत अंतर्गत शाला भवन मरम्मत, नवीनीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य कराया जा रहा है। चूंकि वर्तमान जिले में लगातार बारिश होने की वजह से काम की प्रगति धीमी हुयी है। बरसात समाप्ति के पश्चात जिन स्कूलों के लिए राशि स्वीकृत हुई है उनके कामों में तेजी आएगी। कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा रायगढ़ संभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि 1425 स्वीकृत कार्यों में से 583 कार्य पूर्ण हो चुके है एवं लगभग 145 कार्य पूर्णता की ओर है।

**NECC**

| 28.09.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 515 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

संदर्भ :- जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.नं. 34 कुदुदंड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक CG.480741509202300З

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.नं. 34 के अंतर्गत ग्राम कुदुदंड के वर्तमान भूमिस्वामी आयुक्त नगर पालिक निगम द्वारा राजेश कुमार देवांगन पिता स्व.तिलक राम देवांगन पता- नगर निगम बिलासपुर, सत्यव्रत महापात्र पिता डी.बी.महापात्र पता- राजकिशोर नगर बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 439/1 (0.0139) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता नीरज अग्रवाल पिता/पति हीरालाल अग्रवाल पता-ओमनगर पटवारी गली जरहाभाठा जिला बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/10/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 16/09/2023 को जारी किया जाता है।

SHRI SHASHIBHUSHAN SONI
अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)
सील

**न्यायालयः प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारीः सर्व विजय अग्रवाल)**

प्रोसेस क्रमांकः- 260/2023
व्यवहार वाद क्रमांक- 08अ/ 2019
पेशी तिथि - 17.10.2023

**ईश्तहार**

श्रीमती सुकृता कश्यप ........ वादिनी
विरुद्ध
जोहनलाल वगैरह ......... प्रतिवादीगण

वादिनी श्रीमती सुकृता कश्यप पति सोमनाथ की ओर से प्रतिवादीगण जोहनलाल पिता श्रीचंद वगैरह के विरुद्ध स्वत्व की घोषणा 5,00,000/- रूपये एवं स्थायी व्यादेश 600/- रूपये हेतु वाद कीमती 260/- (अक्षरी दो सौ साठ रुपये) का व्यवहार वाद, जिसका क्रमांक 08अ/ 2019 है, प्रस्तुत किया गया है।

अतः प्रतिवादी क्रमांक 06(च) विमला पिता हरप्रसाद उम्र 40 वर्ष, प्रतिवादी क्रमांक 06(छ) गायत्री पिता हरप्रसाद, उम्र 35 वर्ष एवं प्रतिवादी क्रमांक 06(ज) पुनीता पिता हरप्रसाद, उम्र 25 वर्ष, सभी जाति कश्यप, सभी निवासी ग्राम तेंदुआ, थाना नवागढ़, तहसील नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप लोगों को उक्त प्रकरण में पक्षकार बनाया गया है। अतः आप लोगों को समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आप लोग उक्त प्रकरण में स्वतः अथवा अपने अभिभाषक अथवा आपकी ओर से नियुक्त प्रतिनिधि के माध्यम से नियत तिथि दिनांक-17.10.2023 को सुनवाई हेतु इस न्यायालय के समक्ष समय 10.30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

यदि किसी कारणवश दिनांक 17.10.2023 को अवकाश घोषित हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में सुनवाई की जावेगी।

अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 21.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

(सर्व विजय अग्रवाल)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01, जांजगीर
जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
सील

## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी कोटा, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 11/अ-82/ 2022-23

ग्राम - झिंगटपुर, तहसील कोटा

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग पेण्ड्रारोड द्वारा नवागांव व्यपवर्तन योजना के मुख्य एवं माईनर नहर निर्माण हेतु ग्राम झिंगटपुर प.ह.नं. 21 रा.नि.मं. कोटा, तहसील कोटा के कुल कृषक संख्या 68 की कुल रकबा 3.297 हेक्टेयर भूमि का सार्वजनिक प्रयोजन एवं लोक हित में भू-अर्जन करने के प्रस्ताव पर गठित विशेषज्ञ समूह द्वारा अंकन रिपोर्ट का सार निम्नानुसार है -

1. प्रस्तावित नहर बन जाने से ग्राम झिंगटपुर बैगापारा नवागढ़ के 250 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य वर्ग के कुल 300 कृषक लाभान्वित होंगे।
2. कृषकों के आय में वृद्धि एवं सतही जल का दोहन कम हो जावेगा।
3. समूह का यह भी मानना है कि परियोजना के लागत की तुलना में लाभ अधिक है।
4. सामाजिक समाघात निर्धारण प्रतिवेदन से यह स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत झिंगटपुर में पूर्व में अर्जित भूमि नहीं पाई गई।
5. मुख्य नगर एवं माईनर नहर में प्रस्तावित भूमि के विकल्प के रूप में अन्य अनुपयोगी भूमि नहीं होने का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया है।
6. व्यपवर्तन योजना के नहर निर्माण में प्रस्तावित जिसकी कुल लम्बाई 4350 मीटर है जिसमें कुल सिंचाई 250 हेक्टेयर प्रस्तावित है, जिसमें आवश्यकता से अधिक भूमि अर्जन नहीं हुआ है। तकनीकि दृष्टि से प्रस्तावित भूमि न्यूनतम आवश्यक भूमि है।
7. ग्राम झिंगटपुर का कृषि योग्य रकबा 325 हेक्टेयर है, जिसमें 3.297 हेक्टेयर अर्जित किया जाना प्रस्तावित है जो कुल भूमि का 0.14 प्रतिशत है।
8. प्रस्तावित भूमि पर किसी परिवार का विस्थापन नहीं हो रहा है एवं सार्वजनिक अथवा निजी अधोसंरचना को कोई क्षति नहीं होगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं भू-अर्जन अधिकारी कोटा
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

जी. 05797/1

## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)
## मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

फा.क्र./ 110,112/निर्माण कोसाबाड़ी जोन/ 2023 कोरबा, दिनांक 25.09.2023

### द्वितीय निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रमुख अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, रायपुर द्वारा प्रचलित PWD Building SOR 01.01.2015 से प्रभावशील दर अनुसूची पर (निविदा खुलने के दिनांक तक समस्त संशोधनों के साथ)कम अधिक या समान दरों पर तथा शेड्युल अनुसार आयटम दरों पर निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर बंद लिफाफा के माध्यम से आमंत्रित की जाती है :-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने अंतिम तिथि - 10.10.2023 सायंकाल 3:00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 10.10.2023 सायंकाल 4:30 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में | धरोहर राशि रु.में (एफ.डी.आर. टी.डी.आर.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य/ (डी.डी./ बैंकर्स चेक) | निविदा प्रपत्र | कार्यावधि | ठेकेदार का वर्ग | निविदा खुलने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 20 अंतर्गत ओड़िया मोहल्ला के पास आर.सी.सी. नाली एवं सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 7,00,000/- | 5,000/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 10.10.2023 |
| 2 | वार्ड क्र. 22 अंतर्गत बी एल वर्मा गार्डन एवं ई.डब्ल्यू.एस-कालोनी के पीछे आर.सी.सी.नाली एवं सीमेंट कांक्रीट सड़क का निर्माण कार्य। (पार्षद मद) | 2,29,000/- | 2,300/- | 750/- | Form-A | 03 माह | सक्षम श्रेणी | 10.10.2023 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website : www.korbamunicipal.inएवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो विभागीय वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

// स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें //

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)



# केन्द्र सरकार के नीति आयोग ने कहा
# "छत्तीसगढ़ में 40 लाख लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए"

## यह अचानक और अपने आप नहीं हुआ
## सेवा, जतन, सरोकार से हुआ संभव

- 24.5 लाख किसानों को धान का समर्थन मूल्य और 9,000 रु प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी
- 5.63 लाख भूमिहीन परिवारों को प्रति वर्ष 7,000 रु की अतिरिक्त आय
- 12.5 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक 2,500 रु से बढ़ाकर 4,000 रु
- दुर्गम क्षेत्रों और शहरी बस्तियों में मोबाइल अस्पतालों से 1.86 करोड़ लोगों का मुफ्त एवं बेहतर ईलाज
- धनवंतरी मेडिकल स्टोरों में सभी दवाइयों पर 72% तक की छूट
- 727 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूलों में 4.4 लाख बच्चों को आधुनिक एवं नि:शुल्क शिक्षा
- 67 लघु-वनोपज की समर्थन मूल्य खरीदी से 6 लाख वनाश्रित परिवारों की आय सुनिश्चित
- 45.16 लाख घरेलू बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल हाफ
- हर परिवार को हर माह 35 किलो चावल सार्वभौम पीडीएस योजना से 99.9% आबादी को खाद्य सुरक्षा
- कोरोना काल में भी छत्तीसगढ़ की आर्थिक विकास दर देश में सबसे बेहतर रही



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**आपके आशीर्वाद और मतों की ताकत से बनी छत्तीसगढ़ सरकार**
**आपके लिए समर्पित, सदा आपके साथ भरोसे की सरकार**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in

# अभिमत

**विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।**

## वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा



जगदीश रत्तनानी

दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के खिलाफ कहे गए अपमानजनक और सांप्रदायिक अपशब्द ऐसी भाषा है जो सड़कों पर भी कही जाने योग्य नहीं है और जिसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, यह भाषा सत्ता पक्ष की ओर से संसद में बोली जा रही है। इस तरह की भाषा बहस के स्तर की गिरावट का प्रतिनिधित्व करती है। इस स्तर पर भाजपा प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता और ध्यान आकर्षित करने की बीमारी में फंस गई है। इसके कुछ महत्वाकांक्षी सदस्य खतरनाक तरीकों से मंच हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की कमी इस तरह के दुरुपयोग को वैध बनाती है। यह वास्तव में दूसरों को संदेश देती है कि इस कीचड़ में खेलना और 2024 के चुनावों की तैयारी के दौरान सांप्रदायिक घृणा के बढ़ते प्रसार में योगदान देना ठीक है। इसका हालिया उदाहरण भाजपा के एक अन्य सांसद का यह दावा है कि बिधूड़ी को उकसाया गया था। वह बयान भी इस मामले को और सांप्रदायिक बनाने का एक प्रयास है।

बिधूड़ी के अकथनीय और उग्र शब्द उस वक्त आए जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बचाव करते हुए दिखाई दिए। इसे सामान्य परिस्थितियों में और आदर्श रूप से प्रधानमंत्री के अपमान के रूप में देखा जाना चाहिए। आरोप का जवाब देने के अन्य तरीके भी हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री ने चन्द्रमा मिशन का श्रेय इसरो को देने के बजाय इसका क्रेडिट खुद लिया।

अपशब्दों का प्रयोग कर आरोपों का खंडन करने से कोई फायदा नहीं होता है बल्कि इससे आरोप सही साबित होते हैं। आरोपों के गुण-दोषों की परवाह न करते हुए देखें तो ऐसी हरकतों से प्रधानमंत्री और पार्टी को नुकसान होता है और इससे नेतृत्व को शॉक लगना चाहिए। इसके अलावा बिधूड़ी ने अपनी असभ्यतापूर्ण हरकत से संसद के नए भवन में संसद के पहले सत्र को ही अपवित्र कर दिया जिसे भाजपा अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पेश कर रही थी। बिधूड़ी ने भाजपा की इस उपलब्धि का अपहरण कर लिया है। खुद प्रधानमंत्री ने संसद की नई इमारत को 'सिर्फ एक नई इमारत नहीं बल्कि एक नई शुरुआत का प्रतीक' कहा है। बिधूड़ी ने उस 'नई शुरुआत' को एक बहुत ही अशुभ अर्थ दे दिया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण विधेयक से भी ध्यान हटा दिया जिसे प्रधानमंत्री ने एक ऐतिहासिक कानून तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला कहा था। बिधूड़ी की टिप्पणी उन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद रविवार रात तक बिधूड़ी पर कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

इसमें मुख्य बात भाजपा की नई प्रकृति और चरित्र ही होना चाहिए क्योंकि वह 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह सत्ता में वापसी करेगी परन्तु ऐसा नहीं है कि उसे राहुल गांधी की ओर से मिलने वाले 'सरप्राईज' को लेकर कोई चिंता नहीं होगी। विपक्ष की एकजुटता को भले ही कुछ लोग एकजुट उपस्थिति के बजाय एक पैचवर्क समाधान के रूप में खारिज कर रहे हों लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस एकजुटता ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। सत्ता-विरोधी एक मजबूत लहर भी चल रही है। इस लहर को सशक्त करने के लिए विपक्ष अपनी बात लोगों तक ले जा रहा है और जिसे सोशल मीडिया पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। विपक्ष अपनी ओर से इसमें भाजपा के पसंदीदा उद्योगपतियों (राहुल गांधी के शब्दों में 'एक एकाधिकारवादी मित्र') जिनका पार्टी नेतृत्व ने लगातार समर्थन किया है, के बारे में तथा सांप्रदायिकता पर गहन सामग्री उपलब्ध करा रहा है। इसमें भाजपा के अमीर समर्थक और जनविरोधी दृष्टिकोण, नोटबंदी से लेकर ईंधन और गैस सिलेंडर की ऊंची कीमतों से लेकर हाल ही में 100 रुपये प्रति किलो बिकने वाले टमाटर तक का स्पेक्ट्रम चलाया गया है।

इन परिस्थितियों में और विशेष रूप से जब ऐसी खबरें हैं कि विपक्ष का इंडिया गठबंधन जोर पकड़ रहा है तो भाजपा के लिए सबसे आसान तरीका सांप्रदायिकता के मूल विषय पर वापस आना होगा। भाजपा में कई लोग ऐसा सोचते हैं कि जीत के लिए यह एक सुनिश्चित तरीका है और अगर यदि ऐसा कुछ है तो देश को एक भयानक चुनाव अभियान के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि व्यक्तिगत तौर पर उम्मीदवार प्रचार की स्वीकृत सीमा से आगे निकल जाते हैं और वे जगह-जगह से संसद में बिधूड़ी के कब्जे वाले स्थान पर दिखाई देते हैं।

दानिश अली ने खुलेआम अपना दर्द व्यक्त किया कि जिस रात यह टिप्पणी की गई थी, उस रात वह सो नहीं सके। बिधूड़ी के इस घटिया भाषण की प्रकृति, भाजपा नेतृत्व की चुप्पी ठीक उसी तरह की है जैसे संसद के बाहर दुर्व्यवहार और हिंसा का चक्र चल रहा है। उत्पीड़ित लोग जो सवाल सड़कों पर पूछते हैं कि 'आम लोग न्याय के लिए कहां जाएंगे?' वह अब संसद तक पहुंच गया है। लोकसभा के एक सदस्य ने कहा है-'हम न्याय के लिए कहां जाएं?' इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह राष्ट्र के लिए एक भयानक गिरावट है।

इस गिरावट की जड़ में भाजपा का यह विश्वास है कि आक्रामक रूप से प्रहार करना बचाव का सबसे अच्छा तरीका है, यह कि हिंसा हमारे मिज़ाज़ में है और हिंसा का सामना दोगुनी हिंसा से किया जाना चाहिए, यह कि 'दूसरों' को नीचे रखा जाना चाहिए, यह कि नेतृत्व शब्द रूप, आकार और कार्रवाई में मर्दाना है। यह शक्ति और नियंत्रण की पुरानी भाषा है जो आज की दुनिया में समाप्त हो चुकी ताकत है। यह भाषा देश को कड़वाहट के कठोर और उजाड़ परिदृश्य के रूप में पेश करने का प्रतिनिधित्व करती है। हम एक ऐसे भारत का निर्माण कर रहे हैं जिसमें अनुग्रह, प्रेम और एकजुटता के विचार नहीं हैं। बुनियादी ढांचे, व्यवसाय या आधुनिकता के अन्य उपकरण चाहे कितने भी उन्नत क्यों न हों, इन विचारों के अभाव में भारत एक राष्ट्र के रूप में नहीं बढ़ सकता है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा को चुनौती देने के लिए इनमें से कुछ विचार सामने आएंगे। कांग्रेस ने हाल के दिनों में अक्सर 'प्रेम' की भाषा की बात की है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस बार भाजपा का प्रचार अभियान अच्छी तरह से चिकना-चुपड़ा, और भी अधिक चालाकी भरा, शानदार तरीके से वित्त पोषित तथा उचित समय पर आएगा।

पिछले लगभग एक महीने से इस अभियान के नमूने सोशल मीडिया पर सामने आ रहे हैं। भाजपा के संदेशों के साथ देश पर एक तरह की 'कार्पेट बाम्बिंग' की उम्मीद करें। मीडिया के चुनिंदा वर्ग उसकी जेब में होंगे। भाजपा के धन-बल के समक्ष विपक्ष का कोई मुकाबला नहीं होगा। फिर भी भाजपा की जीत की कोई गारंटी नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने एक बार कहा था- 'भारत में आप पैसे के अभाव में चुनाव हार सकते हैं, लेकिन आप कभी भी सिर्फ इसलिए चुनाव नहीं जीत सकते क्योंकि आपके पास पैसा है!' हालांकि धन के अनवरत प्रवाह से भरी भाजपा के पास संसाधनों का एक बड़ा भंडार है और यह कमी अभी भी विपक्ष को नुकसान पहुंचाएगी। हम औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार के बिगुल फूंके जाने का इंतजार कर रहे हैं।

संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है? इस तरह यह एक ऐसे राष्ट्र के लक्षण हैं जो चंद्रमा तक पहुंचने के लिए सारी रुकावटों को तोड़ सकता है लेकिन यह लोगों के दिल और दिमाग में नई बाधाएं पैदा करता है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)**

**संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है?**

## बीता सप्ताह

**23 सितंबर**
- बीजू दल की वरिष्ठ नेता प्रमिला मलिक ओडिशा विधानसभा की पहली महिला स्पीकर बनीं।
- घरेलू वन डे सीरिज में भारत की टीम ने तीन मैचों में आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराया।
- सुप्रीम कोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में वेज्ञानिक सर्वेक्षण मांग वाली याचिका को खारिज कर दी।
- पोलैंड के राष्ट्रपति आंडेज डूडा ने ऐलान किया कि 2024 में अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद अब चुनाव नहीं लड़ेंगे।

**24 सितंबर**
- सुप्रीम कोर्ट ने कोरोना में हुई मौतों का संज्ञान लेते हुए सरकार से पूछा कि आपदा में शवों को संभालते हैं।
- प्रसिद्ध साहित्यकार, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के बड़े सुपुत्र केदारनाथ सिंह का निधन हो गया।
- एक देश एक चुनाव की पहली बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने की।
- प्रधानमंत्री मोदी ने नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

**25 सितंबर**
- वैज्ञानिकों ने खोजा अनोखा ग्रह 'ग्लीज 267वीं' इस ग्रह पर धरती से ज्यादा शुद्धतम लोहा व दोगुना घनत्व है।
- चीनी शोधकर्ताओं ने नई बायोनिक कम कार्बन निर्माण सामग्री विकसित करने में सफलता हासिल की।
- बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल हार्वेस्ट गोल्ड ग्लोबल रेस-2023 की शुरुआत की।
- भारतीय नाविकों ने झारखंड में दो रजत और एक कांस्य पदक जीता।

**26 सितंबर**
- चीन के हांगझोउ में एशियन गेम्स में शूटिंग के 10 मीटर एयर राइफल्स टीम स्पर्धा में भारत के ऐश्वयप्रताप सिंह, दिव्याश सिंह और रुद्राक्ष पाटिल ने देश का पहला स्वर्ण पदक जीता।
- गुणवत्ता नियंत्रण आंदोलन में योगदान के लिए एन एम डी सी ने बेस्ट आर्गेनाइजेशन अवार्ड जीता।
- रक्षामंत्री सी-295 मालवाहक विमान वायुसेना के बेड़े में शामिल करते हुए एयर चीफ मार्शल को आर चौधरी को सौंपा।

**27 सितंबर**
- फिल्म जगत का सर्वोच्च सम्मान दादा साहेब फाल्के पुरस्कार के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री वहीदा रहमान का चयन किया गया है।
- देश की प्रतिष्ठित संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन चेम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) ने प्रदेश के तीन पुलिस अधिकारियों को स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड-2022 प्रदान किया।
- एशियाई खेल में घुड़सवारी में 41 साल के बाद भारत की सुदीप्ति हतेला, दिव्याकृति सिंह, हृदय छेदा, और अनुज अग्रवाल ने स्वर्ण पदक जीता।
- दिल्ली के जंगपुरा के एक ज्वेलरी शो रूम से 25 करोड़ का सोना चोरी हो गया।
- छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पहली टेनिस अकादमी शुरु हुई।

**28 सितंबर**
- छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के सरोदा दादर गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार दिया गया।
- कनाडा के एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी ईकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने व सम्मानित किए जाने के कारण संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल हसदानिया शहर के हॉल में विवाह समारोह के दौरान आग लग जाने से 114 लोगों की मृत्यु हो गई।
- फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंट रोमुअलडेज मार्कोस को बढ़ावा देने के लिए एक मास्टर प्लान कानून पर हस्ताक्षर किया।

**29 सितंबर**
- एशियन गेम्स हांगझोउ में भारत के सरबजीत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने निशानेबाजी स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता।
- हरित क्रांति के जनक महान वैज्ञानिक डॉ एम एस स्वामीनाथन का निधन हो गया।
- नासा के एक फ्रेंक रुबियो और दो अंतरिक्ष रूसी यात्री स्पेस में 371 दिन बिताकर धरती पर सकुशल लौटे।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने संसद में एक यूक्रेनी व्यक्ति को सम्मानित करने के लिए माफी मांगी।

## महिला आरक्षण विधेयक : शकुनि का पांसा

■ संध्या शैली

अंतत: वोट कबाड़ने और सत्ता में बने रहने के लिये आखिरी पांसा भी फेंक दिया गया। 'मनुस्मति' को देश के संविधान से ऊपर मानने वाली, 'संविधान सभा' में हिंदू महिलाओं को अधिकार देने वाले 'हिंदू कोड बिल' के खिलाफ हंगामा करते हुये उसे पारित होने से रोकने वाली महिला विरोधी पलटन ने अंतत: महिला आरक्षण के विधेयक को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से एक पांसे की तरह उछाल दिया है।

इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया? इसीलिए न कि अब लोकसभा और कई बड़े राज्यों के चुनाव सिर पर हैं।

कई महिला संगठन इस विधेयक को पारित करने और महिलाओं को विधायिकाओं में अधिकार देने की कई सालों से मांग कर रहे थे। दिल्ली और देश के कई शहरों, कस्बों और इलाकों में इसकी मांग करते हुये प्रदर्शन हुये, सेमीनार हुये, महिलाओं की बैठकें हुईं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी कोई दूध की धुली नहीं थी, लेकिन उस वक्त जब यह विधेयक राज्यसभा में पारित हुआ था तब लोकसभा में इसे पारित करने में अड़ंगे लगाने वाली भाजपा अब क्यों इस विधेयक को पारित करने का दिखावा कर रही है?

वैसे किसी भी समाज या देश में बदलाव तभी होते हैं जब आम जनता उनके पक्ष में आवाज बुलंद करती है। देश के प्रगतिशील महिला आंदोलनों का ही परिणाम था कि प्रजातांत्रिक परंपराओं और धर्मनिपेक्षता की रक्षा करने के लिये संविधान में संशोधन होते रहे और कानून बनते रहे। 'राष्ट्रीय महिला आयोग' बना और हर राज्य में भी 'महिला आयोग' बने। देश में कामगार महिलाओं की दशा पर सरकार द्वारा एक अध्ययन करवाया गया और महिलाओं के पक्ष में कानून बनाने की कोशिश की गई।

दहेज हिंसा को परिभाषित करते हुये 498 ए जैसा कानून बना, देश में घरेलू हिंसा को रोकने के लिये अलग कानून बनाया गया, कार्यस्थल पर यौन हिंसा के खिलाफ कानून बना, यौन हिंसा की परिभाषा विस्तृत की गई, पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद उन्हें प्रशिक्षित किया गया और अब कई पंचायतों में महिलायें आधे से भी अधिक चुनी गई हैं।

माना कि इन तमाम कानूनों में कई खामियां हैं, लेकिन इन खामियों को दूर करने के लिये आवाज उठाई जा रही है। कुल मिलाकर आज नहीं तो कल महिला आरक्षण विधेयक पारित होना ही था। जो भाजपा हर साल हजारों महिलाओं की जान लेने वाले दहेज अपराध को रोकने के लिये बने 498 ए कानून को कमजोर करने में लगी हो, वह कैसे इस कानून को बनायेगी और महिलाओं को विधायिकाओं में पहुंचने का रास्ता साफ करेगी।

लोकसभा में पारित इस विधेयक और पूर्व में पारित विधेयकों में अंतर यही है कि पहले के विधेयक पारित होते ही लागू हुये थे, लेकिन इस ताजा कानून में पहले से ही 2029 तक की समय-सीमा लगा दी गयी है। यानि दो चुनावों को निपटाने के बाद। अब यह भी कहा जा रहा है कि परिसीमन और जनगणना, विधानसभा और संसदीय क्षेत्रों को तय करने के बाद यह कानून कार्यान्वित किया जायेगा। जनगणना कब होगी?

वर्ष 2021 की जनगणना कोरोना का कारण बताकर टाल दी गई, लेकिन घोषणा करने के बावजूद 2023 के खत्म होने तक उसकी प्रक्रिया भी शुरू नहीं की गई है। तो फिर यह आशा कैसे की जा सकती है कि अगली 2031 में होने वाली जनगणना के आंकड़े समय पर प्रकाशित होकर इस विधेयक के क्रियान्वयन की शर्तों को पूरा कर देंगे? उसके बाद होने वाले परिसीमन के पहले तो इस विधेयक का क्रियान्वयन होने से रहा।

दूसरी बात यह है कि जिस सत्तारूढ़ पार्टी के मंत्री, सांसद, विधायकों पर बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण, हत्या के आरोप हों उससे क्या इस देश की महिलायें अपेक्षा कर सकती हैं कि इस विधेयक का क्रियान्वयन करेगी? क्या यह विडंबना नहीं है कि महिला पहलवानों का यौन शोषण करने वाला सांसद बृजभूषण सिंह 'महिला आरक्षण विधेयक' के पक्ष में हाथ उठाता है? महिला कोच को, जिसने भाजपा की हरियाणा सरकार के खेल मंत्री संदीप सिंह के खिलाफ शिकायत की थी, निलंबित कर देते हैं?

गुजरात में बिल्किस बानो की तीन साल की बच्ची की हत्या करने वालों और बिल्किस की छोटी बहन और मां सहित 11 महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार करने वाले अपराधियों को जेल में अच्छे व्यवहार का सर्टिफिकिट देकर जेल से रिहा करने की सिफारिश करती है? और जेल से रिहा होने के बाद उन बलात्कारियों का सार्वजनिक सम्मान करती है?

जिस सत्ताधारी पार्टी के नेता, विधायक, यहां तक कि महिला सांसद तक कठुआ में हुये घृणित बलात्कार और हत्या तक के प्रकरणों में आरोपी ही नहीं, वरन अपराधियों के समर्थन में जुलूस निकालते हैं, उन्नाव के घृणित बलात्कार और हत्या के प्रकरण में तो भाजपा विधायक कुलदीप सैंगर आरोपी ही नहीं, अपराधी भी साबित हो जाता है, लेकिन आज तक इन तमाम नेताओं को पार्टी से निलंबित नहीं किया जाता। इतना ही नहीं ये नेता उन मासूमों और उनके परिजनों को ही घृणित घटनाओं के लिये जिम्मेदार बता देते हैं।

मध्यप्रदेश में लगातार हुईं घटनायें इसी का सबूत देती हैं। अभी हाल में उज्जैन में 12 साल की बच्ची के साथ हुआ लोमहर्षक कांड मौजूदा सरकार पर शर्मनाक धब्बा है। सागर के पास के गांव में एक युवती और उसकी मां के साथ हुई घटना इसका सबूत हैं कि स्थानीय हत्यारे दबंग नेता और मंत्री इसके लिये युवती और उसकी मां को चरित्रहीन और भाई, जिसकी हत्या कर दी गई, को चोर बता रहे हैं।

दरअसल इतिहास बताता है कि सत्तारूढ़ भाजपा और उसके मातृ संगठन आरएसएस का इस देश की महिलाओं के आंदोलनों में योगदान और देश की रवायत से कोई संबंध ही नहीं रहा है। जिन महिलाओं और देश के लोकतंत्र तथा समता के समर्थक दलों और संगठनों ने इस मुद्दे को लेकर अब तक लड़ाई लड़ी है, उन्हें ही इसे वास्तविक बनाने की लड़ाई भी लड़नी और जीतनी होगी।

*(लेखिका 'अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति' की केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य और 'लोकजतन' की सह-सम्पादक हैं।)*

**इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया?**

## 'गांधी की महिला फौज' : एक रोचक किताब?

■ रघुराज सिंह

महिला आरक्षण पर चहुंदिस जारी कीर्तन के विलक्षण दौर में, हाल ही में 'नेशनल बुक ट्रस्ट' से एक बहुत ही अलग ढंग की किताब छपी है, नाम है- 'गांधी की महिला फौज।' महीना-डेढ़ महीना पहले छपी इस किताब को लिखा है, वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द मोहन ने। जाने क्यों यह किताब अब तक बाजार में नहीं मिल रही?

पिछले साल अक्टूबर में अरविन्द मोहन को इसी विषय पर सुनते हुए लगा था कि यह महिलाओं और गांधी पर, महिलाओं के सशक्तिकरण की दृष्टि से एक अलहदा व्याख्यान है। व्याख्यान इसी पुस्तक पर आधारित था। किताब अगर व्यापक नजरिए से परखी जाए तो यह गांधी के दौर वाले भारत में औरतों के बदलाव का एक विस्तृत दस्तावेज है।

औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।

अरविन्द मोहन ने अपनी किताब में एक विस्तृत भूमिका के साथ, गांधी विचार को अभ्यास में लाने वाली 74 महिलाओं के जीवन के उन पहलुओं को दर्ज किया है जिनके बारे में लोगों की जानकारी बहुत कम है। ये अमीर भी हैं, गरीब भी और वे भी जिनका देश भर में ऊंचा रसूख रहा है। वे विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों, जातियों और वर्गों की हैं। उनमें विदेशी भी हैं जिनमें से ज्यादातर ने अपने हिन्दुस्तानी नाम रख लिए थे और गांधी के साथ हमकदम हुईं थीं। उन्होंने अपना घर-परिवार छोड़ा और गांधी के विभिन्न आन्दोलनों से जुड़ीं। आन्दोलन चाहे देश को आजाद कराने का रहा हो, सत्याग्रहों में आवक-जावक का या फिर सबसे नीचे के तबके की सेवा करने का। इनमें बहुतेरी महिलाएं गांधी विचार की आँच में तपकर खांटी राजनीतिज्ञ भी बनीं। उनके बारे में पढ़कर मालूम होता है कि गांधी-युग की कैसी और कौन-सी दुनिया थी, जब न तो महिला शिक्षा का प्रसार था और न ही तथाकथित आधुनिकता का प्रभाव। इनमें से ज्यादातर वे थीं जो परदे और घर की दहलीज के बाहर पहली बार निकलीं थीं।

किताब बताती है कि भारत लौटने के कुल 15 साल बाद गांधी ने वर्ष 1930 में जब 'नमक सत्याग्रह' शुरू किया, तब तमाम पाबंदियों के बावजूद बीस हजार से ज्यादा औरतों ने गिरफ्तारियां दी थीं। आज तक दुनिया भर में किसी क्रांति, किसी आन्दोलन में इतनी औरतें जेल नहीं गईं। औरतों को मताधिकार की वकालत गांधी तब करते हैं, जब दुनिया में इसकी चर्चा लगभग नहीं थी। परदे से निकलना या धरने पर जाकर चुपचाप बैठ जाना कोई क्रांतिकारी काम है, यह कल्पना गांधी ही कर सकते थे।

इस किताब में शामिल महिलाओं के बारे में लिखने के पहले अरविन्द मोहन गहरी खोजबीन करते हैं। वे कुछ और महिलाओं को लेकर भी लिखना चाहते थे, लेकिन उनके विषय में प्रामाणिक जानकारी का अभाव था। आन्दोलनों में जिस स्तर पर महिलाओं की भागीदारी रही उसमें 74 की संख्या एक प्रतिनिधि आंकड़ा ही कहा जाएगा।

किताब में जिन महिलाओं का जिक्र है, वह उनसे संबंधित आश्चर्यजनक जानकारियों से भरपूर है। सबसे पहले जिक्र ब्रिटिश मूल की नेल्ली सेनगुप्ता का, जिनके बारे में आज शायद ही कोई जानता हो। वे अपने बांग्ला मित्र से शादी कर इंग्लेंड से भारत आईं और जल्दी ही गांधी के प्रभाव में आकर खुद अपनी पितृभूमि के खिलाफ आन्दोलन में शामिल हो गईं और बार-बार जेल गईं।

वर्ष 1934 के कलकत्ता कांग्रेस-अधिवेशन के नामित अध्यक्ष मदनमोहन मालवीय को अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अंग्रेज सरकार ने गिरफ्तार कर लिया था। उस समय गांधी ने, जो स्वयं जेल में थे, नेल्ली सेनगुप्ता को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया। इस विदेशी मूल की महिला ने सारी चुनौतियों का सामना करते हुए हजारों लोगों को जुटाकर अधिवेशन करा दिया। वे खुद अपना अध्यक्षीय भाषण नहीं कर सकीं, लेकिन कांग्रेस की तीसरी महिला अध्यक्ष होने के नाते अंग्रेजों को आन्दोलन की ताकत का अहसास करा दिया। आजादी के बाद उन्होंने अपना जीवन पूर्वी बंगाल (आज का बांग्लादेश) में रचनात्मक सक्रियता में बिताया।

गांधी के रचनात्मक आन्दोलनों से आजीवन जुड़ी रहीं दूसरी महिला थीं, कैथरीन मेरी हेईलमन जिन्हें गांधी ने ही सरला बहन नाम दिया था। ब्रिटेन में पढ़ाई के दौरान गांधी के अहिंसक संघर्ष का विचार उनको आकर्षित करने लगा। बहुत मुश्किलों के बाद गांधी ने उन्हें आश्रम में रहने की अनुमति दी। वे यहां रहकर पूरी तरह भारतीय रंग में ढल गईं और 1941 तक आश्रम में रहीं। बाद में गांधी ने उन्हें कुमाऊं भेजा, जहां उन्होंने श्रमशील, अशिक्षित महिलाओं के बीच लम्बे समय तक काम किया। सरला बहन ने शराबबंदी, खादी, प्राकृतिक खेती और जंगल की रखवाली जैसे कामों से वहां की महिलाओं को जोड़ा। बाद में ये ही महिलाएं विख्यात 'चिपको आंदोलन' की योद्धा बनीं। उन्होंने हिन्दी में बाईस किताबें भी लिखीं।

ऐसी ही एक और शख्सियत थीं, मार्गरेट कजिंस, जिन्होंने गांधी के रचनात्मक कामों और जीवन शैली को अपनाया और महिलाओं की जागृति, शिक्षा, महिला अधिकार और राष्ट्रीय आन्दोलन में योगदान दिया, जेल गईं। उनका अन्तिम संस्कार हिन्दू रीति से हुआ। उनके साथ ही सोंजा श्लेशिन, मार्जरी साइक्स, एश्थर फेयरिंग, मुरियल लिस्टर और मेडलीन स्लेड (मीरा बहन) भी हैं जिन्होंने गांधी के साथ जुड़कर विभिन्न राजनीतिक और रचनात्मक कामों में उनका साथ दिया।

ऊंची शिक्षा और अति प्रभावशाली खानदानों से निकलीं और गांधी से चमत्कृत होकर सारी सुख सुविधाएं छोड़कर आन्दोलनों और सत्याग्रहों में गहरे तक समा गईं कई महिलाएं बहुत से गांधीवादियों से आगे निकल गईं। इनमें पहला नाम है, डॉ. सुशीला नैयर का, जो आज के पाकिस्तान में जन्मीं। दिल्ली के मशहूर 'लेडी हार्डिंग कालेज' से डाक्टरी पढ़कर 1939 में जब वे 'सेवाग्राम' पहुंचीं, तब वहां भयंकर हैजा फैला था। वे इलाज और राहत के काम में जुट गईं। गांधी जी उनकी कम उम्र और सेवा के प्रति निष्ठा से बहुत प्रभावित हुए। डॉ. विधान चन्द्र राय की सलाह पर उन्होंने सुशीला नैयर को अपना निजी डाक्टर ही बना लिया।

सन् 42 के आन्दोलन में सुशीला भी बा और बापू के साथ जेल गईं। महादेव भाई और बा की मृत्यु इसी जेल प्रवास में हुई। इस दौर की डायरी उन्होंने रोज लिखी, गांधी जी ने इसे उपयुक्त माना। उनकी यह डायरी उस वक्त का सबसे भरोसेमंद इतिहास बताती है। 'सेवाग्राम आश्रम' में उन्होंने पहले 'कस्तूरबा अस्पताल' खोला, जो बाद में देश का विख्यात मेडीकल कालेज बना। गांधी के ब्रह्मचर्य के प्रयोग में साझीदार होने की पहली सार्वजनिक स्वीकृति उनकी ही थी। वे बाद में भारत की स्वास्थ्य मंत्री भी रहीं।

ऐसी ही एक दूसरी महिला राजकुमारी अमृत कौर थीं। नाम के अनुरूप वे कपूरथला राजघराने की राजकुमारी थीं जो परिवार के विरोध के बावजूद 'सेवाग्राम' आईं थीं। वे गांधी की निज सहायक भी रहीं। वे आक्सफोर्ड से पढ़ी-लिखी थीं। उन्होंने गांधी से प्रेरणा लेकर परदा-प्रथा का विरोध, देवदासी समाज के कल्याण और बाल-विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ व्यवस्थित काम किया। बाद में वे 'संविधान सभा' की सदस्य रहीं और आजाद भारत की पहली स्वास्थ्य मंत्री भी। दिल्ली में 'ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस' (एम्स) बनाने की पहल उन्हीं की थी। उन्होंने कई और स्वास्थ्य संस्थान भी बनाने में योगदान दिया। वे ईसाई थीं, लेकिन उनका अन्तिम संस्कार सिख रीति से हुआ।

गांधी के यहां सभी की जगह थी। आर्यसमाजी स्वामी श्रद्धानन्द की पोती सत्यवती, उडीसा के मुख्यमंत्री की पत्नी मालती चौधरी, केरल की अक्कम्मा चेरियन और अम्मू स्वामीनाथन, गांधी की गोद ली बेटी लक्ष्मी, दादा भाई नौरोजी परिवार की चार लड़कियां, गांधी से जूझने वाली बीबी अमतुस्सलाम, जयप्रकाश नारायण की पत्नी प्रभावती, रेहाना तैयबजी, दोस्तों जैसी सरोजनी नायडू, अम्मा जैसी हैसियत वाली आब्दी बानो, 'स्वदेशी आन्दोलन' को आगे बढ़ाने वाली कम पढ़ी-लिखी गंगा बहन सभी गांधी के विशाल परिवार का अन्त तक हिस्सा बनी रहीं। महादेवी वर्मा, सुभद्राकुमारी चौहान, एमएस सुब्बुलक्ष्मी और कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसी साहित्यकार और कलाकार भी गांधी की टोली में रहीं। अरूणा आसफअली, सुभद्रा जोशी, सुचेता कृपलानी जैसी महिलाएं भी गांधी की फौज में थीं, बाद में जिन्होंने देश की राजनीति में भी सक्रिय भूमिका निभाई।

अरविन्द मोहन के मुताबिक यह बदलाव अकेले गांधी ने नहीं किया। उनकी सही और संतुलित सोच, अच्छी रणनीति और कई बार औरतों के लिए विशेष अवसर देने का अपना महत्व है, लेकिन असल में यह काम तब सचेत हुई लड़कियों, गांधी और गांधीवादी नेताओं के सम्पर्क में आई महिलाओं ने किया। गांधी के आने और नेतृत्व तक पहुंचने के बाद जिस तरह महिलाएं सामने आईं और हर क्षेत्र में सक्रिय हुईं वह अपने आप में मिसाल है, लेकिन यह किताब गांधी के 'जादू' पर नहीं है। यह उनके प्रभाव से सामने आईं हजारों बहादुर महिलाओं में से कुछ की कहानी पर है। इन्होंने सिर्फ अपना रूपया-पैसा और गहना ही समर्पित नहीं किया, गांधी और मुल्क पर अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

**(लेखक लंबे समय तक मध्यप्रदेश के जनसंपर्क विभाग में वरिष्ठ पद पर रहे हैं।)**

**औरतों में यह परिवर्तन सिर्फ गांधी के कारण ही नहीं आया। इस परिवर्तन को लाने में उस माहौल और उस पर्यावरण की खासी भूमिका रही, जो गांधी ने राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और कुरीतियों के विरोध में बनाया था। इस बदलाव को लाने में उन महिलाओं की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही जो गांधी के असर में आकर समाजसेवा के विभिन्न दायरों में फैली थीं।**

CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

शनिवार 30 सितंबर 2023

उल्टा पुल्टा

घोंचू ने अपने दोस्त पोंचू से कहा- मैं अपनी बीवी की वजह से एक दिन नरक में जाऊंगा, हर दिन झूठ जो बोलना पड़ता है।

पोंचू ने हैरान होकर पूछा- ऐसा क्यों है मेरे भाई?

घोंचू- रोज सुबह-शाम सजने-संवरने के मेरी बीवी पूछती है कि मैं कैसी लग रही हूं।

# मोदी की आमसभा आज साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में



**बिलासपुर** , 29 सितंबर (देशबन्धु)। राज्य की सत्ता में वापसी के लिए प्रदेश भाजपा ने बस्तर और जशपुर आदिवासी अंचल से दो परिवर्तन यात्रा निकाली हैं। दोनों ही यात्रा का शनिवार को बिलासपुर में समापन होना है। समापन अवसर पर विजय संकल्प रैली व सभा का आयोजन किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोपहर दो बजे साइंस कालेज मैदान में सभा को संबोधित करेंगे। आमसभा में बिलासपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले 24 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के अलावा ग्रामीणों की उपस्थिति रहेगी। छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी की यह तीसरी सभा होगी। बस्तर के दंतेवाड़ा और जशपुर से निकली परिवर्तन रथ बिलासपुर जिले के विधानसभा क्षेत्रों में घुम रही है। शनिवार की सुबह बिलासपुर पहुंचेगी। दिग्गज भाजपा नेताओं की मौजूदगी में परिवर्तन यात्रा का औपचारिक समापन होगा। जिले के विधानसभा क्षेत्रों में बीते दो दिनों से प्रचार रथ के जरिए भाजपा के कार्यकर्ता पीएम मोदी की साइंस कालेज मैदान में होने वाली सभा में शामिल होने गांव-गांव प्रचार कर रहे हैं इसका प्रभावी असर भी दिखाई दे रहा है। प्रचार रथ के जरिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की ग्रामीणों को जानकारी भी दे रहे हैं। जिले के अजाजजा व ओबीसी बहुल इलाके में प्रचार रथ के जरिए माहौल बनाने की कोशिश भाजपाई कर रहे हैं।

## सभा स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे भाजपा नेता



साइंस कॉलेज मैदान में कल होगी पीएम मोदी की आमसभा सभा स्थल का जायजा लेने भारतीय जनता पार्टी के नेता साइंस कॉलेज मैदान पहुंचे। जहां उन्होंने पीएम मोदी के लिए बनाए गए मंच,आने वाले कार्यकर्ताओं के बैठक व्यवस्था पार्किंग व्यवस्था सहित सभा स्थल का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव,पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक,पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, अकलतरा विधायक सौरभ सिंह, भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा,प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता भूपेंद्र सवन्नी,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी प्रणव शर्मा, विधायक कृष्णमूर्ती बांधी सहित भारतीय जनता पार्टी के नेता मौजूद रहे। कल सुबह साइंस कॉलेज मैदान सरकंडा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा होगी,जहां बिलासपुर संभाग के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से लाखों कार्यकर्ता आएंगे जहा आज भाजपा के नेताओं ने सभा स्थल का निरीक्षण किया।

## अटल के सपनो का राज्य बनाएंगे-साव



प्रधानमन्त्री मोदी कल बिलासपुर में परिवर्तन रैली की सभा को सम्बोधित करेंगे इसके लिए तैयारी पूरी हो गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने दावा किया की एक लाख कार्यकर्त्ता और जनता मोदी को सुनने पहुंचेंगे मोदी सरकार की उपलब्धि बताते हुए साव ने कहा की चंद्रयान, जी 20और महीला बिल ये तीन सरकार की बड़ी उपलब्धि है जी 20में विदेशी राजनेताओं ने हमारी संस्कृति देखी ये बड़ी उपलब्धि है। परिवर्तन रैली को पीएम मोदी सम्बोधित करेंगे। यात्रा ने 90 विधानसभा के पचास लाख लोगो सेप्रत्यक्ष सहभागिता हुई है। पीएम मोदी को देखने और सुनने लाखो लोग सभा में आएंगे। साव ने लोगो को अटल बिहारी बाजपेयी का शासन याद दिलाया और कहा की अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तिसगढ़ बनाया है हम उनके सपनों का राज्य बनाएंगे। बार-बार ट्रेनें रद्द किए जाने के बात पर कहा कि ट्रेनों के बेहतर परिचालन के लिए कार्य किया जा रहा है इसलिए ट्रेनों रद्द करना परा अब ज्यादातर ट्रेन पटरी पर आ गई है,बाकी भीं धीरे धीरे आ जायेगी। साव ने कहा कार्यकर्ताओ में उत्साह है परिवर्तन की प्रचंड वेग चल रहीं है, कांग्रेस सरकार के खिलाफ़ आक्रोश है। साव ने आयोजन को सफल बनाने की कार्यकर्ताओ से अपील की, प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी पूर्व अध्यक्ष धरमलाल कौशिक , पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक रजनीश सिंह, विधायक शिवरतन शर्मा, महामंत्री विजय शर्मा, विधायक कृष्णमूर्ती बांधी, हर्षिता पांडे, रामदेव कुमावत, साहित अन्य नेता मौजूद थे।

■ मोदी की सभा में पहुंचेंगे प्रदेश भर से एक लाख कार्यकर्त्ता और जनता

# नेवरा में 13 मवेशियों की मौत,कलेक्टर ने कराई जांच



## साजिश की आशंका, अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज

**बिलासपुर** , 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव झा ने तखतपुर ब्लॉक के ग्राम नेवरा में 13 पशुओं के कथित तौर पर भूख से मरने की खबर को गंभीरता से लेते हुए मामले की जांच कराई है। जिला पंचायत सीईओ ने मामले की जांच कर रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी है। जिसके अनुसार पशुओं की मौत गोठान में न होकर बाजार स्थल के समीप एक पुराने पम्प हाऊस में हुई है जो कि गोठान से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वहीं इस घटना पर साजिश की आशंका जाहिर करते हुए नेवरा गोठान समिति के अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने भी कोटा थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाने में भारतीय दण्ड संहिता की धारा 429, पशुओं के प्रति क्रुरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 एवं छग कृषिक पशु परिरक्षण संशोधन अधिनियम 2011 की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

गोठान समिति के अध्यक्ष रामचंद्र यादव द्वारा आज थाने में जो रिपोर्ट दर्ज कराई है उसके अनुसार ग्राम पंचायत नेवरा के बाजार स्थल के पानी टंकी के पास एक पुराना पम्प हाऊस है। उसके अंदर 15 मवेशी मृत हालत में एवं 1 पशु जीवित हालत में पाया गया था। जिसे अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लगभग 7-8 दिन पूर्व लाकर पम्प हाऊस के अंदर भरकर बाहर से दरवाजा लगा दिया गया था। मवेशियों को बिना खाना पानी के क्रूरता पूर्वक पम्प हाऊस के अंदर छोटे से कमरे में भर दिया गया। इसमें 15 मवेशी मृत हालत में एवं एक पशु जीवित हालत में पाया गया। जिला पंचायत सीईओ ने गोठान में पशुओं की मौत को सिरे से नकारते हुए खबर को असत्य एवं भ्रामक बताया है। उन्होंने कहा कि नेवरा गोठान में चारे-पानी की पर्याप्त व्यवस्था आज भी उपलब्ध है। गोठान में चरवाहे की भी व्यवस्था की गई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की मदद से बंद कमरे से मृत पशुओं को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया गया और उन्हें दफनाया गया।

## सार-संक्षेप



### एनएसयूआई का क्विज प्रतियोगिता

### अटल बिहारी यूनिवर्सिटी से संबद्ध सभी कॉलेज के स्टूडेंट्स ले सकेंगे भाग

**बिलासपुर** , 29 सितंबर (देशबन्धु)। भारतीय इतिहास में हमारे महापुरूषों स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान स्वर्णिम अक्षरों में लिखा गया है। महात्मा गांधी का अहिंसा आंदोलन और सम्पूर्ण जीवन जानने का एनएसयूआई अवसर लेकर आया है। अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय से संबद्ध संभाग के सभी 310 कॉलेज में पढ़ने वाले स्टूडेंट 2 अक्टूबर को होने वाली ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं, जिसमें महात्मा गांधी पर आधारित प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता और विजेताओं का किस तरह से चयन किया जाएगा इसकी जानकारी छात्र नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। प्रदेश उपाध्यक्ष तनवीर छाबड़ा ने बताया कि ऑनलाइन क्विज के लिए 30 अक्टूबर से रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल 2 अक्टूबर सुबह 10 बजे तक खुला रहेगा।प्रतियोगिता पूरी तरह निशुल्क है। एनएसयूआई अटल यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष राहुल हंसपाल ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य कॉलेज स्टूडेंट को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बारे में अधिक से अधिक बताना है। भारत की आजादी में उनका योगदान नई पीढ़ी जान सके। उन्होंने कहा प्रोत्साहन के लिए प्रथम पुरस्कार 11 हज़ार दूसरे स्थान के लिए 51 सौ और तृतीय स्थान पर आए विजेता छात्र को 31 सौ नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### ब्लॉक एक के अध्यक्ष जावेद मेमन ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी की दी मुबारकबाद



**बिलासपुर** , 29 सितंबर (देशबन्धु)। जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व शहर में बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मस्जिदों में मुस्लिम जमात के लोगों ने नमाज पढ़कर एक दूसरे को गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाइयां दी। ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमंन ने किया भव्य स्वागत कांग्रेस साथीगढ़ हुए शामिल। सत्यम चौक से जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक मौके पर निकलने वाले पैदल जुलूस अग्रसेन चौक तारबहार नाका गांधी चौक गोल बाजार होता हुआ राजेंद्र नगर से ईदगाह में जाकर जुलूस समाप्त होता है। जुलूस एकता का संदेश देता हुजूर सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के यौमे विलादत पर निकलने वाले जुलूस में शहर के साथ साथ आसपास के गांव के लोग भी शामिल होते हैं। जुलूस का स्वागत करने वाले में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष तैयब हुसैन युवा कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष जयकिशन यादव राजू अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश सचिव सोहेल अहमद जोन अध्यक्ष विनय वैद्य युवा कांग्रेस के शहर उपाध्यक्ष अयाज खान वकार खान शांतनु मेश्राम रिजवान खान छोटू यादव प्रेम सोना हुआ बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे। इस अवसर पर उसकी देन कमेटी सहित तमाम कमेटियों द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया। जिसका शहर के तमाम चौक चौराहों पर भव्य स्वागत करते हुए मुबारकबाद दी गई। जुलूस का पूरे जोश के साथ स्वागत किया गया एवं जुलूस में शामिल मुस्लिम जमात के लोगों को शहर ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने आत्मीयता पूर्वक गले मिलकर ईद मिलादुन्नबी की बधाइयां दी। जावेद मेमन ने कार्यकर्ताओ व समर्थको सहित अनेक कांग्रेसजन उस्तिथ रहे।

# मस्तूरी जनपद के मनरेगा शाखा में हुआ शार्ट सर्किट,मचा हड़कंप,बाल बाल बचे लोग




**बिलासपुर** , 29 सितंबर (देशबन्धु)। जनपद पंचायत मस्तूरी में शुक्रवार को मनरेगा शाखा के मिटींग हाल में पंचायत एवं कृषि विभाग व निर्वाचन संबंधी बिएलओ का विशेष बैठक चल रही थी, कि अचानक मनरेगा शाखा के लगे विधुत कनेक्सन में शार्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई।

आग लगने की ख़बर जैसे ही मिटींग हाल में बैठे अधिकारि कर्मचारियों को हुआ तो लोगों में हड़कंप मच गई, और लोग इधर-उधर अफरा तफरी करने लगे, आनंन फानन में मनरेगा विभाग के आपरेटर विकास बंजारे के द्वारा सक्रियता दिखाते हुए अग्नि समक यंत्र का उपयोग कर आग पर काबू किया गया। घटना दोपहर 3.30बजे के आस पास हुआ है। क्षेत्र में लगातार दो तीन दिनों से हो रही बारिशों के वजह से जनपद प्रांगण में पानी का भराव बना हुआ है,समय रहते बिजली की शार्ट सर्किट पर ध्यान नहीं दिया जाता तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी।

मस्तूरी जनपद के डिप्टी कलेक्टर सीईओ पियुष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बिजली की शार्ट सर्किट पर समय रहते काबू कर लिया गया था, किसी भी प्रकार की कोई जान माल की घटना घटित नहीं हुई है।

# दुकानों का शटर तोड़कर चोरी करने वाले 2 आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## 12 लाख 50 हजार नगदी,साढ़े अठारह किलो सोना के जेवरात व हीरे बरामद

### दिल्ली में 25 करोड़ की चोरी को अंजाम देकर भिलाई में छुपा था

**बिलासपुर** , 29 सितंबर (देशबन्धु)। सिविल लाईन पुलिस व एसीसीयू टीम बड़ी सफलता हाथ लगी हैं। मुख्य चोर लोकेश श्रीवास को गिरफ्तार होते ही उसके कब्जे से लगभग 12 करोड़ का सोना एवं हीरे का सामान तथा 12 लाख 50 हजार रूपये नगद बरामद किया गया हैं। मुख्य आरोपी को दुर्ग भिलाई से गिरफ्तार किया गया हैं। 28 अक्टूबर को ही सिविल लाईन पुलिस एवं एसीसीयू बिलासपुर टीम द्वारा आरोपी के साथी शिवा चन्द्रवंशी को कवर्धा से गिरफ्तार किया गया था। रेड कार्यवाही में दिल्ली पुलिस का सहयोग रहा।



पुलिस ने बताया कि 19 सितंबर 2023 को श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 05 बड़ी दुकानों एवं 25अगस्त 2023 को सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 05 बड़ी दुकानों कुल 10 दुकानों में अज्ञात चोर द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। जिस पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त चोर को पकड़ने हेतु अलग-अलग टीम बनाकर निर्देश दिये गये थे जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेन्द्र जायसवाल, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन संदीप पटेल (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य एवं एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू के नेतृत्व में टीम बनाकर मुखबीर तंत्र को मजबूत कर एवं तकनिकी साक्ष्यों के आधार पर लगभग 300 सीसीटीव्ही फुटेज को खंगालने पर आरोपी जिला कबीरधाम का निवासी होना पाया गया।

जिसे पकड़ने हेतु घटना दिनांक से टीम आरोपी के निवास एवं रिस्तेदारों के निवास के आसपास डेरा जमाये हुए थी। जो 28 सितंबर 2023 को घटना के मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास अपने साथी शिवा चन्द्रवंशी के साथ अपने निवास के आसपास दिखाई दिया कि सूचना पर रेड कार्यवाही की गई जहां पर उसका सहयोगी शिवा चन्द्रवशी पिता बेनी माधव चंद्रवंशी उम्र 23 वर्ष निवासी गायत्री मंदिर के पास कवर्धा एवं मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास घर की खिड़की से कूद कर भाग गया।

शिव चन्द्रवंशी को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ की गई जिसने उपरोक्त घटनाओं में लोकेश श्रीवास के साथ रहकर घटना कारित करना स्वीकार किया। जिसके कब्जे से लगभग 23 लाख रूपये की मशरूका बरामद किया गया। मुख्य आरोपी लोकेश श्रीवास को बिलासपुर पुलिस की एसीसीयू व सिविल लाईन थाने के टीम ने स्मृतिनगर थाना क्षेत्र दुर्ग भिलाई के किराये के मकान से घेराबंदी कर दिल्ली पुलिस के सहयोग से पकड़ा गया। जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसके पास से बिलासपुर के विभिन्न मामलों में चोरी गए 12 लाख 50 हजार रूपये नगदी एवं साढ़े अठारह किलो सोना के जेवरात व हीरे बरामद की गई।

लोकेश श्रीवास द्वारा कुछ दिनों पूर्व दिल्ली में हुई बड़ी चोरी की घटना में शामिल होना बलाया. एवं थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत श्रीराम क्लाथ मार्केट स्थित 05 दुकानों पूजा ग्रीन अपार्टमेंट, सस्कृति रेडिमेंट शोरूम, नरेश फैशन, श्रीराम क्लाथ स्टोर, तथा सत्यम चौक से अग्रसेन चौक के बीच स्थित 05 दुकानों प्लेटिनम शू-मॉल, बासुरी मैचिंग सेंटर मान्यवर शोरूम, कामेश टेडर्स, एवं टाईम मैलेस में चोरी की घटना को अंजाम देना बताया है। लोकेश श्रीवास से पूछताछ जारी है, और भी खुलासे होने की संभावना है।

प्रकरण की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाईन प्रदीप आर्य, एसीसीयू प्रभारी कृष्णा साहू, थाना सिविल लाईन से उपनिरीक्षक भावेश लेण्डे अजहर उद्दीन, आरक्षक सोनू पाल, अविनाश कश्यप, एसीसीयू टीम बिलासपुर से सउनि शोभनाथ यादव, प्रआर देवमून पुहूप, आरक्षक तरूण केशरवानी, सत्या पाटले, तदबीर पोर्ते, विकास राम, बोधुराम, प्रशांत सिंह एवं दिल्ली पुलिस का विशेष योगदान रहा।

# कलेक्टर ने व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र व दृष्टि श्रवण बाधितार्थ स्कूल का किया निरीक्षण

### आश्रयदत्त कर्मशाला में अब चौबीस घंटे होंगे हेल्थ वर्कर

### हर सप्ताह मोबाइल मेडिकल यूनिट से होगा स्वास्थ्य परीक्षण

**बिलासपुर** , 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आज शहर के तिफरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगों के लिए संचालित शासकीय आश्रयदत्त कर्मशाला व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र, शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल और ब्रेल प्रेस का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने आश्रयदत्त कर्मशाला प्रशिक्षण केन्द्र में चौबीस घण्टों के लिए पूरी तरह समर्पित हेल्थ वर्कर नियुक्त करने कहा। इसके अलावा मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा हर सप्ताह यहां प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हितग्राहियों की जांच करने और मेडिकल सुविधा मुहैया कराने कहा।




कलेक्टर ने प्रशिक्षण केन्द्र का बारीकी से निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से चर्चा भी की। उन्होंने पूरे इत्मीनान से सभी की बात सुनी। कलेक्टर ने उनकी मांग पर संगीत उपकरण और संगीत शिक्षक उपलब्ध कराने कहा। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर को बताया गया कि अभी फिलहाल 71 प्रशिक्षणार्थियों ने 5 विधाओं में प्रशिक्षण के लिए अपना पंजीयन कराया है जिनमें से 41 लोग हॉस्टल में रहते हैं। कलेक्टर ने सभी विधाओं में दिए जाने वाले प्रशिक्षण कक्षों जैसे कम्प्यूटर और तकनीक, ब्यूटी पार्लर, कॉमर्स, पेंटिग एवं प्रिंटिग प्रशिक्षण सहित अन्य का निरीक्षण कर प्रशिक्षण सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने रोजगारपरक कोर्स जैसे टैली का प्रशिक्षण देने कहा जिससे आसानी से इन्हें रोजगार मिल सके। इसके अलावा उन्होंने बाजार की जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षित करने कहा। कलेक्टर ने ब्वॉयस एवं गर्ल्स हॉस्टल की भी व्यवस्थाएं देखी। भोजन की गुणवत्ता परखने के लिए रसोई कक्ष भी देखा। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि भोजन की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए।

कलेक्टर ने दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ स्कूल का निरीक्षण किया। यहां 190 बच्चे अभी अध्ययन कर रहे हैं। कलेक्टर ने स्कूल में साफ-सफाई सहित स्कूल भवन मरम्मत करवाने के निर्देश समाज कल्याण विभाग को दिए। इसके अलावा बच्चों की सुविधा के लिए स्कूल में ब्रेल लिपि से मार्ग का चिन्हांकन करवाने कहा। स्कूल में सभी दरवाजों और खिड़कियों में मच्छरों से बचाव के लिए जाली लगाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर ने बिलासपुर में संचालित पूरे छत्तीसगढ़ का एकमात्र ब्रेल लिपि प्रेस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत, समाज कल्याण की संयुक्त संचालक श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू उपस्थित थी।

## सार-संक्षेप

### पितृपक्ष शुरू, पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए होंगे अनुष्ठान

**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए अनुष्ठान शुक्रवार से शुरू हो गया है। मान्यता है कि पितृपक्ष में किए गए तर्पण से पूर्वजों का आशीर्वाद मिलता है। पितृपक्ष का समापन 14 अक्टूबर को होगा। इस बार पितृपक्ष 16 दिन का रहेगा।



बता दें कि पितृपक्ष, भाद्रपद मास की पूर्णिमा यानी पौष्टपदी पूर्णिमा से ही शुरू हो जाती है। इस वर्ष 3 अक्टूबर को चतुर्थी और पंचमी एक ही दिन रहेगी जबकि सप्तमी तिथि 6 और 7 अक्टूबर दो दिन की है। मान्यता है कि मंत्रों के साथ काली तिल, चावल और कुशा मिश्रित जल से तर्पण करने से पितृ दोष शांत होता है। पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद करके उनका श्राद्ध कर्म किया जाता है। श्राद्ध न केवल पितरों की आत्मा की शांति के लिए किया जाता है, बल्कि उनके प्रति अपना सम्मान प्रकट करने के लिए भी किया जाता है। मान्यता है कि पितृपक्ष में पितरों का श्राद्ध करने से उनकी कृपा प्राप्त होती है और हर प्रकार की बधाओं से मुक्ति मिलती है। पितृपक्ष समाप्त होने के बाद नवरात्रि शुरू होगी।

### संकल्प शिविर में शामिल हुए नवीन, प्रदेश अध्यक्ष व अन्य का किया स्वागत



**कोरबा**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा विधानसभावार संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के दीपका स्थित सांस्कृतिक भवन, पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंघिया में भी शुक्रवार को संकल्प शिविर आयोजित हुआ। इस शिविर में छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के सदस्य नवीन सिंह भी सिंघिया व दीपका में शामिल हुए। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। नवीन सिंह ने इस दौरान श्रम कल्याण मंडल के तहत शासन की संचालित योजनाओं का जिले में हो रहे क्रियान्वयन के संबंध में संक्षिप्त चर्चा प्रदेश अध्यक्ष से किया और बताया कि जिले में वे नजर रखे हुए हैं। संकल्प शिविर में कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, पाली-तानाखार विधायक मोहितराम केरकेट्टा, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, गौसेवा आयोग के सदस्य प्रशांत मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर, जनपद अध्यक्ष पाली दुलेश्वरी सिदार, ब्लाक अध्यक्ष बचन साय कोर्राम, असमेर पोर्ते, यशवंत लाल, अमरनाथ कैवर्त्य, अशोक मिश्रा, अर्चना द्विवेदी, गरूण कंवर, सत्यनारायण पैकरा, ममता कश्यप, गुरूचरण सिंह, लक्ष्मी अग्रवाल, रतन मित्तल, प्रदीप जायसवाल, नरेश देवांगन, अशरफ मेमन, लालबाबू ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### रवि रजक कर रहे चुनाव की तैयारी क्षेत्र के लोगों से सतत जनसंपर्क

**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हुंकरा निवासी और क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले समाजसेवी शंकर-रोहिणी रजक के पुत्र रवि रजक चुनाव लडने की तैयारी कर रहे हैं। उनके द्वारा क्षेत्रवासियों से लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है और जनसंपर्क में उन पर लोग भरोसा भी जताने लगे हैं। मां कोसगई सेवा संस्थान के संस्थापक शंकर रजक के द्वारा न सिर्फ हुंकरा बल्कि कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जरूरतमंदों के लिए काम किया जा रहा है। सुख-दुख के कार्यों में जब जहां जैसी जरूरत पड़ी है वे लोगों के काम आते रहे हैं। शंकर रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रोहिणी रजक जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 की पूर्व सदस्य हैं और उनका भी अपने क्षेत्र में व्यापक जनाधार है। क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक तौर पर भी अच्छी पकड़ रोहिणी-शंकर रजक की है। रवि रजक ने कहा है कि समाज सेवा का बीड़ा उनके माता-पिता ने उठाया है जिसको वे आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए राजनीति को सेवा का माध्यम चुना है। क्षेत्रवासियों के समर्थन और सहयोग से वे चुनाव लडने के लिए तैयारी कर रहे हैं। उनके द्वारा क्षेत्र के लोगों से एवं गांव-गांव जाकर जनसंपर्क किया जा रहा है।



### न्यू ऐरा स्कूल में मना पैरेन्ट्स डे



**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। न्यू ऐरा प्रोग्रेसिव स्कूल में ग्रेण्ड पैरेन्ट्स डे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के संरक्षक बीएल साहू थे। कार्यक्रम में छात्रों ने मनमोहक प्रस्तुति दी, साथ ही दादा-दादी व नाना-नानी ने भी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उनके लिए खेलकूद का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में संस्था के चेयरमैन किशोर कुमार साहू व निर्देशक दिलीप साहू भी उपस्थित थे।

### एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति पंजीयन प्रारंभ

**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कक्षा 9वीं से 12 तक सत्र 2023-24 के लिए एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों की पात्रता अनुसार राज्य/केन्द्रीय छात्रवृत्ति के लिए राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल में 27 सितम्बर 2023 से उपलब्ध कराया जा गया है। विद्यार्थियों की ऑनलाईन पंजीयन करने के लिए नए प्रवधान अनुसार कक्षा 9वीं से 12वीं तक पात्रताधारी सभी विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल पर पंजीयन किया जाना है। जिसका शाला स्तर सत्यापन के लिए 20 अक्टूबर 2023 तक अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित समयावधि में ऑनलाईन छात्रवृत्ति का कार्य संपादित करना सुनिश्चित करें।

# आयुष्मान भवः सीएचसी में स्वास्थ्य मेला का आयोजन, 292 मरीज लाभान्वित

## 18 लोगों ने अंगदान के लिए पंजीयन कराया



**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केसरी के नेतृत्व में आयुष्मान भव- अभियान के तहत जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा उपस्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों के इलाज के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित कर शपथ भी दिलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन कर 292 लोगों का रजिस्ट्रेशन उपरांत उपचार किया गया। 5 लोगों को आभा नम्बर जारी किया गया तथा 8 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। शिविर में 18 लोगों ने अंगदान हेतु पंजीयन कराया है। अभियान के तहत शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर सिकलिन जांच किया गया।

अभी तक जिले में 122 आभा नंबर, 155 आयुष्मान कार्ड, अंगदान 175 हेतु रजिस्ट्रेशन हो चुका है, तथा कुल 2132 लोगों ने उपचार प्राप्त किया है। सीएमएचओ ने बताया कि 4 अक्टूबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी-उपरोड़ा में स्वास्थ्य मेला में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है साथ ही छूटे हुए हितग्राही शिविर में अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।



### डेंगू, मलेरिया और मौसमी बीमारियों के नियंत्रण की कार्ययोजना

कोरबा, 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में निगमायुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की अध्यक्षता में विगत दिवस नगर निगम सभाकक्ष में डेंगू, मलेरिया एवं मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु अंतर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी ने बताया कि बैठक में डेंगू, मलेरिया तथा मौसमी बीमारियों के कारण, लक्षण एवं उपचार के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा इन बीमारियों से बचाव की जानकारी भी दी गई। सीएमएचओ द्वारा आयुष्मान भव- अभियान की जानकारी दी गई तथा अंगदान के संबंध में वहाँ उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जानकारी दिया गया तथा अंगदान हेतु शपथ भी दिलवाया गया। साथ ही जिले में मौसमी बीमारियों के नियंत्रण में जनजागरूकता हेतु नगर निगम से अपेक्षित सहयोग करने की अपील की गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री खजांची कुमार, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग तथा निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# बाड़ी विकास योजना में जमकर भ्रष्टाचार कैसे समृद्ध होंगे दत्तक पुत्र

**पहाड़ी कोरवा व बिरहोरों के लिए योजना को पलीता लगाया**






**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले पहाड़ी कोरवा एवं विशेष संरक्षित जनजाति बिरहोरों के लिए बनाई गई शासन की योजना में जमकर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। बाड़ी विकास योजना के क्रियान्वयन में लगे अधिकारियों से लेकर संबंधित गैर सरकारी संगठन के द्वारा इसमें काफी गड़बड़ी की गई है जिस पर जांच कर एफआईआर दर्ज कराते हुए रिकव्हरी की मांग उठी है।

जिले की पहचान पहाड़ी कोरवाओं की जीवन शैली को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उन्नतिशील बनाने हेतु शासन द्वारा बाड़ी विकास योजना का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। जंगलों में रहने वाले पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर संरक्षित जनजाति के चयनित हितग्राहियों को एक निश्चित क्षेत्रफल में विकसित खेती योग्य बाड़ी बनाकर देने की यह योजना है लेकिन इसमें भी पलीता लगाया गया है। बाड़ी विकास योजना के लिए जारी राशि में जमकर बंदरबांट हुई हैं। शासन द्वारा चयनित पहाड़ी कोरवा परिवार के अलग-अलग हितग्राहियों को लगभग 3 लाख 37 हजार 100 रुपए की राशि से पूर्ण विकसित बाड़ी के साथ-साथ कृषि कार्य हेतु कृषि वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण भी दिलाना था। कोरबा विकासखंड में 90 पहाड़ी कोरवा परिवार को एक संपूर्ण विकसित बाड़ी बनाकर एवं हितग्राही को प्रशिक्षण देते हुए क्रियान्वयन करना था जिसमें अकेले कोरबा ब्लाक में ही करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई है। बाड़ी विकास योजना के लिए जारी राशि में से 1 लाख रुपए का भी काम नहीं कराया गया और इसकी पुष्टि मौके पर हुए कार्य को देखकर ही की जा सकती है। जिले के अन्य ब्लाक में भी भ्रष्टाचार का यह खेल खेला गया है। इस तरह की गड़बड़ी की जांच के लिए एक विशेष कमेटी बनाने तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संबंधित गैर सरकारी संगठन पर एफआईआर दर्ज कराते हुए राशि की रिकव्हरी कराने की मांग की गई है।

### 10 वर्षों में क्रियान्वित योजनाओं की जांच हो

लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के जिलाध्यक्ष राजकुमार दुबे ने कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत शिकायत में मांग किया है कि सुदूर जंगल क्षेत्र में बसे पहाड़ी कोरवा एवं अन्य विशेष संरक्षित जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक विकास के नाम पर विगत 1 वर्षों में जो भी योजना चलाई गई और क्रियान्वयन हुआ है, उन सभी की जांच कराई जाए। उक्त जनजातियों के लिए राज्य व केन्द्र सरकार के द्वारा अब तक अरबों रुपए योजनाओं में खर्च किए जा चुके हैं। इसके बाद भी जनजातियों की स्थिति बदतर बनी हुई है। इन योजनाओं में भ्रष्टाचार के कारण पूर्णतः धरातल पर नहीं उतर सके हैं।

## एक करोड़ 55 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन




**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के वार्ड क्र. 7 एवं 8 अंतर्गत 1 करोड़ 55 लाख 30 हजार रूपये की लागत से 4 विकास कार्यो का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर राजकिशोर प्रसाद ने की। विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद संतोष लांझेकर, पार्षद सुफलदास महंत, एल्डरमेन बच्चूलाल मखवानी एवं सनददास दीवान, प्रेम मित्तल, कमल यादव, मनीषा अग्रवाल थे।

भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर ने कहा कि कोरबा के पोखरीपारा बस्ती में डेढ़ करोड रूपये से अधिक की लागत से भूमिपूजन राजस्व मंत्री के द्वारा किया गया है जिस पर वे आभार व्यक्त करते हैं। पार्षद संतोष लांझेकर ने अपने वार्ड में विकास कार्य कराये जाने पर आभार जताया। भूमिपूजन कार्यक्रम में शांति साहू, सरस्वती चौहान, कुलदीप अहिरवार, नसीब खान, रतनदास, श्री नागवंशी, दिनेश चौहान, रमैया यादव, अजय यादव, रमला बाई, विमला देवी, तुलसी वर्मा, रविना मिर्री, राजकुमारी सोनवानी, चैनबाई कुर्रे, कार्तिक चौहान, भानू यादव, राकेश चौहान, प्रधान पाठक सीतामणी, डॉ.ओमप्रकाश महंत, प्रताप सिंह, गायत्री प्रजापति, लैनदास मिर्री, रानी पांडे आदि उपस्थित थे।

### इतवारी एक्सप्रेस का किया स्वागत

कोरबा, 29 सितंबर (देशबन्धु)। 29 सितंबर को सुबह 9 बजे कोरबा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 18240 इतवारी-कोरबा-इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस का प्रथम आगमन हुआ। इस ट्रेन का स्वागत नागरिक जन सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित उपस्थित लोगों ने किया। कोरबा-इतवारी-कोरबा शिवनाथ एक्सप्रेस के कोरबा तक बिना रुकावट विस्तार होने पर नागरिक जन सेवा समिति के अध्यक्ष मो. न्याज नूर आरबी व अन्य पदाधिकारियों ने ट्रेन चालक द्वय का फूल माला, श्रीफल से स्वागत कर मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर दिलीप अग्रवाल, श्रीमती सिमरन कौर, श्रीमती लता बौद्ध, जगदीश पटेल, अनिल कोडवानी, मंसूर शेख, अशोक अग्रवाल, पवन सिन्हा, राजकुमार दुबे, अजय शर्मा, राजीव शर्मा, संजीत सिंहा, सत्या जायसवाल, उमेश बोधानी, मो. ताज अली, अजय चौहान, दिलीप चौहान, आरपीएफ रेलवे के एसआई आर.एस. चंद्रा, एएसआई एसके शर्मा, कुली संघ व अन्य संगठन के लोग उपस्थित रहे।



## संकेत साहित्य समिति का 42वां स्थापना दिवस मनाया गया



**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। संकेत साहित्य समिति कोरबा इकाई द्वारा पंडित मुकुटधर पांडेय साहित्य भवन में 42वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनुस दानियालपुरी ने की। अतिथि उमेश अग्रवाल, जेपी श्रीवास्तव, महावीर प्रसाद चन्द्रा दीन, भुवनेश्वर देवांगन नेही, इकबाल अंजान एवं अंजना सिंह मंचस्थ थे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के पश्चात माँ शारदे की वंदना प्रस्तुत की गई एवं अतिथियों का सम्मान बैच लगाकर किया गया।

संकेत सहित समिति के गठन पर सचिव डॉ.कृष्ण कुमार चन्द्रा ने बताया कि बालको नगर में 11 सितंबर 1981 को गठन हुआ था व इसके प्रेरणा स्रोत एवं संस्थापक डॉ. माणिक विश्वकर्मा नवरंग हैं, जो अभी प्रांतीय संयोजक एवं अध्यक्ष हैं। यह समिति विगत् 42 वर्षों से साहित्यिक गतिविधियों के लिए ख्याति प्राप्त है। साहित्य में संकेतों, प्रतिबिंबों एवं नये उपमानों के माध्यम से अपनी बात कहने से रचना बहुत प्रभावित होती है और संकेत साहित्य समिति सदैव अपने साहित्यकारों एवं नवोदित कवियों को छंद एवं मुक्तछंद के माध्यम से नित नये सृजन हेतु प्रेरित करती रही है। कार्यक्रम के दौरान उर्जाधानी के 35 साहित्यकारों ने काव्यपाठ किया। काव्यपाठ का शुभारंभ इकबाल अनजान और समापन मो. यूनुस दनियालपुरी की गज़ल के साथ हुआ। एम.आर.राव, जे.पी.श्रीवास्तव, गीता विश्वकर्मा, मनीष कुमार, देवव्रत कुर्रे, राधे श्याम साहू, गीतकारों में डॉ.कृष्ण कुमार चन्द्रा, कविता जैन, जितेंद्र वर्मा, पूजा तिवारी, रसीदा बानो, मंजुला श्रीवास्तव, संतोष मिरी, ज्योति दीवान एवं अर्चना साहू, कौशिल्या खुराना, रश्मि मानिकपुरी, रामकृष्ण साहू, प्रभात शर्मा, निर्मला ब्राह्मणी, इंदू देवांगन, डॉ. मंजुला साहू, अंजना सिंह, अनुसूईया श्रीवास, रेशमा ठाकुर, बलराम राठौर व भुनेश्वर देवांगन, धरम सिंह साहू, दीपक सिंह, बंशीलाल यादव अभिलाषी ने विभिन्न विषयों पर रचनाओं की प्रस्तुति दी। महावीर प्रसाद चन्द्रा दीन ने छत्तीसगढ़ की महिमा, व दरोगा दास ने कोला बारी एवं उमेश अग्रवाल ने मां सर्वमंगला रचना पढ़कर खूब तालियाँ बटोरी। कार्यक्रम का संचालन मंजुला श्रीवास्तव एवं जितेंद्र वर्मा तथा डॉ. नवरंग ने आभार व्यक्त किया।

# पेड न्यूज, राजनीतिक विज्ञापन सहित सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार की मॉनिटरिंग

- **बिना अनुमति के विज्ञापन प्रकाशित कराने पर नियमानुसार की जाएगी कार्यवाही**



**कोरबा,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिये भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार हेतु मापदंड की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स डॉ.एम.एम.जोशी ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में बताया कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग की जायेगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग आफिसर द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। जिले में गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों की सतत मानिटरिंग की जायेगी। विज्ञापन प्रकाशित होने पर जो भी खर्च है उसे अभ्यर्थी के खाते में जोड़ा जायेगा। अलग-अलग इलेक्ट्रानिक चैनलों में यदि एक ही तरह के फोटो और मैटर लगातार एक ही अभ्यर्थी के पक्ष में प्रचार हो तो ऐसे समाचार प्रसारण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। ऐसी सभी समाचार पेड न्यूज की श्रेणी में शामिल होंगे तथा उसका खर्च संबंधित अभ्यर्थी के निर्वाचन खर्च में जोड़ा जायेगा।

डॉ. जोशी ने बताया कि राजनीतिक दल एवं निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को टेलीविजन चैनल या केबल नेटवर्क पर विज्ञापन जारी करने के पहले निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करने के पूर्व जिला स्तरीय समिति से प्रमाणन कराना जरूरी होगा।

### भ्रामक व अनर्गल प्रचार व प्रकाशन नहीं

प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन के दौरान भ्रामक एवं अनर्गल प्रचार-प्रसार तथा जाति-धर्म के आधार पर प्रकाशन नहीं होना चाहिए। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान के एक दिवस पहले बिना एमसीएमसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा। आदर्श आचार संहित घोषणा के बाद मीडिया सेंटर सक्रियतापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के संबंध में जानकारी दी। सोशल मीडिया विज्ञापन पर किया गया व्यय कंटेंट, इंटरनेट कंपनी को भुगतान चुनाव व्यय में सम्मिलित होगा। सोशल मीडिया में शांति भंग करने, सामाजिक सौहार्द्र बिगाडने, देश के संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत और किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला कटेन्ट नहीं होना चाहिए। इस दौरान मीडिया प्रमाणन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय व निर्वाचन आयोग के निर्देश, प्रमाणन के आधार, समिति का अधिकार क्षेत्र, मीडिया प्रमाणन की आवश्यकता, मीडिया निगरानी, पेड न्यूज, फेक न्यूज सहित अन्य विषय पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन सुश्री सीमा पात्रे, एमसीएमसी के नोडल अधिकारी सेवाराम दीवान संयुक्त कलेक्टर, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पीआर महादेवा, सदस्य श्रीमती साधना खरे, डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे, डॉ. राजेश कुमार सक्सेना, निलेश कुजुर मण्डल अभियंता बीएसएनएल, हेमंत कुमार जायसवाल जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, कमल ज्योति जिला जनसंपर्क अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप

### नवीन पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या एवं बालक छात्रावास का किया गया शुभारंभ

**अम्बिकापुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा स्वीकृत नवीन पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास एवं नवीन पोस्ट मैट्रिक अन्य पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास, अंबिकापुर का शुभारंभ बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री राकेश गुप्ता भी उपस्थित रहे। छात्रावास में नवप्रवेशित छात्रों व आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में सुसज्जित भवन में फीता काटकर प्रवेश दिलाया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री प्रकाश कश्यप द्वारा किया गया जिसमें विभाग का नेतृत्व करते हुए आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री डीपी नागेश ने विभाग की ओर से छात्रों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए सहायक संचालक श्री महेन्द्रपाल खाण्डेकर ने सभी उपस्थित अतिथियों व अधिकारी व कर्मचारियों व छात्रों को शुभकामना दी।

### प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस के लिए 4 लाख रुपये की राशि मंजूर

अम्बिकापुर 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर कुंदन कुमार ने प्राकृतिक आपदा में मृतक के निकटतम वारिस के लिए 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। तहसील मैनपाट के ग्राम बिसरपानी निवासी कबरा मझवार की नाला में गिरने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस झूरी, घुरनी, बुधनी, ईलन, बरी को 4 लाख रूपये की राशि की मंजूरी दी है। इस राशि की मंजूरी राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा राहत के अंतर्गत दी गई।

### ईवीएम/वीवीपीएटी तथा मतपत्र मुद्रण कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**अम्बिकापुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के कार्य अंतर्गत ईवीएम/ वीवीपीएटी तथा मतपत्र मुद्रण कार्य हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जिसके अंतर्गत मतपत्रों का मुद्रण शासकीय मुद्रणालय से कराना, डाक मतपत्र कार्य, वेयर हाउस एवं स्ट्रांग रूम हेतु आवश्यक पंजी का संधारण इत्यादि कार्य किया जाना है। उक्त कार्य संपादन हेतु जिला कोषालय के सहायक प्रोगामर श्री विनोद कुमार सिंह, सहायके ग्रेड-01 श्री बनारसी प्रसाद, श्री सुशील कुमार गुप्ता, श्री सुरेश पैंकरा श्री मनीष शुक्ला, सहायक ग्रेड-02 श्री सतीश कुमार, श्री संतोष कुमार पटेल, श्री अनिल तिर्की, श्री सुनील कुमार टोप्पो, सहायक ग्रेड-03 श्री ऋषभ कुशवाहा, श्री सुमित उपगढ़े, श्री अभिजीत सिंह, एवं भृत्य श्री सोमारू राम को सहायक के रूप में कार्य कार्य किए जाने हेतु आदेशित किया गया है।

### आचार संहिता लगते ही हटाये जायेंगे जनप्रतिनिधियों के फोटो

**सूरजपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा आसन्न विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही राज्य में आचार संहिता प्रभावशील हो जायेगी। विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के त्वरीत उपरांत शासकीय वेबसाइट से जनप्रतिनिधियों के संदर्भ, फोटोग्राफ्स आदि हटाये जाना है। जिसका अनुपालन सभी शासकीय निगम मंडल व आयोग राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रम के द्वारा किया जाना है।

### मेरी मिट्टी मेरा देश'अभियान में सूरजपुर जिला भी शामिल

**सूरजपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार वित्त मंत्रालय द्वारा ''मेरी मिट्टी मेरा देश'' अभियान के तहत देश के 14 राज्यो से 52 जिलों का चयन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश जोन से जिला सूरजपुर को चयनित किया गया। अग्रणी बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा जिला के ब्लॉकवार गाँवों का भ्रमण कर मिट्टी इकठ्ठा कर कलश संबंधित सभी 6 ब्लॉक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सुपुर्द किया गया। जिला अग्रणी प्रबंधक शिबू ईपन ने आम जनता में राष्ट्र भक्ति जगाने और देश के शहीद वीरों को स्मरण करने के इस पहल में जिला एवं ब्लॉक के सभी प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### स्वीकृत कार्यों को समय सीमा में पूरा करें-कलेक्टर

**कोरिया** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला खनिज संस्थान न्यास श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में न्यास के पदेन सदस्य एवं सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व भरतपुर-सोनहत के विधायक श्री गुलाब कमरो, सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप गुप्ता व शासी परिषद की सदस्य मौजूद थे।

कलेक्टर श्री लंगेह ने जिले के विकास के लिए विभागवार तैयार की गई कार्ययोजना एवं प्रस्तावों पर विस्तृत जानकारी परिषद के सदस्यों को दी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के वार्षिक आय-व्यय लेखा, स्वीकृत कार्यों की वित्तीय वर्षवार प्रगति एवं भौतिक-वित्तीय स्थिति की समीक्षा की। जिला खनिज संस्थान न्यास कोरिया में मार्च 2023 तक 37 करोड़ रूपए से अधिक की अंशदान प्राप्त हुए हैं, जिसमें से डीएमएफ कोरिया को करीब 30 करोड़ रूपए अंतरण किया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लेखाओं का लेखा परीक्षा महालेखाकार के सूचीबद्ध चाटर्ड एकाउण्ट से जिला खनिज संस्थान न्यायस कोरिया एवं 90 कार्य एजेन्सियों का लेखा परीक्षा कराया गया है, जिसे शासी परिषद के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तावित किया गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य देखभाल, पेयजल आपूर्ति, सोलर सिस्टम आदि की प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत एक करोड़ रूपए के स्वीकृत कार्यों का कार्योत्तर अनुमोदन प्राप्त किया गया। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में किया जाए साथ ही ऐसे कार्य जो अब-तक नहीं शुरू हुए, उसकी सूची बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम ने विस्तार पूर्वक वार्षिक कार्ययोजना की जानकारी दी साथ ही परिषद द्वारा विभिन्न विकास कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी व विभागीय अधिकारी एवं शासी परिषद के सदस्यगण उपस्थित थे।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**सूरजपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल के द्वारा आदेश जारी कर छ0ग0 आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये छ0ग0 आबकारी देशी व विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम 2018 के अंतर्गत शासन द्वारा जारी निर्देश वर्ष 2023-24 नियम क्रमांक 16.1 के अनुसार 02 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती में एक दिवस का शुष्क दिवस रखे जाने के प्रावधान अनुसार 02 अक्टूबर (महात्मा गांधी जयंती) में एक दिवस का शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त तिथि को जिले की समस्त देशी व विदेशी मदिरा दुकाने बंद रखी जायेगी तथा मदिरा का विक्रय पूर्णत: बंद रहेगा।

### पंजीकृत हितग्राहियों के खाते में 66 लाख रुपये डाले गए

**कोरिया** 29 सितंबर (देशबन्धु)। बालौदाबाजार, भाटापारा जिले में आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन में भवन एवं सनिर्माण कर्मकार कल्यालण मंडल अंतर्गत कोरिया जिले 696 पंजीकृत श्रमिकों के खाते में 66 लाख 48 हजार 560 रूपये डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया गया। विदित हो कि पौने पांच वर्षो में राज्य सरकार द्वारा ग्रामिणों, श्रमिकों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, किसानों, महिलाओं, युवाओं आदि के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की है जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलने लगा।

# कोड़ातराई में होगा भरोसे का सम्मेलन, जुटेंगे कांग्रेसी

## नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा खडग़े व मुख्यमंत्री बघेल आमसभा को करेंगे संबोधित

- पुल और सकरिया में विद्युत सब स्टेशन की सौगात
- कलेक्टर ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों की ली बैठक





**रायगढ़,** 29 सितंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ के कोड़ातराई में आगामी 04 अक्टूबर को भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खडग़े व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही शासन के मंत्रीगण तथा अन्य अतिथि भी उक्त कार्यक्रम में समिल्लित होंगे। सम्मेलन में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री व प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा आनी शेष है।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मंच तथा बैठक व्यवस्था, हेलीपैड, पार्किंग, ट्रैफिक व रूट प्लान, लॉ एण्ड आर्डर को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा इस संबंध में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील चंद्रवंशी, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट, जिला परिवहन अधिकारी श्री दुष्यंत रायस्त सहित सभी एसडीएम, सीईओ जनपद व अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**विधानसभा निर्वाचन 2023**

# आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्ती कार्रवाई

### प्रशिक्षण में व्यय सीमा, सी विजिल एप सहित इसकी समय सीमा की दी गई जानकारी



**अम्बिकापुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील कुमार नायक की उपस्थिति में शुक्रवार को निर्वाचन कार्य से संबंधित प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रात: 10:30 बजे से एफएसटी यानी फ्लाइंग स्क्वाड टीम एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 1:30 बजे से एसएसटी यानी स्टेटिक सर्वेलाइंस टीम का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में निर्वाचन संबंधित सामान्य निर्देशों कर्तव्यों के साथ-साथ एफएसटी एवं एसएसटी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें मुख्य रूप से व्यय सीमा, व्यय से संबंधित जानकारी, सी-विजिल एप की जानकारी सहित इसकी समय-सीमा आदि के बारे में जानकारी दी गई।

आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के सफलतापूर्वक संचालन हेतु चुनाव कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी है। प्रशिक्षण में प्रथम दिन ईवीएम, वीवीपैट, बैलट पेपर, मतदाता सूची, संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया।

**संदेहास्पद वस्तुओं की निगरानी की जाएगी**

गौरतलब है कि उड़नदस्ता दल निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान अवैध नगदी का आदान-प्रदान, शराब का वितरण, अन्य कोई संदेहास्पद वस्तुएं शस्त्र इत्यादि जो मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए प्रयोग में लाई जा रही हो, इसकी जांच करेंगे साथ ही जप्ती की कार्यवाही की पंचनामा व वीडियोग्राफी करेंगे तथा अपनी दैनिक रिपोर्ट एसपी को भेजगी, जिसकी प्रति आरओ, डीईओ, जीओ, एईओ को दी जायेगी। उड़नदस्ता दल निर्वाचन की घोषणा की तारीख से कार्य करना शुरू करेगा और मतदान समाप्त होने तक बना रहेगा, आदर्श संहिता के उल्लंघनों और शिकायतों के सभी मामलों पर कार्यवाही करेगा। अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों द्वारा उपगत या अधिकृत निर्वाचन संबंधी सभी शिकायतों पर कार्यवाई करेगा, आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किए जाने के उपरांत राजनैतिक दलो की जाने वाली प्रमुख रैलियों, सार्वजनिक बैठकों या अन्य व्ययों की वीडियो निगरानी दल की सहायता से वीडियोग्राफी करेगा। इसी प्रकार स्थैतिक निगरानी दल व्यय संवेदनशील विधानसभा क्षेत्र पर चेक पोस्ट स्थापित करेगा और अपने क्षेत्र में अवैध शराब, प्रलोभन की वस्तुओं या भारी मात्रा में नकदी, हथियार एवं गोला-बारूद के लाने एवं ले जाने तथा असामाजिक तत्वों की आवाजाही पर भी नजर रखेगा। जांच किए जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। जांच की जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया का वीडियो बनाया जाएगा या सीडी में रिकार्ड किया जाएगा।

दो पाली में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्रदाता एवं मास्टर ट्रेनर वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री अनिल सिन्हा, सहायक प्राध्यापक डॉ. अखिलेश द्विवेदी, डॉ अजयपाल सिंह के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

### निर्वाचन के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बलरामपुर** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का के निर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान प्रक्रिया एवं ई.व्ही.एम. के संबंध में 29 एवं 30 सितंबर को दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर की अध्यक्षता में कार्यालय सभाकक्ष में कराया जा रहा है। जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन प्रशिक्षण में सेक्टर अधिकारियों का दायित्वों के बारे में बताया गया।

निर्वाचन की घोषणा होने के उपरांत निर्वाचन प्रक्रिया होने तक सैक्टर अधिकारियों की भूमिका, मतदान पूर्व, मतदान दिवस, तथा, मतदान उपरांत सौंपी गई जिम्मेदारी, माक पोल, अबसेंटी वोटर्स, पोस्टल बैलेट इत्यादि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में सेक्टर अधिकारियो को ईव्हीएम, सीयू और वीवीपैट मशीन के बारे में विस्तृत जानकारी, मतदान के दौरान उपयोग से जुड़े सावधानी के बारे में जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि सभी सेक्टर अधिकारी को अपने मतदान केंद्र के उस क्षेत्र का रूट मैप, आने जाने वाले रास्तों की जानकारी भी जानकारी होनी चाहिए। साथ ही कहा कि शत-प्रतिशत मतदान के लिए ईव्हीएम, वीवीपैट का प्रदर्शन कर आम नागरिकों को जागरूक कर मतदाता के लिए प्रेरित करें। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आचार संहिता घोषणा के बाद किए जाने वाले कार्रवाई की जानकारी दी गई। आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्यवाही, आसामाजिक घटना, रैली, आम सभा, जुलूस, संपत्ति विरूपण के मामले, कोलाहल नियमों का उल्लंघन, वाहन अनुमति संबंध में आवश्यक जानकारी और आचार संहिता लगने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप नियमानुसार किये जाने वाले कार्रवाई की जानकारी विस्तार से दी गई। तत्पश्चात ईवीएम और वीवीपैट, कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर ने निर्वाचन प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने सेक्टर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री भागवत जायसवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय, श्रीमती रूचि शर्मा, डिप्टी कलेक्टर, सर्व रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, एसएसटी, एफएसटी, वीएसटी, वीवीटी, नोडल और सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन के नोडल अधिकारी सहित अधिकारीगण उपस्थित थे।



### जिले में 6 सितम्बर तक होगा ग्राम सभा का आयोजन

**कोरिया** 29 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में आगामी 02 से 06 अक्टूबर तक ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री लंगेह द्वारा ग्राम सभा का आयोजन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने तथा समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा की तिथि निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया है, ताकि एक ही दिनांक को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्राम सभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे तथा ग्राम सभा का आयोजन सुव्यवस्थित से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ग्राम सभा के आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच तथा पंचों को दी जाये, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर तथा मुनादी कराकर सभी ग्राम सभा सदस्यों को दी जाये। साथ ही ग्राम सभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने तथा ग्राम सभा के लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाये और वीडियो को ''ग्राम सभा निर्णय''

**बुनियादी जरूरतों पर होगी चर्चा**

# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में हुआ स्वच्छता दीदियों का सम्मान

## दीदियों का योगदान अमूल्य, हर मौसम में करती हैं काम

**मनेन्द्रगढ़** 29 सितंबर (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ की दीदियों का सम्मान किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आज विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्राचार्य इन्द्रा सेंगर व संस्था सचिव संजय सेंगर के निर्देशन में नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ एवं संस्था में ही कार्यरत स्वच्छता कर्मियों को तिलक लगा कर एवं उपहार व मिठाई प्रदान करते हुए उनके महान कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था की शिक्षिका शुभ्रा भट्टाचार्य ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है परन्तु तन और मन तब ही स्वस्थ रह सकता जब हमारा माहौल और परिवेश स्वच्छ हो और यह महान कार्य आप स्वच्छता कर्मियों-दीदियों के कारण ही संभव है। आप लोगों का योगदान अमूल्य है क्योंकि आप लोग ठंडी-गर्मी-बरसात की परवाह किये बगैर अपने कार्य में लगे रहते हैं ताकि हम लोग स्वच्छ परिवेश में रह सके। आप लोगों के उस योगदान को तो कभी नहीं भूलाया जा सकता जब कोरोना काल में आप लोग अपने प्राणों की परवाह किए बगैर हमारे मोहल्लों एवं नगरों की स्वच्छता हेतु अपने कार्य में लगे रहते थे। मैं संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर व संस्था सचिव और पूरे विद्यालय की ओर से आप सभी के महान कार्य के लिए आप लोगों की प्रसंशा करती हूँ।




कार्यक्रम में आगे संस्था की शिक्षिका सुश्री पूनम सोरेने के कहा कि आज के इस बढ़ती हुई आबादी के दौर में गंदगी और कचड़ों की कल्पना सहज ही की जा सकती है किन्तु आप स्वच्छता कर्मियों के महान कार्य के कारण ही हम सभी स्वच्छ माहौल व परिवेश में रह पा रहे हैं। इसके लिए आपलोगों के योगदान की जितनी प्रसंशा की जाये कम है। उन्होनें आगे कहा कि यह हमलोगों का सौभाग्य है कि संस्था विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर व संस्था के सचिव श्री संजय सेंगर के मार्गनिर्देशन में हम लोगों के हाथों आप लोगों का सम्मान कार्य संपादित किया जा रहा है वास्तव में हमलोग आप लोगों को सम्मानित करते हुए स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में नगरपालिका मनेन्द्रगढ़ की स्वच्छती दीदी संध्या साहू, जानकी, ज्योति, संस्था के स्वच्छता कर्मी सरस्वती व श्याम कुमार हेला के साथ संस्था शिक्षिका श्रीमती शुभ्रा भट्टाचार्य, सुश्री पूनम सोरेन, श्रीमती स्वाति सिंह, श्री सुभेश सिंह, उपकार शर्मा, व विद्यालय शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# निर्वाचन कार्य से संबंधित अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न





**सक्ती** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीनूपुर राशि पन्ना के दिशानिर्देशन में आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान प्रक्रिया एवं ई.व्ही.एम. के संबंध में तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में कराया जा रहा है। जिसमें सभी रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, नोडल और सेक्टर ऑफिसर्स सहित संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय दिवस कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में मतदान प्रक्रिया की विस्तृत प्रशिक्षण, पोस्टल बैलेट, सर्विस वोटर, दिव्यांग वोटर, एमसीसी, नाम निर्देशन की प्रक्रिया, ईव्हीएम की कमिशनिंग सहित अन्य संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दी गई। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेन्द्र कुमार लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, अनुविभागीय अधिकारी सक्ती पंकज डाहिरे, नोडल अधिकारी बीपी भारद्वाज, समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मास्टर ट्रेनर्स, नोडल और सेक्टर ऑफिसर्स सहित समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ, सीएमओ तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है की जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस आम सभा, रैली, जुलूस की अनुमति, संपत्ति विरूपण के मामले, वाहन अनुमति, मतदाता सूची मुद्रण एवं नाम निर्देशन के लिए मतदाता सूची तैयार करना, मतदाता सूची की चिन्हांकित प्रति एवं अन्य प्रतियां तैयार करने सहित फेक न्यूज एवं सोशल मीडिया में भ्रामक समाचार के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण और आचार संहिता लगने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशानिर्देशों के अनुरूप नियमानुसार किये जाने वाले कार्रवाई की जानकारी विस्तार से दी गई है। इसी क्रम में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन 30 सितंबर को सुबह 10.30 बजे से कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, विधानसभा स्तर पर नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स, नोडल ऑफिसर्स, समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, उड़नदस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो निगरानी दल, लेखा दल एवं सहायक व्यय प्रेक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक के कार्य एवं प्रतिवेदनों का प्रेषण की विस्तृत कार्यवाही, ईव्हीएम रेंडमाइजेशन, मतदान दल का रेंडमाइजेशन, शिकायत एवं मॉनिटरिंग, व्यय प्रेक्षक के सहयोग के लिए गठित दलों के कार्य, दलों द्वारा रिपोर्ट सौंपने तथा कार्यवाही के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण, मतदान दल गठन एवं प्रशिक्षण सहित अन्य संबंधित विषयों पर आवश्यक प्रशिक्षण दी जाएगी।

## सार-संक्षेप

### एसईसीएल छाल की सड़क जर्जर ट्रेलर मालिक कल्याण संघ ने जताया आक्रोश



**खरसिया** 29 सितंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल छाल खदान के अंदर कोयला परिवहन का रास्ता पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। यहां की रोड में बड़े-बड़े गड्ढे हैं, जो बारिश में तालाबों का रूप ले लेते हैं। ऐसे में कोयला परिवहन के लिए आ रही कठिनाइयों को लेकर ट्रेलर मालिक कल्याण संघ रायगढ़ इकाई द्वारा सब एरिया मैनेजर का ध्यानाकर्षण करवाया गया।

ट्रेलर मालिक कल्याण संघ के संजय शर्मा, मनोज सिंह, अजय महतो, संतोष बिहारी, अजय अग्रवाल, अमित अग्रवाल, वीरेंद्र भाई, सत्यम पांडे, अभय शर्मा और वर्मा की ओर से मिले निवेदन पर कार्रवाई करते हुए सब एरिया मैनेजर इस जर्जर सड़क का निरीक्षण किया। वहीं आश्वासन दिया है कि दो दिनों के अंदर काम शुरू हो जाएगा। वर्तमान में रोड की हालत ऐसी है कि 10 मिनट का रास्ता तय करने में 1 घंटे का समय लगता है। ऐसे में ट्रैकों के गुल्ले टूट जाते हैं और मोटरसाइकिल आदि का एक्सीडेंट प्रतिदिन हो रहा है। बताना लाजिमी होगा कि करीब 3 महीने पहले ही इस रोड की मरम्मत की गई थी, कहना होगा कि नई रोड भी बनाई गई थी, परंतु घटिया निर्माण और घटिया मटेरियल की वजह से फिर वही स्थिति बन चुकी है।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री व पुनर्वीक्षा समिति की बैठक संपन्न

**सक्ती** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनर्वीक्षा समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति के गठन, लीड बैंक योजना, बैंकिंग गतिविधियां, ऋण जमा अनुपात पर समीक्षा, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), वार्षिक साख योजना की लक्ष्य एवं प्रगति पर समीक्षा, शासकीय योजना अतर्गत ऋण वितरण की समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटलीकरण सहित अन्य विषयों पर विस्तार से समीक्षा कि गयी।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनर्वीक्षा समिति की बैठक में बैंकिंग गतिविधियों से संबंधित धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रत्येक माह कम से कम एक वित्तीय साक्षरता शिविर सभी बैंक के शाखाओं को अनिवार्यतः आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न शासकीय विभाग अंतर्गत चल रही ऋण योजनाओं के संबंध में बैंकवार समीक्षा की गई तथा विशेष रूप से अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कमजोर वर्ग और स्व सहायता समूह के महिलाओं की भागीदारी हेतु प्राथमिकता के साथ ऋण स्वीकृति एवं समय पर वितरण करने के निर्देश दिए गए। भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक द्वारा बैंकों के जमा अनुपात की उपलब्धियो के बारे में जानकारी ली गई। उन्होंने जिन शाखाओं में निर्धारित मापदंड से कम की उपलब्धि है। उन्हें विशेष प्रयास करते हुए वृद्धि करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उनके द्वारा वार्षिक साख योजना 2023-24 के तहत दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी बैंकों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक सुशील शाहाने, लीड बैंक प्रबंधक, सक्ती पंचायत विभाग के नोडल अधिकारी श्री बी पी भारद्वाज, भारतीय स्टेट बैंक, छतीसगढ राज्य ग्रमीण बैंक, जिला सहकारी केंन्दीय बैंक, जिला व्यपार एवं उघोग केंद्र, कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग , मत्स्य विभाग , उद्यानिकी विभाग , खादी ग्रामोद्योग विभाग , जिला अन्त्यावसायी सहकारी समिति , जिला शहरी विकास अभिकरण , एन.आर.एल. एम. तथा अन्य संबंधित विभागो के अधिकरी उपस्थित थे।

### सीएम शिवराज सिंह ने सारंगढ़ के राजा स्व. नरेशचंद्र सिंह की प्रतिमा का किया अनावरण

**सारंगढ** 29 सितंबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश के मंत्रालय (वल्लभ भवन) प्रांगण में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों म.प्र. के छठवें एवं म.प्र. तथा छत्तीसगढ के एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री सारंगढ के राजा स्वर्गीय नरेशचंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में स्व. राजा साहब की बेटी कमला देवी सिंह (पूर्व मंत्री) एवं राजा पुष्पा देवी सिंह (पूर्व सांसद लोकसभा), राजकुमारी कुलिशा देवी , दामाद डॉ. परिवेश मिश्रा , योगेन्द्र सिंह (विधायक लखनादौन) एवं परिवार के सदस्यों की उपस्थिति रही।

### अमझर में होगा वृद्धजनों का सम्मान समारोह

**सारंगढ़** 29 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश में समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में ''सियान के सुरता'' थीम पर जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम पंचायत अमझर में 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, कार्यशाला, सेमीनार, खेल गतिविधियां एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शत्प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प भी कराया जाएगा।

### व्यवसायी से मारपीट के आरोपियों को शहर में घुमाया



**कोरबा**, 29 सितंबर (देशबन्धु)। कोतवाली थाना अंतर्गत मिशन रोड निवासी फैंसी ड्रेस के संचालक आनंद रायकवार के साथ पिछले दिनों पुराना बस स्टैण्ड परिसर में बुरी तरह से सुभाष विश्वकर्मा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट किया था। सीधे-साधे व्यवसायी व सामाजिक कार्यकर्ता आनंद रायकवार से मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद व्यापारी सडक़ पर उतरे और चेम्बर ऑफ कामर्स के जिलाध्यक्ष योगेश जैन के नेतृत्व में कोतवाली का घेराव कर दिया। टीआई रूपक शर्मा ने शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया था। पुलिस अधीक्षक यू उदयकिरण के सख्त निर्देश और मार्गदर्शन में मुख्य आरोपी सुभाष विश्वकर्मा एवं साथियों पंकज सोनी, अमर मेहरा को गिरफ्तार कर शहर में इन्हें घुमाया गया। कोतवाली से जुलूस निकालकर पुराना बस स्टैण्ड और घटनास्थल से इन्हें ले जाते हुए शहर में भ्रमण करा कर जिला पुलिस ने यह बताने का प्रयास किया कि आपराधिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

# झोलाछाप डॉक्टर के इंजेक्शन लगाते ही महिला की मौत

### सर्दी-खांसी और बुखार का किया था इलाज, परिजनों ने की कड़ी कार्रवाई की मांग



**जांजगीर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय के नैला दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाने के बाद एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम कन्हाईबंद का रहने वाला राकेश ताम्रकार अपनी पत्नी किरण और दोनों बच्चों के साथ गुरुवार शाम को नैला रेलवे स्टेशन पर बनी गणेश की प्रतिमा को देखने के लिए आया था। गणेश जी के दर्शन कर वे सभी घर के लिए निकले, तभी किरन ने कहा कि उसे सर्दी-खांसी और बुखार है, इसलिए डॉक्टर को दिखाते हुए चलते हैं।

इसके बाद राकेश पत्नी को लेकर दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर सुनील प्रधान के पास गया। झोलाछाप डॉक्टर ने महिला को इंजेक्शन लगाया। इसके कुछ ही देर के बाद किरण ने उल्टी और चक्कर आने की बात कही। ये कहने के साथ ही वो बेहोश होकर नीचे गिर पड़ी। पति ने बताया कि बेहोशी के 10 मिनट के बाद पत्नी के मुंह से झाग निकलने लगा। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गया, तो जांच के बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पति ने झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की गई है। महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं झोलाछाप डॉक्टर फरार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कहा कि आरोपी की तलाश की जा रही है, वहीं महिला की मौत कैसे हुई, ये पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा।

# पशुधन के इलाज की घर पहुंच सेवा का हुआ शुभारंभ



**कलेक्टर सहित नगर पालिका अध्यक्ष ने मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई के 5 वाहनों को किया रवाना**

**जांजगीर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 28 सितम्बर को बलौदाबाजार जिले के विकासखण्ड भाठापारा सुमाभाठा में आयोजित ''कृषक सह श्रमिक सम्मेलन 2023'' से मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई हेतु वाहनों को संचालक की अध्यक्षता में हरी झंडी दिखाकर जिला जांजगीर चांपा के 5 विकासखण्ड नवागढ़, अकलतरा, बम्हनीडीह, बलौदा एवं पामगढ़ हेतु रवानगी एवं शुभारंभ किया गया।

इसी कड़ी में आज नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर से मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (एंबुलेंस वाहन) को जिले के 5 विकासखण्ड नवागढ़, अकलतरा, बम्हनीडीह, बलौदा एवं पामगढ़ के गौठानों में रोस्टर अनुसार शिविर हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका सभापति रामविलास राठौर, इंजीनियर रवि पांडे, अपर कलेक्टर एसपी वैद्य, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ.एएल सिंह सहित विभिन्न जनप्रनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें ने बताया कि मोबाईल पशु चिकित्सा इकाई (एंबुलेंस वाहन) ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पशु चिकित्सा सेवायें प्रदान करना गौठान में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन, पशुओं के रोग प्रतिबंधात्मक टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान, ऑन द स्पॉट रोग जांच सेवा प्रदान करना, विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार, रोग उद्भेद को नियंत्रित करना इत्यादि के उद्देश्य से संचालित किया जाना है। उक्त एंबुलेंस का संचालन प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक होगा एवं टोल फ्री 1962 नम्बर पर डायल किया जाकर जिले के समस्त पशुपालक चिकित्सा कॉल सेंटर से परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक दिवस जिले के रोस्टर अनुसार विकासखण्ड के 2 गौठानों में पशु चिकित्सा शिविर आयोजन किया जाएगा। जिले के समस्त पशुपालकों से अधिक से अधिक पशु चिकित्सा सुविधा प्राप्ति हेतु गौठानों में पशुओ को अवश्य लाने हेतु उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें द्वारा आग्रह किया गया है।

**डायल करें टोल फ्री नम्बर 1962**

# राघवेंद्र सिंह ने किया भूमिपूजन

**जांजगीर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा विकासखंड के ग्राम परसाहीनाला में आज सांस्कृतिक मंच रास लीला का भूमिपूजन तथा ग्राम पंचायत पड़रिया स्कूल पारा में सीसी रोड डीएमएफ मद से भूमिपूजन जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ श्री सिंह का स्वागत किया।

गौरतलब है कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह की अनुशंसा पर प्रभारी मंत्री द्वारा राशि उपलब्ध कराई गई थी। इस मंच के बन जाने से ग्रामीणों को विभिन्न कार्यक्रमों के लिए सुरक्षित जगह मिलेगा। ग्राम पंचायत परसाही नाला में कई वर्षों से हो रहे रास लीला हेतु बहु प्रतीक्षित माँग थी। ग्राम पंचायत पड़रिया स्कूल पारा में बरसात के दिनों में आने जाने पर लोगों सहित स्कूल के छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, जिसे ध्यान में रखकर डीएमएफ मद सीसी रोड के लिए राशि स्वीकृत कराई गई। जिसका आज भूमि पूजन किया गया। बहुप्रतीक्षित माँग की प्राप्ति पर ग्रामवासियों ने काँग्रेस सरकार एवं राघवेंद्र सिंह का आभार व्यक्त किया। इस दौरान राघवेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच सहित सुंदरलाल पटेल, शिवप्रसाद पटेल, रामप्रसाद पटेल, रामकुमार निर्मलकर, सरपंच प्रतिनिधि प्रकाश पटेल, जनपद सदस्य अयोध्या पटेल, विश्राम कंवर, लक्ष्मी मौवार, परसराम साहू, देशराज सोंझरी, रवि निर्मलकर, आजुलाल कंवर, परसाहीनाला में कांशी राम गोंड, श्याम सुंदर सिंह, ईन्दमन प्रसाद मरकाम, दिगम्बर सिंह सरपंच प्रतिनिधि, अंजोरी साहू, प्रितम दास, रामकुमार मरकाम, रामनारायण मरावी, अमोल प्रसाद, श्रीराम पटेल, महेंद्र पाल नेताम, रेखा गोस्वामी, प्रभा मरकाम, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक एवं सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत ग्रामीण उपस्थित थे।



### विधायक रामकुमार यादव ने डभरा में स्ट्रीट लाइट का किया उद्घाटन

**डभरा**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। नगर पंचायत डभरा में नगर को रौशन करने के उद्देश्य से लगाए गए स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव द्वारा मेन स्विच ऑन करके किया गया। इस अवसर श्री यादव ने कहा कि कॉंग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के अन्तिम छोर तक का विकास किया जा रहा है। डभरा नगर आज से दूधिया रोशनी में नहायेगा। आम जनता के सुविधा के लिए स्ट्रीट लाइट लगाया गया है ताकि अंधेरे से उजाले की ओर हम सभी बढ़ें। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रीतम अग्रवाल ने विधायक का धन्यवाद देते हुए कहा कि विधायक के द्वारा डभरा के विकास में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है , जिसके लिये नगर सदैव आभारी रहेगा। इस अवसर पर कांग्रेस नेता राइस किंग खूंटे, जिला विधायक प्रतिनिधि सुनील चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य रामबाई सिदार, शिवकुमार भोई, मोहनमणि जाटवर, अयोध्या भारद्वाज, लकेश्वर श्याम, रोहित सिदार, मनोज जायसवाल, पवन साहू, नरेश चन्द्रा, महादेव शर्मा, कई समाज के मुखिया सहित डभरा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर होगा सम्मान समारोह

**जांजगीर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षण तथा सम्मान के प्रति समाज में सकारात्मक वातावरण विकसित करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अक्टूबर को नया ऑडिटोरियम भवन में प्रातः 11 बजे से अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षा एवं संरक्षण से संबंधित अधिनियम, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण, कल्याण अधिनियम 2007 पर परिचर्चा, वृद्धजनों के लिए संचालित योजनाओं पर परिचर्चा तथा वृद्धजनों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता शिविर एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर जिला चिकित्सालय जांजगीर एवं रोग प्रतिरोधक औषधि का वितरण आयुष विभाग जांजगीर द्वारा आयोजित किया जाएगा।

### टीकाराम सारथी प्राचार्य स्व. सुंदरलाल कौशिक गोटिया स्मृति से सम्मानित

**डभरा**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। टीकाराम सारथी प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरतेली को स्व. सुंदरलाल कौशिक गौटिया जी की स्मृति में सम्मान पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर शिकसा शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। महामंडलेश्वर राजेश्री डॉ.रामसुंदर दास गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा शिक्षक शिक्षकीय कार्य से जुड़कर आजीवन शिक्षक बना रहता है तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को पूरे मनोयोग से शिक्षकीय कार्य करने को प्रोत्साहित किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ प्रदेश के संयुक्त सचिव इंजीनियर रवि पांडे ने शिक्षक कला साहित्य अकादमी के कार्यों की सराहनीय व उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि शिक्षा अकादमी ने शिक्षकों के प्रतिभा को तरासने का शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य प्रदर्शन किया है।

## चांपा में होगा जिले के पहला मिलेट कैफे का शुभारंभ

जांजगीर, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फसलों को बढ़ावा देने और प्रदेश में कुपोषण की दर को कम करने के उद्देश्य से मिलेट मिशन योजना की शुरूआत की गई है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मिलेट्स से बने व्यंजनों को लोगों की थाली तक पहुँचाने के उद्देश्य से राज्य के सभी जिलों में मिलेट्स कैफ़े खोले जाने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिसके तहत जिले के पहले मिलेट कैफ़े का लोकार्पण कार्यक्रम चांपा के स्वामी विवेकानंद उद्यान में 30 सितम्बर को शाम 4 बजे विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं जिले के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सांसद गुहाराम अजगल्ले, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद् चांपा जय कुमार थवाईत, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, चांपा हरदेव प्रसाद देवांगन, कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, समस्त पार्षद एवं एल्डरमेनगण नगर पालिका परिषद् चांपा के गरिमामय आतिथ्य में सम्पन्न होगा।

# जिपं सीईओ खुंटे ने किया पदभार ग्रहण

**जांजगीर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी आरके खुंटे ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने नवपदस्थ सीईओ का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तत्पश्चात उन्होंने जिला पंचायत की शाखाओं स्टेनो कक्ष, आवक-जावक शाखा, कम्प्यूटर कक्ष, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, महात्मा गांधी नरेगा, लोकपाल, शिक्षा शाखा, सामाजिक अंकेक्षण शाखा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, डीआरडीए कक्ष, पंचायत कक्ष, समाज कल्याण कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस दौरान संबंधित शाखाओं के कामकाज की जानकारी लेते हुए अधिकारी, कर्मचारियों से परिचय भी प्राप्त किया। जिपं सीईओ ने पदभार ग्रहण करने के बाद सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक कार्यों का निर्वहन करने, सभी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन के साथ मिलकर कार्य करने कहा। इस अवसर पर उपसंचालक पंचायत अभिमन्यु साहू, वरिष्ठ लेखाधिकारी विजय पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



# हर दिल के लिए हो, दिल का उपयोग

### सीएचसी नवागढ मे विश्व हृदय दिवस पर किया गया विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर



**जांजगीर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ मे विश्व हृदय दिवस का आयोजन हर दिल के लिए हो, दिल का उपयोग थीम के आधार पर किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवागढ मे उपस्थित बच्चे, बुजुर्ग एवं मरीजो का स्वास्थ्य जांच के साथ हृदय जांच इसीजी मशीन के द्वारा किया गया। जांच उपरांत मरीजो के बीच संगोष्ठी को आयोजन कर डा एनके साहू खण्ड चिकित्सा अधिकारी नवागढ ने कहा कि स्वस्थ्य हृदय रखने हेतु हमें बढती उम्र में हृदय की जांच कराना आवश्यक बताया उन्होंने शुगर एवं उच्च रक्त चाप के मरीजो को प्रति वर्ष ईसीजी करने की सलाह भी दी। जिससे समय रहते हृदय में आने वाली परेशानियो से बचा जा सके और समय रहते इसका इलाज करा सके। विजय निर्मलकर कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि हृदय की सुरक्षा के लिए पूरे देश मे गैर संचारी रोग के तहत गांव स्तर पर एचडब्लूसी के माध्यम से उच्च रक्तचाप एवं शुगर के मरीजों का सतत निगरानी कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

जिसमे तीस वर्ष से अधिक के व्यक्तियो की स्वास्थ्य जांच कर हृदय की सुरक्षा की जा सके। उसी प्रकार आगनवाडी केन्द्रो एवं स्कूलो मे चिरायु योजना अंतर्गत बच्चों में पाए जाने वाले हृदय रोगों की पहचान कर उनका विशेष ईलाज कराया जाता है। डा प्रशांत बंजारे चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अपने खान-पान में तेलीय एवं फास्ट फूट का उपयोग कम से कम कर हम अपने हृदय को स्वस्थ्य रख सकते है। हमारे दिनचर्या में व्यवयाम का भी बहुत है जिससे हमारा हृदय स्वस्थ्य रहता है। उपरोक्त स्वास्थ्य शिविर मे कुल एक सौ पचास मरीजो को स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक उपचार किया गया।

# जनसमस्या को लेकर भाजपा नेताओं ने किया आंदोलन

### शहर में मुख्य मार्ग के किनारे बड़े-बडे गड्ढों से आवाजाही में हो रही परेशानी



**जांजगीर**, 29 सितम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर नैला नगर पालिका के विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा एवं नगर मंडल भाजपा के द्वारा जांजगीर नैला शहर में मुख्य मार्ग के किनारे बड़े-बड़े गड्ढों का नामकरण कर बेशरम के पौधे लगाकर कीचड़ से भरे पानी में बैठकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की गई।

बीटीआई चौक से लेकर कचहरी चौक तक रैली भी निकाला गया। बीटीआई चौक से लेकर कचहरी चौक तक डीएफ फंड से लगभग 1 करोड़ 31 लाख रुपया से रोड निर्माण कार्य किया जाना है, जो विगत एक माह से बीटीआई स्कूल के पास लगभग एक से डेढ़ फीट गड्ढा खोद कर छोड़ दिया गया है और आज पर्यंत तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है, जिससे आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। आम जनता को आन-जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के कचहरी चौक से लेकर नेताजी चौक तक रोड में बड़े -बड़े गड्ढे होने के कारण आए दिन को दुर्घटना हो रही है। खराब सड़के नाली नगर की विद्युत व्यवस्था एवं जल आवर्धन योजना विगत वर्षों से बंद पड़ा है उसे भी जल्दी काम को शुरू करने की मांग किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा और नगर मंडल के इस विरोध प्रदर्शन में रोड सुधार का कार्य नहीं हुआ तो 5 अक्टूबर को नगर पालिका में धरना प्रदर्शन कर ताला लगाने की बात कही गई। इस दौरान आशुतोष गोस्वामी नगर मंडल जांजगीर नैला, भुनेश्वर साहू ग्रामीण मंडल, मुकेश जायसवाल जिला अध्यक्ष भाजयुमो, दिनेश राठौर नगर मंडल अध्यक्ष, पलाश चंदेल, पार्षद अमित यादव, उमेश राठौर, छोटू निर्मलकर, विवेक सिंह, सुधीर झाझड़िया, हितेश यादव, नंदनी राजवाड़े, मोहन यादव, मालती देवी रात्रे, अमर सुल्तानिया, शैलेंद्र पांडे, सोनू यादव, छबि कश्यप, शिवचमन सिंह, गोलु दुबे, हरि सोनवानी, मिंटू कहरा, रितेश अग्रवाल, मणीकांत अग्रवाल, सतीश शर्मा, देवा गढ़वाल, अजय कौशिक, दिव्यांश चंदेल, मयंक परमहंस, शैल राठौर, संतोषी दुबे, पूजा राठौर, योगेश चौरसिया, हर्षित चंदेल, राजेश ढोसले, चुन्नीलाल राठौर, रमेश सोनवानी, आमिर खान, प्रदीप राठौर भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# देश विदेश

## अमेरिका में कुछ खतरनाक हो रहा है : बाइडेन

**वाशिंगटन,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी लोकतंत्र के अस्तित्व संबंधी खतरों के बारे में कड़ी चेतावनी में, राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अब अमेरिका में कुछ खतरनाक हो रहा है। गुरुवार को एरिजोना में अपने दिवंगत मित्र रिपब्लिकन सीनेटर जॉन मैक्केन के सम्मान में एक संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा, 'एक चरमपंथी आंदोलन है जो हमारे लोकतंत्र की बुनियादी मान्यताओं को साझा नहीं करता है, एमएजीए आंदोलन।' सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राजनीतिक आंदोलन, 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के संक्षिप्त नाम का उपयोग करते हुए, बाइडेन ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आज की रिपब्लिकन पार्टी एमएजीए रिपब्लिकन चरमपंथियों द्वारा संचालित और भयभीत है।

# जी2 के दौरान बाइडेन की मेजबानी के लिए ब्लिंकन ने जयशंकर को दिया धन्यवाद



**वाशिंगटन,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश विभाग में अपनी आमने-सामने की बैठक के बाद, विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी के लिए विदेश मंत्री एस. जयशकर को धन्यवाद दिया, जो इस समय अपने अमेरिका दौरे के दूसरे चरण के लिए वाशिंगटन में हैं। इससे पहले गुरुवार को एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने कहा, 'आज विदेश विभाग में अपने मित्र अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन से मिलकर बहुत अच्छा लगा। पीएम नरेंद्र मोदी की जून की यात्रा के बाद व्यापक चर्चा हुई। वैश्विक विकास पर नोट्स का भी आदान-प्रदान किया। बहुत जल्द हमारी 2 प्लस 2 बैठक की आधारशिला रखी जाएगी।

ब्लिंकन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन वार्षिक 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय बैठक के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे, जिसकी मेजबानी इस साल भारत द्वारा की जा रही है। विदेश सचिव से मुलाकात से पहले, जयशंकर ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि हम जी20 शिखर सम्मेलन में सभी समर्थन के लिए अमेरिका को धन्यवाद देते हैं... ।

जवाब में, ब्लिंकन ने एक्स पर कहा, इस महीने की शुरुआत में बाइडेन (अमेरिका के राष्ट्रपति) की मेजबानी के लिए भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर को धन्यवाद। हमने भारत की सफल जी20 अध्यक्षता, भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे के निर्माण और नई दिल्ली में आगामी यूएस-भारत 2 प्लस 2 बैठक पर चर्चा की। विदेश मंत्री के साथ बैठक के बारे में उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा, 'पिछले हफ्तों में हमारी बहुत अच्छी चर्चा हुई है, जी20, न्यूयॉर्क और महासभा में। जयशंकर ने अपने अमेरिकी दौरे की शुरुआत न्यूयॉर्क से की, जहां उन्होंने वार्षिक संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठकों में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। ब्लिंकन के अलावा, उन्होंने व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और व्यापार सचिव कैथरीन ताई से भी मुलाकात की। सुलिवन के साथ अपनी बैठक में, दोनों अधिकारियों ने इस साल हमारे द्विपक्षीय संबंधों में जबरदस्त प्रगति को मान्यता दी और इसे आगे बढ़ाने पर चर्चा की। इसके बाद, उन्होंने सचिव ताई से मुलाकात की और व्यापार और आर्थिक संबंधों के विस्तार और इसके व्यापक महत्व पर चर्चा की।

# नागोर्नो-काराबाख ईंधन डिपो विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 170 हुई

**मॉस्को,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। रूसी मीडिया ने स्थानीय आपातकालीन सेवाओं के हवाले से बताया कि संघर्ष प्रभावित नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में ईंधन डिपो विस्फोट से मरने वालों की संख्या बढ़कर 170 हो गई है। इस क्षेत्र पर पिछले हफ्ते अजरबैजान ने कब्जा कर लिया था। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने आरआईए नोवोस्ती रिपोर्ट के हवाले से कहा कि कुल 170 शव और अवशेष पाए गए हैं। उन्हें फॉरेंसिक ब्यूरो को स्थानांतरित कर दिया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अवशेषों को डीएनए पहचान के लिए आर्मेनिया ले जाया जाएगा, बचाव अभियान जारी रहेगा। सोमवार को हुए विस्फोट का कारण अभी अज्ञात बना हुआ है। यह दुखद घटना तब घटी जब कब्जे के बाद से हजारों जातीय अर्मेनियाई लोग विवादित क्षेत्र से अर्मेनिया में प्रवेश कर गए हैं। नागोर्नो-काराबाख दक्षिण काकेशस में एक पहाड़ी क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता प्राप्त है, लेकिन तीन दशकों से जातीय अर्मेनियाई लोगों द्वारा नियंत्रित किया



गया है।

इस एन्क्लेव को आर्मेनिया और उनके सहयोगी रूस द्वारा भी समर्थन दिया गया है, जिसके वर्षों से वहां सैकड़ों सैनिक हैं। पिछले सप्ताह अजरबैजान की सेना के हमले में कम से कम 200 जातीय अर्मेनियाई और दर्जनों अजरबैजानी सैनिकों के साथ पांच रूसी शांति सैनिक मारे गए थे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 30 सितम्बर , 2023 भाद्र आश्विन पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आज आपको सावधानीपूर्वक दिन व्यतीत करना चाहिए। सर्दी- बुखार होने से आपकी तबीयत खराब होने की आशंका है। प्रिय व्यक्तियों से दूर जाना पड़ सकता है।

वृषभ - भाग्य इस समय आपके साथ है। आपके परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ आप मौज-मस्ती में समय व्यतीत कर सकेंगे।

मिथुन - आपका तन-मन स्वस्थ और आनंद में रहेगा। ऑफिस में लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। अधिकारी भी आपके काम की सराहना करेंगे। प्रोत्साहन देंगे। आपकी पदोन्नति भी हो सकती है।

कर्क - आज आप धार्मिक काम में व्यस्त रहने वाले हैं। कहीं धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है। तन-मन से आप खुश रहेंगे। आपकी किस्मत चमकने की पूरी संभावना है। दोस्तों के साथ भी अच्छा समय व्यतीत कर सकेंगे।

सिंह - आज का दिन थोड़ा परेशानी से भरा है। आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। खान-पान में ध्यान नहीं रखने से बीमारी के पीछे खर्च होगा। मन में नेगेटिविटी को न आने दें। पारिवारिक सदस्यों के साथ संभलकर रहना पड़ेगा।

कन्या - आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। प्रिय व्यक्ति के साथ आपकी निकटता आपको आनंदित करेगी। अपने वैवाहिक जीवन में अधिक आत्मीयता का अनुभव करेंगे। आप प्रिय पात्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे।

तुला - आपके घर में सुख- शांति बनी रहेगी। अच्छे अवसर आएंगे। काम में सफलता और प्रतिष्ठा दोनों प्राप्त होगी। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। किसी जरूरी जगह पर खर्च की संभावना है। नौकरी में आपकी प्रगति होगी।

वृश्चिक - आपका स्वास्थ्य थोड़ा नाजुक रहेगा। संतान की तकलीफ चिंता का कारण बन सकती है। किसी काम के पूरा नहीं होने से अपयश मिल सकता है। आपको शेयर- सट्टे के काम में आज नहीं पड़ना चाहिए।

धनु - आपको शारीरिक और मानसिक सुस्ती का अनुभव होगा। मानसिक भय भी रहेगा। घर का वातावरण काफी गंभीर रहेगा। मां की तबीयत की चिंता आपको रहेगी।

मकर - दैनिक काम में परिस्थिति आपके अनूकूल होने से आप स्वस्थ रहेंगे। पारिवारिक जीवन की समस्या हल होगी। जायदाद और संपत्ति से सम्बंधित विवाद हल होंगे। आपको व्यापार में वित्तीय लाभ हो सकता हैं।

कुंभ - यदि आप वाणी पर अंकुश रखेंगे, तो बहुत-सी परेशानियों से बच सकेंगे। किसी विवाद में आज ना पड़ें। कोई अनावश्यक खर्च आपको परेशान कर सकता है। आपको किसी भी काम में मनोनुकूल सफलता नहीं मिलेगी।

मीन - आपका दिन मौज मस्ती से भरपूर रहेगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। किसी शुभ प्रसंग के आयोजन की संभावना है। नए काम शुरू करने के लिए भी दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# नस्लीय पहचान से अधिक उम्मीदवारों की नीतियों को प्राथमिकता देते हैं एशियाई-अमेरिकी: प्यू सर्वेक्षण

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। लगभग सभी एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के अनुसार मतदान के समय किसी उम्मीदवार की नीतिगत स्थिति उनकी नस्ल या जातीयता से अधिक महत्वपूर्ण है। 5 जुलाई, 2022 से 27 जनवरी, 2023 तक किए गए प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वेक्षण के अनुसार, एशियाई पंजीकृत मतदाताओं में से 68 प्रतिशत का कहना है कि एक राष्ट्रीय नेता का होना बेहद महत्वपूर्ण है, जो अमेरिकी एशियाई समुदाय की चिंताओं को आगे बढ़ा सकता है। यह निष्कर्ष इसलिए भी प्रासंगिक हो गया है, क्योंकि 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दक्षिण एशियाई मूल के दो उम्मीदवार निक्की हेली और विवेक रामास्वामी रिपब्लिकन नामांकन के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। अमेरिका में रहने वाले 7,006 एशियाई वयस्कों के बीच किए गए सर्वेक्षण में कहा गया है कि अमेरिका में निर्वाचित अधिकारियों के बीच देश की आबादी में उनके हिस्से की तुलना में एशियाई अमेरिकियों का प्रतिनिधित्व कम है। 62 प्रतिशत एशियाई मतदाता डेमोक्रेटिक पार्टी को पसंद



करते हैं, जबकि 34 प्रतिशत रिपब्लिकन या जीओपी की ओर झुकाव रखते हैं। लगभग दस में से चार एशियाई अमेरिकी पंजीकृत मतदाता कहते हैं कि मुद्रास्फीति उनके स्थानीय समुदाय के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। आर्थिक असमानता (16 प्रतिशत) दूसरा सबसे अधिक उल्लेखित मुद्दा है, इसके बाद हिंसक अपराध (11 प्रतिशत) और नस्लवाद (9 प्रतिशत) हैं। ये चिंताएं कोविड -19 महामारी के दौरान एशियाई अमेरिकियों के खिलाफ हिंसा की रिपोर्टों के बाद आई हैं। जापानी पंजीकृत मतदाता (28 प्रतिशत) चीनी (15 प्रतिशत) और भारतीय (13 प्रतिशत) मतदाताओं की तुलना में आर्थिक असमानता को अपने समुदाय के सामने सबसे बड़े मुद्दे के रूप में देखने की अधिक संभावना रखते हैं। भारतीय पंजीकृत मतदाताओं में से 15 प्रतिशत का कहना है कि जलवायु परिवर्तन उनके समुदाय के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। यह फिलिपिनो (7 प्रतिशत), चीनी (6 प्रतिशत), जापानी (6 प्रतिशत) और वियतनामी (5 प्रतिशत) मतदाताओं की तुलना में अधिक है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि एशियाई रिपब्लिकन मतदाता अपने डेमोक्रेटिक समकक्षों की तुलना में मुद्रास्फीति को उस समुदाय के सामने सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा मानते हैं, जिसमें वे रहते हैं। फिर भी,यह दोनों समूहों के लिए सबसे अधिक उद्धृत शीर्ष मुद्दा है। एशियाई डेमोक्रेटिक मतदाताओं की संख्या रिपब्लिकन की तुलना में दोगुने से भी अधिक है, जो कहते हैं कि आर्थिक असमानता उनके समुदाय के सामने सबसे बड़ा मुद्दा है। एशियाई डेमोक्रेटिक मतदाताओं के बीच आर्थिक असमानता दूसरा सबसे अधिक उद्धृत मुद्दा है।

# कनाडा ने की भारतीय हैकरों द्वारा साइबर हमले की शिकायत

**टोरंटो,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा जून में सरे में सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का नई दिल्ली पर आरोप लगाने के बाद कनाडा-भारत संबंध खराब हो गए हैं। कनाडाई सरकारी एजेंसियों ने भारत से साइबर हमलों की सूचना दी है। सीटीवी नेटवर्क के अनुसार, इन हमलों को 'उपद्रव' बताते हुए कनाडा की सिग्नल-इंटेलिजेंस एजेंसी ने कहा कि इससे विभिन्न सरकारी संस्थान प्रभावित हुए हैं, हालांकि संघीय विभागों और एजेंसियों की सेवा देने वाली प्रणालियां सामान्य रूप से काम करती रहीं। कनाडाई सशस्त्र बल की वेबसाइट बुधवार को घंटों तक साइबर हमलों से प्रभावित थी। सैन्य प्रवक्ता एंड्री-ऐनी पौलिन ने कहा, 'साइबर हमले का हमारे सिस्टम पर व्यापक प्रभाव का कोई संकेत नहीं है।' कनाडा के रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने इसे डिस्ट्रीब्यूटेड डिनायल-ऑफ-सर्विस (डीडीओएस) हमला बताते हुए कहा, हमारे साइबर अधिकारियों और सुरक्षा अधिकारियों ने बहुत तेजी से कार्रवाई की। डीडीओएस हमले के कारण गुरुवार को हाउस ऑफ कॉमन्स की वेबसाइट भी प्रभावित हुई। हाउस ऑफ कॉमन्स की प्रवक्ता एमिली क्रॉसन ने गुरुवार को कहा, हाउस ऑफ कॉमन्स सिस्टम ने हमारे नेटवर्क और आईटी बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए योजना के अनुसार प्रतिक्रिया दी।



■ **प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा जून में सरे में सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का नई दिल्ली पर आरोप लगाने के बाद कनाडा-भारत संबंध खराब हो गए हैं**

हालांकि, कुछ वेबसाइटें थोड़े समय के

# भारतीय छात्रा की मौत का मजाक उड़ाने वाले पुलिसकर्मी को गश्ती ड्यूटी से हटाया गया

न्यूयॉर्क, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत के बारे में मजाक उड़ाने वाले अमेरिकी पुलिसकर्मी को गश्ती ड्यूटी से हटा दिया गया है। भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की पेट्रोलिंग कर रही पुलिस की कार की टक्कर से जान चली गई थी। सिएटल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, सिएटल पुलिस विभाग (एसपीडी) ने गुरुवार को पुष्टि की है कि अधिकारी डैनियल ऑडरर को 'प्रशासनिक रूप से एक गैर-परिचालन पद पर पुन: नियुक्त किया गया है।' ऑडरर बॉडी कैमरे से एक क्लिप को लेकर जांच के घेरे में आ गए हैं। जिसमें उन्हें यह कहते हुए सुना गया कि कंडुला के जीवन का 'सीमित मूल्य' था और उसे बस एक चेक देकर निपटा दो। वीडियो क्लिप की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निंदा हुई और नेताओं, कानूनविदों और वकालत समूहों ने डेनियल ऑडेरर को पुलिस सेवा से बर्खास्त करने की मांग की। इस महीने की शुरुआत में सिएटल पुलिस ऑफिसर्स गिल्ड (एसपीओजी) को लिखे एक पत्र में अपना बचाव करते हुए, ऑडरर ने लिखा कि टिप्पणियां 'द्वेष' और कठोर हृदय से नहीं की गई थीं। यह कहते हुए कि उन्होंने कंडुला की मृत्यु पर 'शोक व्यक्त किया', उन्होंने लिखा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उसकी मृत्यु 'मानव जीवन के मूल्य पर बहस करने वाले वकीलों में बदल जाएगी'। पिछले हफ्ते, सिएटल के सामुदायिक पुलिस आयोग ने सिफारिश की थी कि कंडुला की मौत के बारे में मजाक करने के लिए जांच के तहत अधिकारी को छुट्टी पर रखा जाए और उसका वेतन रोक दिया जाए।

## आज का इतिहास

1681- नीदरलैंड एवं स्वीडन ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1687- औरंगजेब ने हैदराबाद के गोलकुंडा के किले पर क़ब्जा किया।
1898- अमेरिकी शहर न्यूयॉर्क की स्थापना हुई।
1870 -फ्रांस के भौतिक वैज्ञानिक जीन बैप्टिस्ट पेरिन का जन्म। उन्हें 1926 में भौतिकी के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
1922- प्रसिद्ध निर्माता-निर्देश ऋषिकेश मुखर्जी का जन्म हुआ।
1929- मनुष्य को ले जाने योग्य पहले रॉकेट ने उड़ान भरी।
1967- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने मौद्रिक प्रणाली में सुधार किया।
1067- पाकिस्तान और यमन संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुए।
1984- उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया ने 1945 के बाद पहली बार सीमा खोली।
1993- भारत के महाराष्ट्र राज्य के औरंगाबाद में भूकंप के कारण 10,000 हज़ार से अधिक लोग मारे गए एवं लाखों बेघर हो गए।
1994- प्रसिद्ध कवयित्री एवं लेखिका समुत्रा कुमारी सिन्हा का निधन हुआ।
2001- कांग्रेस नेता माधवराव सिंधिया का निधन।
2002- पाकिस्तान को कट्टरपंथी मुसलमानों ने एक मंदिर को तोड़ा, चीन ने भारत के साथ स्वेच्छा वार्ता को और सार्थक बनाने की इच्छा व्यक्त की।
2003- विश्वनाथन आनंद ने विश्व रैपिड शतरंज चैम्पियनशिप जीती।
2005 -डेनमार्क के एक अखबार ने पैगम्बर मोहम्मद साहब का कार्टून छापा, जिसका दुनियाभर के मुसलमानों ने कड़ा विरोध किया।
2005- समाचार एजेंसी रायटर ने इराक में अमेरिकी सेना द्वारा पत्रकारों का दमन करने का आरोप लगाया।
2007- परवेज मुशर्रफ़ को दुबारा वर्दी में राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए विपक्ष के 236 सांसदों-विधायकों ने त्यागपत्र दिया।
2008 -जोधपुर के एक हिंदू मंदिर में बम की अफवाह फैलने के बाद मची भगदड़ में 224 लोगों की मौत।

**आग्रह** | *अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र देश है जहां लड़कियों को शिक्षा की अनुमति नहीं*

# अफगान महिलाओं और लड़कियों को पुरुषों की तरह शिक्षा का अधिकार : यूएनजीए अध्यक्ष

**संयुक्त राष्ट्र, 29 सितंबर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने अफगानिस्तान में तालिबान शासन से महिलाओं और लड़कियों को उचित शिक्षा से प्रतिबंधित करने के फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। फ्रांसिस ने कहा, 'अफगान महिलाओं और लड़कियों के पास, पुरुषों की तरह, अविभाज्य मानव अधिकार हैं जिन्हें बरकरार रखा जाना चाहिए और सम्मानित किया जाना चाहिए।'**

समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने प्रेस ब्रीफिंग में यूएनजीए अध्यक्ष के हवाले से कहा, 'मैं अफगान अधिकारियों से नीति पर पुनर्विचार करने और लड़कियों को स्कूल जाने, शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति देने का आग्रह करूंगा, ताकि वे अपने समुदायों और समाज के विकास में भूमिका निभा सकें।' उन्होंने कहा, 'वे अफगानिस्तान को एक मजबूत, एकजुट राज्य बनाने में अपना योगदान जोड़ सकते हैं, मुझे यकीन है कि वे ऐसा करना चाहते हैं, और लड़कियों को स्कूल से बाहर रखकर निराशा की भावना पैदा नहीं करें।

यह देश को मजबूत करने वाला व्यवहार नहीं है। इससे देश के कमजोर होने की संभावना है। इसलिए मैं उनसे इस नीति पर जल्द से जल्द पुनर्विचार करने का आग्रह करता हूं। उन्होंने कहा कि



**मैं अफगान अधिकारियों से नीति पर पुनर्विचार करने और लड़कियों को स्कूल जाने, शिक्षा प्राप्त करने की अनुमति देने का आग्रह करूंगा, ताकि वे अपने समुदायों और समाज के विकास में भूमिका निभा सकें :-यूएनजीए अध्यक्ष**

अफगानिस्तान दुनिया का एकमात्र देश है जहां लड़कियों को शिक्षा की अनुमति नहीं है। उन्होंने कहा, वास्तव में यह समझ से परे है कि ऐसा होना चाहिए। यह एक कालभ्रम है। यह एक वैश्विक कालभ्रम है। और कालभ्रम को ठीक करने की जरूरत है। 50 से अधिक आदेशों और प्रतिबंधों के माध्यम से, तालिबान ने महिलाओं के जीवन के किसी भी पहलू को अछूता नहीं छोड़ा है, किसी भी स्वतंत्रता को नहीं बख्शा है। शासन ने महिलाओं के सामूहिक उत्पीड़न पर आधारित एक ऐसी प्रणाली बनाई, जिसे उचित रूप से और व्यापक रूप से लैंगिक रंगभेद माना जाता है।

## सुडोकू 6332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | 2 | 7 | 3 | |
| | | 1 | | 9 | | | | |
| 5 | | | | | 4 | 1 | | |
| 8 | | | 6 | | | | | 2 |
| | 3 | 4 | | | | 6 | 7 | |
| 7 | | | | | 1 | | | 8 |
| | | 9 | 7 | | | | | 3 |
| | | | | 1 | | 8 | | |
| | 8 | 2 | 4 | | | | 5 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6332

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| [illegible] | | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | | |
| [illegible] | | | | | | | | | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. सुध-बुध खोया हुआ, जिसके होश हवास ठिकाने न हो (उर्दू)
४. आल्हाद कारक, आनंदकारक, पारस्परिक सद्भाव
६. सीमा, प्रतिष्ठा
७. उत्तराधिकारी (उर्दू)
८. परिमाण, माप-तौल (उर्दू)
१०. बिजली, गाज
११. आवश्यक, जरूरी (उर्दू)
१३. हारा हुआ, जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१४. गड़बड़, गोलमाल
१५. सज्जन, भलामानुस
१७. काल, अवसर
१९. यतीम
२१. एक तरह की चपाती जिसे तेल आदि में तलकर या आग में भूनकर खाया जाता है
२२. कन्नी काटना, बचकर निकल जाना
२४. ख्याति प्राप्त करना (मुहावरा)

**ऊपर से नीचे:-**
१. शक्तिशाली
२. सहयात्री
३. बुद्धिमान
४. गाज, बिजली
५. मध्यभारत की एक नदी
९. चांदी का बना हुआ
११. निर्धन, कंगाल
१२. जंगल, वन
१३. चमकना, रूबरू होना, प्रणय क्रीड़ा, आनंद
१४. कम होना, वृत्तांत, वाकिया
१५. भर पाने या चुकता हो जाने का भाव
१६. कसकर बांधना
१८. शराब
१९. ज्यादा, बहुत
२०. अत्यधिक, श्रम से शरीर शिथिल होना
२३. स्त्री, महिला

### वर्ग पहेली-6331

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ दो | ष | २ वे | च | ३ क | ■ | ४ वि | लं | ५ ब | न |
| प | ■ | त | ■ | ६ म | री | चि | ■ | टो | ■ |
| ७ ह | न | न | ■ | ला | ■ | ८ त्र | पा | ही | ९ न |
| र | ■ | मा | ■ | १० स | म | ता | ■ | ■ | क्षा |
| ■ | ११ अ | म | १२ श | न | ■ | ■ | १३ प्र | धा | न |
| जं | ■ | १४ वा | ■ | सु | ल | भा | ■ | ■ | वी |
| १५ बे | न | १६ का | ब | ■ | गं | ■ | १७ त | १८ म | स |
| न | ■ | लो | ■ | १९ अ | ध | २० र | ■ | ल | ■ |
| २१ जी | न | त | ■ | स्मि | ■ | २२ खै | रि | य | २३ त |
| र | ■ | २४ र | ज | ता | च | ल | ■ | ■ | थ |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6332 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 | 3 | 9 |
| 2 | 7 | 1 | 3 | 9 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 9 | 3 | 8 | 7 | 4 | 1 | 2 | 6 |
| 8 | 1 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 | 9 | 2 |
| 9 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 8 |
| 4 | 6 | 9 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 | 3 |
| 3 | 5 | 7 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 1 | 8 | 2 | 4 | 6 | 3 | 9 | 5 | 7 |

## दुनिया को जानें

# बढ़ती बुजुर्ग आबादी से निपटने को चीन तैयार

**बीजिंग,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। 14 दिसम्बर 1990 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के रूप में नामित किया। अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की स्थापना का उद्देश्य लोगों में बुजुर्ग आबादी के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अनुमान है कि वर्ष 2040 में चीन की बुजुर्ग आबादी 38 करोड़ तक पहुंच जाएगी और हर चार में से एक व्यक्ति बुजुर्ग होगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 18वीं राष्ट्रीय कांग्रेस के बाद से, शी चिनफिंग से केंद्रित पार्टी की केंद्रीय समिति ने बुजुर्ग आबादी से निपटने को एक राष्ट्रीय रणनीति बना दिया है। पिछले वर्षों में, चीन की बुजुर्ग देखभाल सेवा प्रणाली में तेजी से सुधार हो रहा है। चीन ने राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तरों पर एक बुनियादी बुजुर्ग देखभाल सेवा सूची प्रणाली स्थापित की है। बुजुर्ग भत्ता प्रणाली, वित्तीय कठिनाइयों वाले बुजुर्गों के लिए सेवा सब्सिडी प्रणाली और विकलांग बुजुर्गों के लिए नर्सिंग सब्सिडी प्रणाली ने पूर्ण प्रांतीय कवरेज हासिल किया है, जिससे लगभग 3 करोड़ 70 लाख बुजुर्गों को लाभ मिला है।

# खेल जगत

**भारतीय निशानेबाजों ने अनुराग ठाकुर से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज को अपग्रेड करने का आग्रह किया**

**नई दिल्ली।** हांगझोउ में चल रहे एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद, भारत के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजों को 2024 पेरिस ओलंपिक की तैयारी शुरू करने से पहले कुछ मुद्दों को सुलझाना होगा। उन्हें लगता है कि यहां डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज के उन्नयन की आवश्यकता है और इसके लिए, नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) के अधिकारियों द्वारा उनके आग्रह से इंकार करने के बाद एथलीटों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से नए छात्रावास में सुविधाओं में सुधार करने का अनुरोध किया है। हम मंत्री से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बने नए छात्रावास की सुविधाओं को उन्नत करने का अनुरोध करते हैं। छात्रावास नया और अच्छा है लेकिन कुछ मुद्दे हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता है। एक निशानेबाज ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर आईएएनएस को बताया, इसके अलावा, हमने मंत्री से कर्णी सिंह शूटिंग रेंज को अपग्रेड करने का अनुरोध किया है।



# भारतीय निशानेबाजी टीम ने दो स्वर्ण और दो रजत जीते









**हांगझोउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में भारतीय निशानेबाजों में शुक्रवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम स्पर्धा में दो स्वर्ण और दो रजत पदक जीत लिया।

आज यहां ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले और अखिल श्योराण की भारतीय तिकड़ी ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा में नए विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता।

ारतीय टीम ने 1769 स्कोर किया जो कि पिछले वर्ष पेरू में अमेरिका द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से आठ अंक अधिक है। चीन को 1763 के स्कोर के साथ रजत और दक्षिण कोरिया 1748 स्कोर कर कांस्य पदक जीते। स्वप्निल (591) और ऐश्वर्य (591) क्वालीफिकेशन चरण में शीर्ष पर हैं और एक नया क्वालीफिकेशन एशियाई और एशियन गेम्स रिकॉर्ड साझा करते हैं। अखिल (587) पांचवें स्थान पर रहे, लेकिन व्यक्तिगत फाइनल में अपने हमवतन निशानेबाजों के साथ शामिल होने में असफल रहे, क्योंकि एक देश से केवल दो निशानेबाज ही फाइनल में प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। वहीं एक अन्य मुकाबले में भारतीय निशानेबाज पलक और ईशा सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में क्रमश- स्वर्ण और रजत पदक जीता। पलक व्यक्तिगत स्पर्धा में 242.1 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं। हमवतन निशानेबाज ईशा सिंह ने 239.7 के स्कोर साथ रजत पदक जीता। पाकिस्तान की किश्माला तलात ने 218.2 के साथ कांस्य पदक जीता। ईशा सिंह, पलक और दिव्या थडिगोल सुब्बाराजू की भारतीय तिकड़ी ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारतीय टीम ने कुल 1731 अंक दर्ज किए और चीन से पांच अंक पीछे रहा, चीन ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि चीनी ताइपे को 1723 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। ईशा (579) और पलक (577) क्रमशः पांचवें और सातवें स्थान पर रहीं और व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं।

## निखत जरीन ने मुक्केबाजी में पदक और ओलंपिक कोटा पक्का किया

दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन ने जॉर्डन की हनान नासर पर जोरदार जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया और अपने लिए एक पदक और 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए कोटा भी पक्का कर लिया। निखत ने पहले राउंड में 53 सेकंड शेष रहते हुए रेफरी द्वारा मुकाबला रोक दिए जाने पर हनान नासर के खिलाफ अपना मुकाबला जीत लिया, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी की क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 8-तक काउंटिंग की गयी थी। 27 वर्षीय भारतीय ने मैच पर अपना दबदबा बनाया और जब रेफरी ने मैच समाप्त करने के लिए कदम उठाया तो वह सभी पांच जजों के कार्ड पर आगे चल रही थी। शुक्रवार को मैदान में अन्य भारतीयों में, लक्ष्य चाहर (80 किग्रा) किर्गिस्तान के बेकझिगिट उलू ओमुरबेक के खिलाफ 16वें राउंड में 1-4 से हार गए, जबकि 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता परवीन हुडा (महिला 57 किग्रा) 16वें राउंड के मुकाबले में चीन की जू ज़िचुन पर 5-0 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। पुरुष वर्ग में अनुभवी मुक्केबाज शिवा थापा, विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक (51 किग्रा) और संजीत (92 किग्रा) हारकर बाहर हो चुके हैं। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) और निखत के साथ आइस्मिन लाम्बोरिया (60 किग्रा) अभी भी दौड़ में हैं।

## अदिति अशोक संयुक्त दूसरे स्थान पर भारतीय महिला टीम तीसरे स्थान पर



**हांगझोउ,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। एशियन गेम्स में भारत की टॉप गोल्फर अदिति अशोक ने अपने शानदार खेल से पदक की उम्मीद बढ़ा दी है। शुक्रवार को वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स पर समाप्त हुए दूसरे दौर के बाद अदिति छह अंडर 66 का कार्ड खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। पुरुष वर्ग में अत्यधिक गर्मी से प्रभावित अनिर्बान लाहिड़ी (65-67) अपने नौवें स्थान पर कायम हैं, जबकि शुभंकर शर्मा (68-65) संयुक्त रूप से 21वें स्थान पर हैं। एसएसपी चौरसिया (67-72) खलिन जोशी (70-69) के साथ 29वें स्थान पर हैं। भारत की पुरुष टीम स्टैंडिंग में छठे स्थान पर हैं।

कोरिया पहले स्थान पर काबिज है जबकि हांगकांग और जापान क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। अदिति ने 11-अंडर 133 के कुल स्कोर के साथ चीन की यिन रुओनिंग के साथ दूसरा स्थान साझा किया। थाईलैंड की युबोल अर्पिचया एक स्ट्रोक से अदिति और चीनी खिलाड़ी से आगे हैं।

अदिति ने पहले और दूसरे होल पर लगातार बर्डी के साथ शुरुआत की और फिर पार-4 पांचवें होल में शानदार ईगल लगाया। चार बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) विजेता ने होल 16 पर बोगी करने से पहले 11वें और 15वें होल में बर्डी लगाई। 25 वर्षीय अदिति, जो 2020 टोक्यो ओलंपिक में चौथे स्थान पर रही, ने फिर बर्डी के साथ सुधार किया। लिन ज़ियू और लियू यू की चीनी जोड़ी ने क्रमशः 67 और 68 राउंड के साथ एकल चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया।

एक अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स चार अन्य के साथ पांच अंडर 139 के कुल स्कोर के साथ चार अंडर 68 का कार्ड जमा करने के बाद सात स्थान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गईं। टीनएज सनसनी अवनि प्रशांत ने 69 का कार्ड खेलकर छह स्थान की छलांग लगाई और तीन अंडर 141 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर पहुंच गईं।

महिला टीम प्रतियोगिता में, भारत 16-अंडर 272 के समग्र स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर था। चीन की टीम कल की संयुक्त बढ़त में सुधार करते हुए 21-अंडर 267 पर लीड कर रही है। थाईलैंड ने 20-अंडर 268 का समग्र स्कोर के चीन पर दबाव बनाए रखा। रिपोर्ट दर्ज होने तक पुरुषों की टीम में अनिर्बान लाहिड़ी, शुभंकर शर्मा, एसएसपी चौरसिया और खलिन जोशी शामिल थे, जिन्होंने अभी अपना राउंड पूरा नहीं किया था।

## बैडमिंटन में महिलाओं ने किया निराश, पुरुष टीम का पदक पक्का



**हांगझाउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। स्टार शटलर पीवी सिंधु के नेतृत्व वाली भारतीय महिला टीम शुक्रवार को एशियाई खेल 2023 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई जबकि पुरुष बैडमिंटन टीम ने क्वार्टरफाइनल में नेपाल को हरा कर पदक पक्का कर लिया।

महिला बैडमिंटन टीम को थाईलैंड के ख़िलाफ़ 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधु को टीम स्पर्धा क्वार्टरफाइनल के पहले मैच में थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से 67 मिनट तक चले मुक़ाबले में 21-14, 15-21, 14-21 से हार मिली। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए, पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 12वें नंबर की थाईलैंड की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के ख़िलाफ़ पहले गेम में 21-14 से जीत दर्ज की लेकिन, अगले दोनों गेम में दुनिया की 15वें नंबर की भारतीय शटलर को 15-21 और 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

इसके बाद, राष्ट्रमंडल खेल की पदक विजेता त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी और युवा खिलाड़ी अश्मिता चालिहा भी अपने-अपने मुक़ाबले में हार गईं, जिससे भारतीय महिला टीम को 3 मैचों के टाई में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला युगल जोड़ी को थाईलैंड की प्राजोंगजई राविंडा और कितिथाराकुल जोंगकोलफान की जोड़ी ने 19-21, 5-21 से हराया। वहीं, दुनिया की 16वें नंबर की थाईलैंड की बैडमिंटन खिलाड़ी बुसानन ओंगबामरुंगफान ने अश्मिता चालिहा को 44 मिनट तक चले मुक़ाबले में 9-21, 16-21 से शिकस्त दी।

इस बीच, भारतीय पुरुष टीम नेपाल को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गई है। भारतीय पुरुष टीम को लक्ष्य सेन ने बेहतरीन शुरुआत दी। कॉमनवेल्थ गेम्स चैंपियन और दुनिया के 14वें नंबर के भारतीय शटलर ने टाई के पहले मैच में नेपाल के प्रिंस दहल को सिर्फ 22 मिनट का समय लेकर 21-5, 21-8 से हराया। किदांबी श्रीकांत ने टाई के दूसरे मैच में नेपाल के सुनील जोशी को सीधे गेम में 21-4, 21-13 से हराने के लिए 31 मिनट का समय लिया। मिथुन मंजूनाथ ने बिष्णु कटुवाल को 21-2, 21-4 से हराकर भारत को तीसरी जीत दिलाई और इसी के साथ भारतीय पुरुष टीम ने 3-0 के अंतर से टाई अपने नाम करते हुए एशियन गेम्स 2023 के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

एशियाई खेल की बैडमिंटन स्पर्धा के सेमीफाइन में हारने वाली टीम कांस्य पदक जीतती है। इस आधार पर, भारतीय पुरुषों ने हांगझोऊ में पदक पक्का कर लिया है।

भारत ने आखिरी बार 37 साल पहले एशियाई खेलों में पुरुष टीम पदक जीता था। सैयद मोदी के नेतृत्व में टीम ने सियोल 1986 में कांस्य पदक जीता था।

# भारत ने जापान को 4-2 से हराया

**हांगझोउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शुक्रवार को चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों के पुरुष हॉकी मुकाबले के पहले राउंड में जापान को 4-2 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी तीसरी जीत दर्ज की है।

भारत की ओर से अभिषेक खेल के 13वें और 48वें मिनट में जबकि मनदीप सिंह ने 24वें मिनट में और अमित रोहिदास ने 34में मिनट में गोल दागे। वहीं, जापान की ओर से गेंकी मिटानी ने खेल के 57वें मिनट में और रयोसी काटो ने 60वें मिनट में 1-1 गोल किये। भारतीय टीम ने अपनी शानदार लय को जारी रखते हुए मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज में खेल का आगाज किया। खेल के 13वें मिनट में भारतीय खिलाड़ी जर्सी नंबर 5 अभिषेक ने फील्ड गोल कर पहले क्वार्टर में टीम को बढ़त दिलाई। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों ने खेल के पांचवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया था, लेकिन वह उसे गोल में तब्दील नहीं कर सके।



दूसरे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ियों ने एक और गोल कर अपनी बढ़त को दोगुना कर दिया। भारत के लिए यह गोल मनदीप सिंह ने खेल के 24वें मिनट में फील्ड गोल के ज़रिए किया। यह इस मैच का दूसरा फील्ड गोल था। इसके तुरंत बाद ही भारतीय टीम ने एक ओर पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, लेकिन टीम इसे गोल में तब्दील नहीं कर सकी। पहले हाफ के बाद भारतीय टीम आत्मविश्वास से लबरेज़ थी और उन्होंने खेल का तीसरा गोल कर अपने इरादे साफ कर दिए। भारत के लिए तीसरा गोल अमित रोहिदास ने दागा। तीसरे क्वार्टर में भारतीय डिफेंस ने गोल बचाने में में अपनी अहम भूमिका निभाई। खेल का अंतिम क्वार्टर भी भारतीय टीम के नाम रहा। मुकाबले के चौथे क्वार्टर में भारतीय खिलाड़ी अभिषेक ने अपना दूसरा और टीम का चौथा गोल कर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी।

जापान की टीम गोल की तलाश में लगातार संघर्ष करती हुई दिखाई दी, लेकिन भारतीय डिफेंडरों को भेद पाना उनके लिए आसान नहीं रहा। हालांकि, जापान की टीम को खेल के 57वें मिनट में पहली सफलता मिली। जापान की ओर से यह गोल गेंकी मिटानी ने किया। खेल का रोमांच यहीं नहीं रुका और जापान ने खेल के अंतिम क्वार्टर में एक और गोल किया। खेल के आखिरी मिनट में जापानी खिलाड़ी रयोसी काटो ने एक और गोल कर अपनी टीम के स्कोर में इजाफा कर दिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम पूल एक में पाकिस्तान को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष पर पहुंच गई है। इससे पहले भारत ने उज्बेकिस्तान और सिंगापुर को एकतरफा मुकाबले में हराया था। भारतीय टीम अब अपना मुकाबला चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को खेलेगी।

## एशियाई खेलों में भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने कांस्य पदक जीता

**हांगझोउ,** 29 सितंबर (एजेंसियां)। भारतीय महिला स्क्वैश टीम चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में शुक्रवार को कांस्य पदक जीता है। आज यहां हुए मुकाबले में तन्वी खन्ना मुकाबले का पहला मैच हांगकांग से हार गई और वहीं अनहम को ली का यी ने 11-8, 11-7, 12-10 से हराया। हालांकि जोशना चिनप्पा ने दूसरे मैच को जीतकर भारत को बराबरी पर ला दिया था, जोशना चिनप्पा ने विश्व की 24 नंबर की खिलाड़ी जे लोक हो को 7-11, 11-7, 9-11, 11-6, 77-8 से हराया। लेकिन अनहत की हार के कारण टीम फाइनल में नहीं पहुंच सकी। सेमीफाइनल में भारतीय टीम को हांगकांग ने 1-2 से हरा दिया और भारतीय टीम को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

## टेनिस में बोपन्ना-भोसले मिश्रित युगल के फाइनल में

**हांगझाउ** 29 सितंबर (एजेंसियां)। भारत के रोहन बोपन्ना और रुतुजा भोसले ने एशियाई खेल में मिश्रित युगल सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के यू-हसिउ सू और हाओ-चिंग चांग की जोड़ी को 6-1, 3-6, [10-4] से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल में शनिवार को उनका सामना चीनी ताइपे की एक और जोड़ी – लियांग एन-शुओ और हुआंग त्सुंग-हाओ से होगा। भारतीय जोड़ी ने गुरुवार को कजाकिस्तान के ग्रिगोरी लोमाकिन और झिबेक कुलंबायेवा को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी। भारतीय जोड़ी को पहले राउंड में बाई मिला था, उसके बाद दूसरे राउंड में उन्होंने उज्बेकिस्तान के अकगुल अमानमुराडोवा-मक्सिम शिन को 6-4, 6-2 से हराया था। इसके बाद भारतीय टेनिस जोड़ी ने राउंड ऑफ 16 में अयानो शिमिज़ु-शिनजी हजावा को 6-3, 6-4 से हराया और फिर क्वार्टरफाइनल में कज़ाख जोड़ी झिबेक कुलम्बायेवा-ग्रिगोरी लोमाकिन को 7-5, 6-3 से शिकस्त दी।



एशियन गेम्स में रोहन बोपन्ना का यह दूसरा टेनिस फाइनल होगा। भारतीय टेनिस दिग्गज ने जकार्ता 2018 में पुरुष युगल का स्वर्ण पदक जीता था। हांगझोउ 2023 में रोहन बोपन्ना और उनके पुरुष युगल साथी युकी भांबरी राउंड ऑफ 16 से आगे नहीं बढ़ सके। गौरतलब है कि रुतुजा भोसले इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में अपना डेब्यू कर रही हैं। एशियाई खेलों के इतिहास में भारतीय दल ने दो स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य सहित कुल छह मिश्रित युगल पदक जीते हैं।

## सार संक्षेप

### भारत की लड़कियों ने किया मलेशिया का शिकार, अब कोरिया की बारी

**हांगझाउ।** एशियाई खेलों में भारत की महिला टीम ने शुक्रवार को ग्रुप ए के एक मैच में मलेशिया को 6- से रौंद कर लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारत ने शुरू से ही आक्रामक रवैया अख्तियार किया और शुरूआती 15 मिनट में एक के बाद एक चार गोल दाग कर मलेशिया को दवाब में ला दिया। मोनिका ने सातवें मिनट में, दीप ग्रेस एक्का ने आठवें मिनट में, निशा ने 11वें मिनट में और वैष्णवी विठल ने 15वें मिनट में गोल दागे। भारतीय लड़कियां यहीं नहीं रूकी और पहले हाफ में ही संगीता ने खेल के 24 वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 5- कर दिया। दूसरे हाफ में भी गेंद ज्यादातर भारतीय खिलाड़ियों के ही कब्जे में रही,नतीजन लालरेम्सियामी ने 5वें मिनट में गोल किया। एफआईएच रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज़ भारतीय महिला हॉकी टीम के हमलों का मलेशिया की रक्षा पंक्ति के पास कोई जवाब नहीं था। मोनिका ने खेल के 7वें मिनट में फील्ड गोल के जरिए किया। इसके अगले मिनट में अनुभवी खिलाड़ी दीप ग्रेस एक्का ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए गोल दागा। भारतीय टीम यही नहीं रुकी और मैच के 11वें मिनट में एक और गोल कर मलेशिया की टीम पर 3- की बढ़त हासिल कर ली। पहले क्वार्टर के अंतिम मिनट में वैष्णवी विठ्ठल ने फील्ड गोल किया और टीम के स्कोर में एक और गोल का इजाफा किया।

### सिंगापुर ने थाईलैंड को 1 रन से हराया

हांगझोउ। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में शुक्रवार को क्रिकेट टी-2 पुरुष ग्रुप सी मुकाबले में सिंगापुर ने चेतन सूर्यवंशी के अर्धशतक 53 रन, नवीन परम की 32 रन पारी तथा आहान गोपीनाथ अचर के चार विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत थाईलैंड को 1 रन से हरा दिया है। आज यहां सिंगापुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेतन सूर्यवंशी के अर्धशतक 36 गेंदों में 53 रन, नवीन परम की 38 गेंदों में 32 रन पारी, जनक प्रकाश 15 गेंदों में 29 रन तथा रोहन रंगराजन 19 गेंदों में 2 रन की पारी की बदौलत आठ विकेट पर 152 रन का स्कोर बनाया। ओपनर नवीन परम को देसुंगनेऑन ने नामचाइकुल के हाथों 32 के स्कोर पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। वही रोहन रंगराजन को पेंगकुमता ने सारानोननक्कुन के हाथों कैच आउट कराया। चेतन सूर्यवंशी को पेंगकुमता ने पगबाधा तथा नामचाइकुल ने जनक प्रकाश को पगबाधा किया। अनीश परम को सेनामोंत्री ने आठ रन के निजी स्कोर पर आउट किया। इशान साहनी को पेंगकुमता को शून्य पर बोल्ड कर दिया।

# भारत को पाक पर जीत के लिए तेज हमलों के साथ करनी होगी किले की मजबूत चौकसी

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 29 सितंबर (देशबन्धु)। मीठा पुर के तीन धुरंधरों में से दो स्ट्राइकर मनदीप सिंह और ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार के अब छह-छह तथा आक्रामक मिडफील्डर मनप्रीत सिंह के एक गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने 19 वें एशियाई खेलों में पूल ए के अपने शुरू के तीनों मैच जीते हैं और कुल 33 गोल किए हैं। वहीं पाकिस्तान ने भी भारत की तरह तीनों मैच जीते हैं लेकिन उससे एक कम यानी कुल 32 कुल किए हैं। भारत अपने बेहतर गोल अंतर के आधार पर पूल ए में शीर्ष पर है। भारत ने 2018 में जकार्ता एशियाई खेलों में पाकिस्तान को 2-1 से हराकर कांसा जीता था। भारत की कोशिश अब पाकिस्तान को भी शनिवार को हरा जीत

**■ पाक के खिलाफ भारत जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता**

के साथ चौके के साथ सेमीफाइनल में स्थान पक्का करने की होगी। पाकिस्तान ने एशियाई खेलों में अब तक भारत से 15 में आठ मैच जीते, चार हारे हैं जबकि तीन ड्रॉ रहे। भारत और पाकिस्तान 2013 से अब तक 24 बार भिड़े हैं और इनमें भारत 16 और पाकिस्तान मात्र पांच बार जीता है जबकि तीन मैच ड्रॉ रहे हैं। बेशक दुनिया की तीसरे नंबर की अनुभवी भारतीय टीम के सामने कप्तान उमर बुट्टा को छोड़ नौजवान शनिवार को पाकिस्तान टीम की नौजवान टीम होगी लेकिन वह उसके खिलाफ जरा सी भी ढील गवारा नहीं कर सकता है। भारत को पाक के खिलाफ जीत के लिए तेज



हमलों के साथ किले की मजबूत चौकसी करनी होगी। भारत के लिए कप्तान ड्रैग फ्लिकर वरुण और स्ट्राइकर मनदीप सिंह का आधा आधा दर्जन गोल कर, कप्तान हरमनप्रीत सिंह व अनुभवी स्ट्राइकर ललित उपाध्याय का अब तक इस बार इन खेलों चार चार तथा स्ट्राइकर अभिषेक का तीन गोल करना यह दर्शाता है कि वह गोल करने और पेनल्टी हासिल करने के लिए किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर नहीं है । भारत के लिए सबसे सुखद उसके लिए 12 अलग-अलग खिलाडि़यों ने गोल किए। भारत की पाकिस्तान के खिलाफ शनिवार को भी कोशिश आखिर मिनट तक बराबर गोल करने की होनी चाहिए। भारत की रक्षपंक्ति की कोशिश पाकिस्तान को मैदानी गोल करने से रोकने के साथ उसे कम से कम पेनल्टी कॉर्नर देने की होनी चाहिए। वहीं पाकिस्तान के लिए स्ट्राइकर अफराज(5) गोल, अब्दुल राणा(चार गोल) और अरशद लियाकत (चार गोल) रंग में चल रहे हैं ऐसे में भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत, विवेक सागर प्रसाद, नीलकांत शर्मा को गेंद पाकिस्तान स्ट्राइकर की पहुंच से दूर रख कर साथी आक्रामक सेंटर हाफ उपकप्तान हार्दिक सिंह की ओर आगे गेंद बढ़ानी चाहिए जिससे कि वे इसे बराबर अग्रिम पंक्ति में मनदीप, ललित, अभिषेक, गुरजंट और सुखजीत के लिए गेंद बढ़ानी चाहिए जिससे कि पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी हमले बोलने के मैदानी गोल करने के साथ टीम को बराबर पेनल्टी कॉर्नर दिलाए।

### पाक का पलड़ा रहा है भारी

दोनों देशों के बीच अब तक हुए कुल 179 मैचों में पाकिस्तान ने 82 और भारत ने 65 मैच जीते जबकि 32 ड्रॉ रहे हैं। 2010 से दोनों मुल्कों के बीच हुए 23 मैचों में भारत ने 19 जीते, 8 हारे और एक मैच ड्रॉ रहा। भारत ने अगस्त में अपने घर में चेन्नै में एशियाई चैंपियन ट्रॉफी में दूसरे ही मिनट में पाकिस्तान के हन्नान शाहिद का गोल अमान्य होने के बाद नींद से जागते हुए कप्तान हरमनप्रीत के दो और जुगराज सिंह व आकाशदीप सिंह के एक- एक गोल से पूल मैच मे पाकिस्तान को 4-0 से हराया उससे एक बड़ा सबक यह जरूर है कि वह उसे हल्के में लेने की भूल कतई नहीं सकता।

# देश

**उवाच** "पिछले नौ साल राजनीतिक स्थिरता और निर्णायक नीति-निर्माण के रहे हैं। इस अवधि के दौरान हमारी जीडीपी 2.03 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 3.75 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, जो लगभग दोगुनी है। प्रति व्यक्ति आय 2013-14 में 68,000 रुपये से 1.80 लाख रुपये हो गई:-**अमित शाह, गृह मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.5 | 21.4 |
| मुंबई | 33.5 | 24.7 |
| कोलकाता | 32.5 | 28.5 |
| चेन्नई | 34.5 | 25.2 |

**नया डिजिटल कानून लाने की हो रही तैयारी**

## दुष्प्रचार व भ्रम फैलाने पर होगी सजा!

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर लगाम लगाने के लिए नया डिजिटल कानून लाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत किसी के खिलाफ दुष्प्रचार करने व जनता के बीच झूठी या भ्रामक जानकारी पहुचाने को लेकर सजा का प्रावधान किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक, केंद्र सरकार सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 को बदलने के लिए डिजिटल इंडिया बिल पर काम कर रही है। बताया जा रहा है कि टेक्नालॉजी से संबंधित कानून और नियमों में बदलाव के चलते सरकार अब डिजिटल कानून में बदलाव की जरूरत महसूस कर रही है। फिलहाल विधेयक के प्रस्तावित मसौदे में यह प्रावधान किया गया है कि कोई भी व्यक्ति जो घृणा, शत्रुता को बढ़ाने वाली प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी परिणामों को प्रभावित करने वाली किसी कार्रवाई में शामिल होता है तो दुष्प्रचार के लिए दंड का उत्तरदायी होगा। हालांकि अभी मसौदे में यह तय नहीं है कि सजा क्या और कितनी होगी। बावजूद माना रहा है कि मसौदे को और बेहतर बनाते हुए इसमें सजा या दंड के प्रावधान भी शामिल किए जाएंगे। यह दंड वित्तीय या जेल अथवा दोनों हो सकता है। बतादें कि केंद्रीय इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर पहले ही कह चुके हैं कि इंटरनेट काफी हद तक 23 साल पुराने आईटी अधिनियम द्वारा शासित है,जिसमें अन्य चुनौतियों के अलावा उपयोगकर्ता अधिकारों, विश्वास व सुरक्षा के प्रावधानों का अभाव है और यह डॉक्सिंग, साइबर स्टॉकिंग ऑनलाइन ट्रोलिंग जैसे साइबर अपराधों से निपटने के पर्याप्त नहीं है।



कांग्रेस ने उज्जैन रेप मामले पर शिवराज सरकार की आलोचना की, कहा

# भाजपा शासन में अब बेटी होना अभिशाप

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शुक्रवार को चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर शिवराज सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस ने कहा कि राज्य में लड़की के रूप में जन्म लेना अभिशाप है। साथ ही राज्य सरकार पर उज्जैन में 12 वर्षीय लड़की के बलात्कार मामले से छुटकारा पाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। मध्य प्रदेश के प्रभारी कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, 'मध्य प्रदेश में भाजपा शासन में अब बेटी होना अभिशाप हो गया है।' मध्य प्रदेश के उज्जैन में 12 साल की सतना की दलित मासूम बेटी के साथ बलात्कार का वीभत्स और घृणित अपराध हुआ। बेटी घंटों खून से लथपथ उज्जैन में भटकती रही, मानवता रोती रही, मां भारती की आत्मा छलनी होती रही पर शिवराज सरकार कान पर हाथ रख सोती रही।



आज मैंने इंदौर के एमटीएच हॉस्पिटल में जाकर भर्ती बिटिया की देखरेख कर रहे डॉक्टर्स से बात की है क्योंकि शासन ने बताया कि अभी बिटिया से मिलने की इजाज़त नहीं। डॉक्टरों ने बलात्कार की जघन्यता के बारे में बताया, जिससे रूह कांप गई । मध्य प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज़ नहीं बची है। शिवराज जी तो ऐसे निष्ठुर हैं कि 3 दिन तक मौन धारण करे रहे। निर्भया स्वरूप 12 साल की एक दलित बेटी के साथ हुए दुर्दांत बलात्कार और भाजपा सरकार की आपराधिक सलिंप्तता को लेकर जनता के कुछ सवाल हैं। सतना की बेटी के बाबा की गुहार के बावजूद 24 घंटे तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की? उज्जैन पुलिस और भाजपा सरकार ने बिना जांच के ही बिटिया को अपनी एफआईआर में भिखारी क्यों और कैसे बता दिया, जबकि वो स्कूल यूनिफॉर्म में थी?

**मध्य प्रदेश में भाजपा शासन में अब बेटी होना अभिशाप हो गया है। 12 साल की सतना की दलित मासूम बेटी के साथ बलात्कार का वीभत्स और घृणित अपराध हुआ। बेटी घंटों खून से लथपथ उज्जैन में भटकती रही, मानवता रोती रही, मां भारती की आत्मा छलनी होती रही पर शिवराज सरकार कान पर हाथ रख सोती रही:-रणदीप सिंह सुरजेवाला, कांग्रेस महासचिव**

### उज्जैन में भाजपा सरकार की लापरवाही से हुई बच्ची से दरिंदगी : कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मध्य प्रदेश के नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म के लिए राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा है कि उज्जैन की इस घटना को दबाने के लिए शिवराज सरकार ने कई तरह के प्रयास किए हैं और इस मामले में राज्य सरकार की भूमिका से साबित हो गया है कि यह प्रदेश महिलाओं और बच्चियों के लिए असुरक्षित है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार का जंगलराज चल रहा है जहां महिला होना अपराध बन चुका है। राज्य में कुछ साल में 13 लाख महिलाएं लापता हुई हैं। मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों के लिए नर्क बन चुका है और वहां हर दो घंटे में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म होता है।

### पीड़िता के परिवार को वायरल वीडियो से मिली जानकारी

भोपाल। मध्य प्रदेश के उज्जैन में जिस 12 वर्षीय लड़की के साथ बलात्कार किया गया, उसका इंदौर के एक सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता 24 सितंबर को स्कूल में परीक्षा देने के लिए सतना जिले में स्थित अपने घर से निकली थी। उज्जैन के एसपी सचिन शर्मा ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया, 'परिवार ने सतना के पुलिस स्टेशन में लड़की के गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।' लड़की का परिवार उसकी तलाश कर रहा था। परिवार को लड़की के स्थान के बारे में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से पता चला। वीडियो में देखा गया लड़की का खून बह रहा है और वह अर्धनग्न हालत में मदद की गुहार लगा रही थी। जब तक उज्जैन पुलिस को भी पता चल गया था कि पीड़िता सतना जिले की रहने वाली है, जबकि पहले उन्होंने मान लिया था कि लड़की उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की रहने वाली है। पीड़िता के पिता ने मीडिया को बताया कि उन्हें घटना के बारे में तब पता चला जब एक रिश्तेदार ने उनकी बेटी को उज्जैन में सड़कों पर घूमते हुए वायरल वीडियो में देखा।



## मुर्मु ने राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में 2020-21 के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार प्रदान किये। समाज सेवाओं में योगदान के लिए 52 व्यक्तियों को ये पुरस्कार प्रदान किए गए। श्रीमती मुर्मु ने जिन व्यक्तियों को ये पुरस्कार प्रदान किए उनमें डॉ भीम राव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा में कार्यरत डॉ रणवीर सिंह चौहान, दक्षिण कामरूप गर्ल्स कॉलेज असम में कार्यरत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मिताली कथकटिया, पीजी कॉलेज चंडीगढ़ में कार्यरत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना शर्मा, सरकारी कन्या विद्यालय हिमाचल प्रदेश में कार्यरत डॉ मलकीयत सिंह सेषाद्रिपुरम डिग्री कॉलेज कर्नाटक में कार्यरत एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ राघवेंद्र आर शामिल हैं और इनके अलावा अन्य उत्कृष्ट एनएसएस अधिकारियों, एनएसएस स्वयंसेवकों को, एनएसएस इकाइयों और विश्वविद्यालयों/ प्लस टू परिषदों को इस योजना के तहत पुरस्कृत किया गया। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर और राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक ने पुरस्कार समारोह में हिस्सा लिया। एनएसएस केन्द्रीय क्षेत्र का कार्यक्रम है जिसकी शुरुआत 1969 में की गई थी इसका प्राथमिक उद्देश्य स्वयंसेवी प्रयासों के जरिए विद्यार्थियों और युवाओं के व्यक्तित्व का विकास और चरित्र निर्माण में योगदान करना है। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा स्थापित एनएसएस पुरस्कारों को हर वर्ष एनएसएस स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों, एनएसएस इकाइयों और विश्वविद्यालयों/ प्लस टू परिषदों को उनके स्वैच्छिक सेवा योगदान देने के लिए पुरस्कृत किया जाता है।

**समाज सेवाओं में योगदान के लिए 52 व्यक्तियों को ये पुरस्कार प्रदान किए**

**सार संक्षेप**

### आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने नारा लोकेश की गिरफ्तारी पर 4 अक्टूबर तक लगाई रोक

अमरावती। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सीआईडी को कौशल विकास और एपी फाइबरनेट घोटाले में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के महासचिव नारा लोकेश को 4 अक्टूबर तक गिरफ्तार नहीं करने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने दोनों मामलों में टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के बेटे लोकेश की याचिकाओं पर अंतरिम आदेश पारित किया। नायडू पहले से ही कौशल विकास घोटाले में न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत ने दोपहर के भोजन के बाद याचिकाओं पर सुनवाई की और बाद में इसे 4 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया। इसने एपी फाइबरनेट मामले में लोकेश की अग्रिम जमानत याचिका पर भी सुनवाई स्थगित कर दी।

### लिंगायत मठ सेक्स स्कैंडल: बलात्कार के आरोपी साधु की जमानत याचिका पर सुनवाई 26 अक्टूबर तक स्थगित

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को बलात्कार के आरोपी ऐतिहासिक चित्रदुर्ग मठ के संत शिवमूर्ति मुरुगा शरणारू की जमानत याचिका पर सुनवाई 26 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति श्रीनिवास हरीश कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने जमानत याचिका पर गौर करते हुए यह आदेश दिया। आरोपी संत के वकील ने पीठ से मामले की सुनवाई 6 अक्टूबर तय करने का अनुरोध करते हुए कहा कि जमानत याचिका पर बहस के लिए एक वरिष्ठ वकील व्यक्तिगत रूप से आएंगे। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि हर सप्ताह बहस के लिए एक तारीख तय की जाती है और सुनवाई टालने की दलील दी जाती है। आरोपी संत को 1 सितंबर 222 को भारी नाटक के बीच चित्रदुर्ग के मठ से गिरफ्तार किया गया था और तब से वह जेल में बंद है।

### स्वच्छता अभियान पखवाड़े में शामिल हुए 32 करोड़ लोग

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि देश में 15 से 29 सितम्बर के बीच देशभर में स्वच्छता आंदोलन चलाया गया जिसमें 32 करोड़ लोगों ने हिस्सेदारी की और यह अभियान 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' जन आंदोलन बनकर उभरा। जलशक्ति मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस पखवाड़े में दैनिक आधार पर 2.3 करोड़ लोगों ने भागीदारी की और कुल 32 करोड़ से अधिक लोग राष्ट्रव्यापी अभियान में शामिल हुए। इस दौरान 15 करोड़ नागरिकों ने श्रमदान में भाग लिया और 3.68 लाख लोगों ने 'स्वच्छ भारत गतिविधियों में योगदान दिया।

## फर्जी वोटिंग पर विपक्षी दलों को सोचने की जरूरत : दिग्विजय



**धर्म के आधार पर देश को विभाजित करने वाली ताकतों और आरएसएस जनसंघ की विचारधारा को हराने की आवश्यकता है लेकिन फर्जी वोटिंग का जो मैकेनिज्म उन्होंने तैयार किया है उसे तोड़ने की जरूरत है:- दिग्विजय सिंह**

**नई दिल्ली,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने फर्जी वोटिंग को बड़ी चुनौती बताते हुए कहा है कि यह गंभीर मामला है और जो भी राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी से लड़ना चाहते हैं उन्हें इस चुनौती को गंभीरता से लेना चाहिए।

श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां भाजपा को हराने के लिए छोटे दलों तथा सामाजिक संगठनों के राष्ट्रीय अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश के सांवधान और लोकतंत्र को बचाने की जरूरत है। धर्म के आधार पर देश को विभाजित करने वाली ताकतों और आरएसएस जनसंघ की विचारधारा को हराने की आवश्यकता है लेकिन फर्जी वोटिंग का जो मैकेनिज्म उन्होंने तैयार किया है उसे तोड़ने की जरूरत है तथा यदि इस मैकेनीज्म को मिलकर खत्म किया जाता है तो 2024 के चुनाव में भाजपा को हराना आसान हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इंडिया गठबंधन की लड़ाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं है बल्कि गठबंधन उस सोच और उस विचारधारा के खिलाफ खड़ा है जो समाज तथा देश को बांटने की कोशिश करता है। उन्होंने कहा कि इसी सोच की परिणति भाजपा है और जो भी राजनीतिक दल भाजपा के खिलाफ लड़ना चाहता है उसे मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़ने के भाजपा के तंत्र से सावधान रहने की जरूरत है और इस तंत्र को मिलकर समाप्त करने के लिए काम करने की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता से जब पूछा गया कि क्या वह मतदान पत्र के जरिए मतदान करवाने के पक्षधर हैं तो श्री सिंह ने कहा कि वह मतदान पत्र के जरिए मतदान कराने के नहीं बल्कि वह वोटिंग में वीवीपैड को अनिवार्य कराने के पक्ष में ताकि फर्जी मतदान को रोका जा सके।

### आंध्र प्रदेश सीएम ने कहा, सरकार घोटालेबाजों से युद्ध कर रही

**विजयवाड़ा,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने शुक्रवार को विभिन्न घोटालों में कथित संलिप्तता को लेकर विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) नेताओं की आलोचना की। सीएम ने कहा कि उनकी सरकार घोटालेबाजों के साथ युद्ध लड़ रही है। सीएम ने कहा कि यह बिना किसी पक्षपात के कल्याणकारी योजनाएं लागू करने वाली सरकार और अपने शासनकाल के दौरान कौशल विकास घोटाला, इनर रिंग रोड घोटाला, फाइबर ग्रिड घोटाला और आवंटित भूमि घोटाला करने वाले विपक्ष के बीच की लड़ाई है। सीएम जगन मोहन रेड्डी ने टिप्पणी की कि यह उस सरकार के बीच लड़ाई है, जिसने कमजोर वर्गों को 30,76,000 गृह स्थल पट्टे दिए और विपक्षी दल जिसने इसका विरोध किया और जनसांख्यिकीय असंतुलन का हवाला देते हुए अदालतों का रुख किया। सीएम ने इसे गरीब समर्थक सरकार, पूंजीपतियों के बीच युद्ध और सत्तारूढ़ दल के बीच युद्ध बताया जो चाहता है कि कल्याणकारी योजनाएं जारी रहें और विपक्ष जो चुनाव के बाद लोगों को धोखा देना चाहता है।

## हाई कोर्ट ने बंगाल स्कूल भर्ती घोटाले की जांच का नेतृत्व कर रहे ईडी अधिकारी को तत्काल बदलने का आदेश दिया



**कोलकाता,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती घोटाले की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम के प्रमुख सहायक निदेशक मिथिलेश कुमार मिश्रा को तत्काल बदलने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने ईडी निदेशक को 3 अक्टूबर तक प्रतिस्थापन सुनिश्चित करने के लिए भी कहा। उसी दिन ईडी ने तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को एजेंसी के साल्ट लेक कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया है। हालांकि, बनर्जी ने शुक्रवार सुबह कहा कि वह ईडी कार्यालय में नहीं जायेंगे। जस्टिस सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि मिश्रा को पश्चिम बंगाल में किसी भी मनी लॉन्ड्रिंग मामले की किसी भी तरह की जांच का काम नहीं सौंपा जा सकता है। शुक्रवार को, वरिष्ठ अधिवक्ता और माकपा के राज्यसभा सदस्य बिकास रंजन भट्टाचार्य ने नई दिल्ली में राजनीतिक व्यस्तताओं के कारण 3 अक्टूबर को ईडी के समन पर अभिषेक बनर्जी के उपस्थित नहीं होने की सूचना अदालत को दी। इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने ईडी को निर्देश दिया कि उनकी निर्धारित जांच प्रक्रिया किसी भी कीमत पर बाधित नहीं होनी चाहिए और जांच को आगे बढ़ाने के लिए केंद्रीय एजेंसी कानूनी प्रावधानों के अनुसार कोई भी कदम उठाने के लिए स्वतंत्र होगी।

### अभिषेक बनर्जी तीन अक्टूबर को ईडी के समक्ष नहीं होंगे पेश

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी के लोकसभा सदस्य अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार सुबह स्पष्ट कर दिया है कि वह नई दिल्ली में एक पार्टी कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण तीन अक्टूबर को पश्चिम बंगाल में स्कूल में नौकरी के लिए करोड़ों रुपये के नकद मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कोलकाता कार्यालय में मौजूद नहीं रहेंगे। यह संदेश खुद बनर्जी ने शुक्रवार सुबह अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, डब्ल्यूबी और उसके उचित बकाया से वंचित होने के खिलाफ लड़ाई बाधाओं के बावजूद जारी रहेगी। विश्व की कोई भी ताकत पश्चिम बंगाल के लोगों और उनके मौलिक अधिकारों के लिए लड़ने के मेरे समर्पण में बाधा नहीं बन सकती।

### मणिपुर में अवैध प्रवासियों के बायोमेट्रिक विवरण का संग्रह मार्च तक पूरा हो: गृह मंत्रालय

**इम्फाल,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मणिपुर सरकार से अगले साल मार्च तक राज्य में अवैध प्रवासियों, जिनमें ज्यादातर म्यांमार के नागरिक हैं, की जीवनी और बायोमेट्रिक विवरण हासिल करने की प्रक्रिया पूरी करने को कहा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। मणिपुर गृह विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने मणिपु में रहने वाले म्यांमार के लोगों के लिए बायोमेट्रिक प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। उसने हाल ही में गृह मंत्रालय से इसके लिए समय एक साल बढ़ाने का अनुरोध किया है। गृह मंत्रालय के निदेशक (विदेशी) सुरेंद्र कुमार ने मणिपुर के मुख्य सचिव विनीत जोशी को लिखे पत्र में कहा कि मंत्रालय ने मणिपुर सरकार के अनुरोध पर विचार किया है। समय अवधि को 31 मार्च 2024 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। तदनुसार, मणिपुर की राज्य सरकार से संशोधित समय अवधि के भीतर काम को पूरा करने के लिए आवश्यक उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। मणिपुर सरकार ने जुलाई से जीवनी और बायोमेट्रिक विवरण एकत्र करना शुरू कर दिया है और एमएचए द्वारा प्रतिनियुक्त राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक टीम ने इंफाल पूर्वी जिले के सजीवा में विदेशियों के डिटेंशन सेंटर में राज्य सरकार की सहायता की है। पड़ोसी देश में जुलाई में सेना और नागरिक बलों के बीच चल रही झड़पों के बाद 301 बच्चों और 208 महिलाओं सहित लगभग 720 और म्यांमारी नागरिकों ने मणिपुर के चंदेल जिले में प्रवेश किया था। म्यांमार के नागरिक अब चंदेल में भारत-म्यांमार सीमा के पास सात गांवों - लाजांग, बोन्से, न्यू समताल, न्यू लाजंग, यांग्नोम्फाई, यांग्नोम्फाई सॉ मिल और ऐवोमजंग - में रह रहे हैं। इनके अलावा फरवरी 2021 में सैन्य तख्तापलट के बाद कई हजार म्यांमार नागरिकों ने मणिपुर में शरण ली थी।

## पीएम मोदी 1 अक्टूबर को तेलंगाना में 13,500 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शुभारंभ



**हैदराबाद,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 अक्टूबर को राज्य की अपनी यात्रा के दौरान तेलंगाना में 13,500 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री दोपहर करीब 2:15 बजे महबूबनगर पहुंचेंगे और एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करेंगे, जहां वह सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों की विभिन्न परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए एक ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे। वह वारंगल से खम्मम खंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग-163जी के 108 किमी लंबे चार लेन एक्सेस नियंत्रित नये राजमार्ग और 90 किलोमीटर लंबे खम्मम से विजयवाड़ा खंड की आधारशिला रखेंगे। इन सड़क परियोजनाओं को कुल लगभग 6,400 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, परियोजनाओं से वारंगल तथा खम्मम के बीच यात्रा की दूरी लगभग 14 किमी और खम्मम तथा विजयवाड़ा के बीच लगभग 27 कि.मी. कम हो जाएगी। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजमार्ग 365बीबी पर सूर्यापेट से खम्मम तक 59 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजना राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे।

### मोदी आज पिछड़े प्रखंडों के लिए 'संकल्प सप्ताह' का शुभारंभ करेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को सुबह 10 बजे यहां भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए सप्ताह भर चलने वाले विशिष्ट कार्यक्रम 'संकल्प सप्ताह' का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 'संकल्प सप्ताह' आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के प्रभावी कार्यान्वयन से जुड़ा है। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम इसी वर्ष सात जनवरी को श्री मोदी द्वारा शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए ब्लॉक स्तर पर संचालन व्यवस्था में सुधार करना है। इसे देश के 329 जिलों के 500 आकांक्षी ब्लॉकों में लागू किया जा रहा है। आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम को लागू करने तथा एक प्रभावी ब्लॉक विकास रणनीति तैयार करने के लिए देश भर में गांव और ब्लॉक स्तर पर चिंतन शिविर आयोजित किए गए। 'संकल्प सप्ताह' इन्हीं चिंतन शिविरों की परिणति है।

### गुजराती समाज से मराठी महिला को नहीं मिला दुकान, राज ठाकरे ने कहा, 'उन्हें लात मारो'

**मुंबई,** 29 सितम्बर (एजेंसियां)। उत्तर-पूर्व मुंबई में एक गुजराती बहुल इमारत में कथित तौर पर एक महिला को दुकान देने से मना करने के मामले ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे ने शुक्रवार को घटना पर गंभीर रुख अपनाया। पीड़िता तृप्ति देवरुखकर-एकबोटे ने मुलुंड उपनगर में शिव सदन सोसाइटी में राज ठाकरे, उनकी पत्नी शर्मिला और पार्टी के अन्य नेताओं को अपनी आपबीती बताने के लिए बुलाया। राज ठाकरे ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से आह्वान किया, 'जब भी किसी मराठी के साथ कहीं भी कुछ गलत होता है, तो उसे मनसे की याद आती है, ऐसा ही होना चाहिए। इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आप हमारे लोगों के साथ अन्याय होते देखते हैं, तो आपको उन्हें लात मारनी चाहिए।' तृप्ति को प्रभावित करने वाली बुधवार की मुलुंड घटना का जिक्र करते हुए राज ठाकरे ने कहा, जब मेरे मनसे के सैनिकों ने हमारी शैली में हस्तक्षेप किया, तो भवन सचिव ने माफी मांगी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर मुंबई या राज्य में कहीं और ऐसा कुछ दोहराया गया तो इसके परिणाम भुगतने होंगे और उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से आह्वान किया कि उसे अपनी ताकत भी दिखानी चाहिए।



**राजनीति** *बिहार में अचानक सियासी मुलाकात तेज, निकाले जाने लगे मायने*

# लालू प्रसाद मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए और नीतीश कुमार से मुलाकात की

**पटना, 29 सितम्बर (एजेंसियां)। आम तौर पर चुनाव के एक - दो महीने पहले गठबंधन के नेताओं की मुलाकात का सिलसिला तेज होता है। अगले साल संभावित लोकसभा चुनाव में अभी काफी वक्त है, ऐसे में नेताओं के बीच तेज हुए मुलाकात को लेकर मायने निकाले जाने लगे हैं। हाल के दिनों में देखे तो रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राबड़ी आवास पहुंचे थे, हालांकि इस दिन राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात नहीं हो सकी थी।**

इसके एक दिन के बाद नीतीश कुमार फिर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी आवास पहुंच गए। इस दिन लालू प्रसाद से उनकी मुलाकात हुई और दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान, आम तौर पर देखा जाए तो नीतीश कुमार राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिलने पहुंचते रहे हैं लेकिन गुरुवार को लालू प्रसाद अचानक मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए और नीतीश कुमार से मुलाकात की।

इस दिन भी दोनों नेताओं की अकेले में 30 से 35 मिनट तक बातचीत हुई। इन मुलाकातों के बाद लालू प्रसाद की पार्टी राजद के नेताओं ने शुक्रवार को नीतीश कुमार को पीएम उम्मीदवार के लिए सबसे योग्य बताकर सियासत को गर्म कर दिया। इस बीच, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने बुधवार को राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ लड़ाई तेज करने को लेकर चर्चा की।

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया में शामिल दलों के नेताओं के तेजी से हुई इन मुलाकातों को लेकर अब मायने निकाले जाने लगे हैं। कहा जा रहा है कि गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर तस्वीर साफ नहीं होने के कारण सभी दल पेशोपेश हैं। सूत्रों का मानना है कि सभी दल चाहते हैं कि सीटों का बंटवारा हो जाए।



- **दोनों नेताओं की अकेले में 30 से 35 मिनट तक बातचीत हुई**
- **गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर तस्वीर साफ नहीं होने के कारण सभी दल पेशोपेश**

### राजद ने की मांग, अगला पीएम बिहार से हो, नीतीश सबसे योग्य

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के छोटे से बड़े नेता समय - समय पर नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार बताते रहे हैं। इस बीच, अब राजद ने भी इसकी वकालत की है। राजद के विधायक और प्रवक्ता भाई वीरेंद्र ने शुक्रवार को कहा कि अगला प्रधानमंत्री बिहार से होना चाहिए और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसके सबसे योग्य हैं। उन्होंने कहा कि उनमें प्रधानमंत्री बनने के सारे गुण हैं।




प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 डाक पंजीयन 112–002/2002 सी जी फोन– 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188